प.पू.युगश्रेष्ठ, तर्क शिरोमणि, महातपोनिधि, 'तपस्वी सम्राट'
आचार्यश्री सन्मतिसागरजी महाराज

अमर भारती

एक उम्मीद

04 प्रदेश, 06 संस्करण

गुरूग्राम, वर्षः 11, अंकः 254, पृष्ठः 12, मूल्यः 03 रु. RNI No. HARHIN/2013/61478 www.amarbharti.com मंगलवार, 10 सितम्बर 2024 शक सम्वत् 1946, भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम सम्वत् 2081

कवि कोना
-सुनहरी लाल 'तुरन्त'
बेदर्द कुशीनगर, उत्तर प्रदेश

ये न समझना टूक ज़िगर का लाड़-प्यार में बेच दिया।
पत्नी के इलाज के चलते ही बज़ार में बेच दिया।
मज़बूरी थी अस्पताल के चार हज़ार चुकाने थे ।।
एक पिता ने दिल का टुकड़ा कुछ हज़ार में बेच दिया।

भारत-यूएई की कंपनियों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में चार समझौतों पर हस्ताक्षर

- मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच एक समझौता चार समझौतों में शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की।

जयशंकर ने खाड़ी देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

रियाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं जिस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर और कुवैत शामिल हैं। जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 2022-23 में 184.46 अरब डॉलर रहा। जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से अच्छी मुलाकात के साथ दिन की शुरुआत की। भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर उनके दृष्टिकोण तथा आकलन की सराहना करता हूं।'' जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की।

भारत में कुशल लोगों की उपेक्षा : राहुल

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास राज्य के डलास में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने महाभारत के एकलव्य की पौराणिक कथा का जिक्र भी किया जिसने अपने गुरु के कहने पर अपना अंगूठा काटकर उन्हें दे दिया था।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है बल्कि वहां कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट पर राहुल गांधी के हवाले से पोस्ट किया गया, ''क्या आपने एकलव्य की कहानी सुनी है? भारत में जो कुछ हो रहा है, अगर आप इसे समझना चाहते हैं तो यहां लाखों, करोड़ों एकलव्य की कहानियां आए दिन सामने आ रही हैं। कौशल वाले लोगों को दरकिनार किया जा रहा है, उन्हें काम करने या आगे बढ़ने नहीं दिया जा रहा है और यह हर जगह हो रहा है।'' महाभारत में युद्ध लड़ने की कला में निपुण गुरु द्रोणाचार्य से जब आदिवासी

समुदाय से आने वाले एकलव्य ने धनुर्विद्या सीखने की इच्छा प्रकट की तो उन्होंने उससे उसका दाहिना अंगूठा मांग लिया।

गांधी ने कहा, ''कई लोग कहते हैं कि भारत में कौशल की समस्या है। मुझे नहीं लगता कि भारत में कौशल की कोई समस्या है। मुझे लगता है कि... भारत में कौशल रखने वाले लोगों के लिए सम्मान नहीं है।'' अपने संबोधन में गांधी ने कहा कि कौशल का सम्मान करके तथा कुशल लोगों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान कर भारत की क्षमता को उभारा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''आप सिर्फ आबादी के एक-दो प्रतिशत लोगों को सशक्त बनाकर भारत की क्षमता में इजाफा नहीं कर सकते हैं।''

राहुल का बयान भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा': भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी ताजा टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेश में अपनी टिप्पणियों से भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''हर कोई जानता है कि राहुल गांधी एक अपरिपक्व और पार्ट-टाइम (अंशकालिक) नेता हैं। लेकिन जब से वह (लोकसभा में) विपक्ष के नेता बने हैं, तब से लोगों ने उनके कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी डाल दी है।'' भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा हैं।

सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव के बाद हिंसा, 34 हिरासत में

अमर भारती संवाददाता

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में गणेश उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों द्वारा एक पंडाल पर कथित तौर पर पथराव किए जाने के कारण वहां स्थापित गणेश मूर्ति खंडित हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और कुछ पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात सैयदपुरा में घटी इस घटना के सिलसिले में छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया था, जिसके बाद करीब 300 लोगों ने अपने समुदाय के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई का विरोध करते हुए लालगेट थाने का घेराव किया। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने संवाददाताओं से कहा कि दो तरफ से

पथराव हुआ, जिसमें पुलिस कर्मियों सहित कुछ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने क्षेत्र में खड़े दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया और दो अन्य में तोड़फोड़ की। गहलोत ने कहा कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटना के सिलसिले में अभी तक तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30एमकेआई विमान के इंजन के लिए 26,000 करोड़ का अनुबंध किया

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपये का समझौता सोमवार को किया।

एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना की जरूरत को पूरा करेगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 'आत्मनिर्भर भारत' पहल को बढ़ावा देते हुए, रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240

एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा गया है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपये का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

अनुबंध के तहत आपूर्ति कार्यक्रम के मुताबिक, एचएएल प्रति वर्ष 30 एयरो इंजन की आपूर्ति करेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सभी 240 इंजनों की आपूर्ति अगले आठ वर्षों में पूरी हो जाएगी। बयान में कहा गया है, इंजनों के विनिर्माण के दौरान, एचएएल देश के रक्षा विनिर्माण परितंत्र से सहायता लेने की योजना बना रहा है, जिसमें एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) और सार्वजनिक एवं निजी उद्योग शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, आपूर्ति कार्यक्रम के अंत तक एचएएल स्वदेशीकरण सामग्री को 63 प्रतिशत तक बढ़ा देगा, जिससे इसका औसत 54 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। उसने कहा कि इससे एयरो इंजन के मरम्मत कार्यों में स्वदेशी सामग्री को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

शीर्ष अदालत ने उप्र में 69 हजार सहायक शिक्षकों की नयी चयन सूची तैयार करने के आदेश पर लगाई रोक

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नयी चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद्द करने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे। उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित 'नोट' दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह

याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी। उप्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। उच्च न्यायालय ने अगस्त में, राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय की एक खंड पीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था।

आपः हरियाणा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की घोषणा

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस के साथ गठबंधन पर असमंजस को खत्म करते हुए सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया और 20 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। यह निर्णय आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर बातचीत लंबे समय तक जारी रहने तथा 12 सितंबर को चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि के मद्देनजर लिया गया है। राज्य में मतदान पांच अक्टूबर को होगा। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन के मुद्दे पर आप की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा, ''मैं साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि हम पहले दिन से ही सभी 90 सीट के लिए तैयारी कर रहे हैं। चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। इसलिए अब इंतजार खत्म हुआ।'' उन्होंने कहा कि हरियाणा में आप एक मजबूत विकल्प है और पार्टी के उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी हरियाणा में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी।

हिमालय संरक्षण के लिए गठित होगी विशेष कमेटीः धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में हिमालय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किया प्रतिभाग
- हिमालय,जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर करना होगा प्रयासः धामी

अमर भारती संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय दिवस के अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए महानिदेशक यूकॉस्ट दुर्गेश पंत के संयोजन में एक कमेटी बनाई जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने यूकॉस्ट द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय पांचवें देहरादून, अन्तरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फैस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव 06 जनपदों देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ स्थित इंजिनियरिंग कॉलेजों में किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं दी और हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे लोगों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर वर्ष 02 सितम्बर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। देहरादून में भी इस वर्ष तापमान में काफी वृद्धि हुई। अगर तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। हमें हिमालय, जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर प्रयास करने हैं, सोचना होगा कि अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में क्या देकर जा रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, विधायक उमेश शर्मा काऊ, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, प्रमुख वन संरक्षक डा. धनंजय मोहन, इसरो देहरादून के निदेशक आर.पी. सिंह, आई.आई.पी के निदेशक हरेन्द्र बिष्ट एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमने तमाम आपदाएं देश-दुनिया मे देखी हैं। इस बार भी हमारे प्रदेश में कई जगह आपदा आई। पिछले साल हमने आपदाओं पर वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन भी किया। 29 नवंबर 2023 को यह आयोजन हुआ था और उसी दिन सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था। उन्होंने कहा कि जब 17 दिन तक रेस्क्यू चल रहा था तो बहुत बार लगता था कि आज ब्रेक थ्रू होगा लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आती रही। दुनिया भर की तकनीक उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से हमें मिली और आखिरकार हम सभी को सकुशल बाहर निकालने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय दिवस का यह आयोजन केवल एक सप्ताह का कार्य नहीं होना चाहिए बल्कि प्रत्येक दिन हमें प्रकृति को बचाने का कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के महत्व को हमें नई तरह से समझने की जरूरत है। जल स्त्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्यूवनेशन अथॉरिटी का गठन किया गया है।

'अनलिमिटेड पोटेंशियल' का प्रदेश है यूपीः योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से किया शिलान्यास
- साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में किया प्रवेश

अमर भारती संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा में स्थापित हो रहे आइकिया स्टोर का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों का विश्वास अर्जित किया है। आइकिया इंडिया उन्हीं निवेशकों में से एक है। आइकिया इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के अंदर अब इन्वेस्टमेंट का ड्रीम डेटिनेशन बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश ने विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश किया है।

सीएम योगी ने कहा कि इंग्का सेंटर्स की इस नई परियोजना में आइकिया रिटेल स्टोर, होटल, ऑफिस स्पेस और शॉपिंग सेंटर खोला जाएगा। इसके माध्यम से 9 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, निवेश की नई संभावनाओं के विकास, स्किल डेवलपमेंट और परंपरागत उत्पादों के प्रोत्साहन में उत्तर प्रदेश ने अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं, आज उसके परिणाम हम सबके सामने है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना देश की अभिनव योजना बन गई है। साथ ही बेहतरीन कानून व्यवस्था से उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में देश में अग्रणी है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है, जो वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य है, जो तेजी के साथ भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रुप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश ने अपनी औद्योगिक विकास नीति बनाई थी, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम लोगों का मार्गदर्शन करते हुए कहा था कि इन्वेस्टमेंट को एम्प्लॉयमेंट के साथ जोड़ना चाहिए। आइकिया इंडिया के स्टोर का शिलान्यास उसी का परिणाम है।

यूपी में संभावनाओं का लाभ भारत व अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में

सीएम योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी और प्रतिभावान युवा आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर घटी है। 27 अलग-अलग सेक्टर की सेक्टोरियल पॉलिसी के साथ उत्तर प्रदेश भारत के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

संपादकीय

मोबाइल के सच-झूठ

वायरलेस फोन से निकलने वाला विकिरण, यानी रेडिएशन हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, इसकी चिंता तो मोबाइल फोन के आगमन से पहले ही आ गई थी। उस समय ही, जब कॉर्डलेस फोन इस्तेमाल होने लगे थे। मोबाइल फोन जब आए, तो यह कहने वाले कई मिल जाते थे कि इसे कमीज की सामने की बायीं जेब में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि वहां पीछे दिल होता है और मोबाइल का रेडिएशन आपको दिल का मरीज बना सकता है या आपके दिल की धड़कन को प्रभावित कर सकता है। 5जी फोन आया, तो यह चिंता मोबाइल फोन की डाटा स्पीड से भी ज्यादा बढ़ गई। बढ़नी भी थी। इसके पहले के मोबाइल फोन 0.7 से 2.7 गीगाहर्ट्ज पर काम करते थे, जबकि 5जी फोन 80 गीगाहर्ट्ज पर। कुछ लोगों ने तो यह आंकड़ा देखकर ही हाय-तौबा शुरू कर दी। हालांकि, वैज्ञानिक यह समझाते रह गए कि यह नॉन-आयनिक रेंज है और इसका खतरा एक्स-रे या कॉस्मिक-रे जैसा नहीं है। मगर चिंता करने वाले इतनी आसानी से कहां मानते हैं! इस बीच 5जी फोन की संख्या और उनका इस्तेमाल तेजी से बढ़ा और उन पर चलने वाले वाट्सएप जैसे माध्यमों में यह प्रचार भी बढ़ा कि कैसे दुनिया इसी फोन की वजह से ब्रेन कैंसर की चपेट में आती जा रही है। हद तो तब हो गई, जब एक समय यह कहा गया कि 5जी टावर की वजह से लोगों को कोविड हो रहा है। वैज्ञानिक इस सब पर सिर्फ लीपापोती ही नहीं कर रहे थे, वे चिंतित भी थे। दुनिया भर में इसके कई गंभीर अध्ययन हुए और अलग-अलग तरह के नतीजे सामने आए, पर चिंताएं और अफवाहें बदस्तूर जारी रहीं, बढ़ती रहीं।

वायरलेस फोन से निकलने वाला विकिरण, यानी रेडिएशन हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, इसकी चिंता तो मोबाइल फोन के आगमन से पहले ही आ गई थी। उस समय ही, जब कॉर्डलेस फोन इस्तेमाल होने लगे थे। मोबाइल...

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऐसे पांच हजार से भी ज्यादा अध्ययन जमा किए। सबको संजोया, उनका पूरे वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन किया। ठीक यहीं पर एक बात और समझ लेनी चाहिए कि कुछ दूसरे कैंसर की तरह ही हम ब्रेन कैंसर होने का कारण अभी भी ठीक से नहीं जानते। हमें नहीं पता कि कुछ लोगों को यह क्यों हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए यह अध्ययन करने वाले कैंसर वैज्ञानिक इस नतीजे पर पहुंचे कि मोबाइल फोन या उसके टावर से निकलने वाले विकिरण से कैंसर होने का या उसका जोखिम बढ़ जाने का खतरा है, इसके लिए दिए जाने वाले तर्क काफी कमजोर हैं। उनकी नजर में यह खतरा उस तरह का नहीं है, जितना कि इसे बताया जा रहा है।

अब जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी तरफ से इस चिंता पर विराम लगाने की कोशिश कर दी है, तो क्या यह मान लिया जाए कि यह विवाद अब खत्म हो जाएगा? इसको लेकर सोशल मीडिया पर चलने वाली हाय-तौबा अब सुनाई देनी बंद हो जाएगी? इसका जवाब देना काफी मुश्किल है, क्योंकि यह समस्या अब उस जगह पर पहुंच चुकी है, जहां न तो वैज्ञानिकों का कोई बस चलता है और न ऐसे अध्ययनों का। सोशल मीडिया के झूठ पर सच का प्रहार अक्सर बेअसर ही दिखाई देता है। हमने अतीत में भी देखा है कि लोगों ने बहुत मेहनत से सोशल मीडिया के झूठ का पर्दाफाश किया, पर वह झूठ अभी तक उसी तरह प्रचार-प्रसार में है। आपको उस पर यकीन करने वाले भी बहुत से मिल जाएंगे। ठीक यहीं पर एक बात और, विज्ञान अपने अध्ययन को लगातार जारी रखता है। उसे कभी लगा कि मोबाइल विकिरण से कोई खतरा है, तो आपको सबसे पहले यह बात विज्ञान ही बताएगा, सोशल मीडिया नहीं।

विश्लेषण

अमित शाह ने यूं ही नहीं कहा माओवादियों की समाप्ति वाली बात

आलोक वर्मा
प्रस्तुति-अमर भारती

कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रायपुर में माओवादियों के पूरी तरह से समाप्त हो जाने की बात यूं ही नहीं कही थी। इसके कई ठोस आधार हैं। एकतरफ जहां सुरक्षा बलों के चार हजार से ज्यादा लोग नक्सल को पूरी तरह से समाप्त करने में जुट गए हैं वहीं दूसरी तरफ माओवादी संगठन में आंतरिक कलह की स्थिति हो गई है। विभिन्न खुफिया और पुलिस सूत्रों की माने तो तेलगू कैडर विजय रेड्डी एवं उनके साथियों द्वारा राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन कमेटी के एसिएम विज्जा (निवासी दक्षिण बस्तर) को मार डाला गया। वर्ष-2024 में माओवादियों को लगातार हो रहे क्षति से बौखलाए हुये माओवादियों के संगठन में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति दिखाई दे रही है। पुलिस द्ने माओवादियों से आत्मसमर्पण कर अपने जान बचाने की अपील की गई है। वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत माओवादियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप 153 से अधिक माओवादियो के शव विभिन्न मुठभेड़ों के पश्चात सुरक्षा बलों द्वारा बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि विगत 08 महीनों में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा तेलंगाना राज्य के निवासी माओवादी कैडर डीकेएसजेडीसी सदस्य जोगन्ना, रंधीर, टीएससी सदस्य, सीआरसी कमाण्डर सागर, डीवीसीएम विनय उर्फ रवि जैसे शीर्ष माओवादी कैडर्स के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात बरामद की गई एवम् इस अवधि में महाराष्ट्र राज्य निवासी माओवादी कैडर एसीएम संगीता उर्फ सन्नी तथा उडीसा निवासी पीपीसीएम लक्ष्मी का भी शव मुठभेड़ के पश्चात बरामद किया गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में अन्य प्रांत के रहने वाले शीर्ष माओवादी कैडर्स का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारा जाना छत्तीसगढ़ में पहली बार हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा एक रणनीति के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान स्थानीय माओवादी कैडर्स को एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये बाहरी राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स द्वारा मौके का फायदा उठाकर अपनी जान बचाकर भाग जाते हैं। लेकिन हाल-फिलहाल में हुये मुठभेड़ों के दौरान बाहर राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स की यह रणनीति विफल होते हुये नजर आ रही है। पुलिस को विश्वनीय सूत्रो से मिल रही आसूचना से यह बात सामने आ रही है कि वर्ष 2024 में तेलंगाना/उड़ीसा/महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांत के सीनियर कैडर्स की हो रही दुर्गति को देखते हुये माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मच गई है, जिससे बाहर के माओवादी कैडर्स द्वारा स्थानीय माओवादी कैडर्स के ऊपर संदेह एवं शक करते हुये, उन्हे कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे माओवादी संगठन में विश्वासघात व विद्रोह की स्थिति निर्मित हो रही है। उपरोक्त परिस्थिति में दिनांक 06 सितम्बर, 2024 को जिला कांकेर के थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत मलमपेंटा जंगल में राजनांदगांव-कांकेर डिवीजन के एसीएम विज्जा मड़काम को उन्हीं के खुद के माओवादी संगठन के नेतेलगू कैडर नेता विजय रेड्डी के ईशारे पर माओवादियों ने संगठन के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाकर हत्या कर दिया गया। माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इन सभी अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये खुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झुठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि विगत दिनों माओवादी संगठन को बस्तर संभाग अंतर्गत दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ईलाका में भारी क्षति उठाना पड़ा है, जिसके कारण प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी संगठन अभी दिशा-विहीन एवं नेतृत्व विहीन हो चुका है। बाहरी प्रांत के शीर्ष माओवादी नेतृत्व विगत 30-40 वर्षा से स्थानीय माओवादी कैडर्स को सिर्फ एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये करोड़ों-अरबो रुपयों की लूट-खसोट की गई है। अब स्थानीय माओवादी कैडर्स के सामने बाहरी माओवादी कैडर्स बेनकाब होते जा रहे हैं, जिसके कारण से मावोवादियों में आपस में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति बढ़ते जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा यह भी बताया गया कि अब स्थानीय माओवादियों कैडर्स के पास हिंसा छोड़कर शासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं बचा है। बस्तर क्षेत्र के शांति, सुरक्षा एवं विकास के लिये यह उचित होगा की प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन कुछ शीर्ष कैडर तथा उनके गिने-चुने समर्थकों की साजिश/चंगुल से बाहर आकर माओवादी कैडर्स समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर सुरक्षित एवं विकसित बस्तर की भागीदारी बने।

उत्तम आर्जव धर्म अपनाने से दूर होती है मन की कुटिलता

डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव
प्रस्तुति-अमर भारती

'ऋजोर्भावः इति आर्जवः' अर्थात् आत्मा का स्वभाव ही सरल स्वभाव है इसलिए प्रत्येक प्राणी को सरल स्वभाव रखना चाहिए। आत्मा के स्वभाव को प्राप्त करने के लिए हमें मन-वचन-काय से पर पदार्थों से विरक्ति का भाव अपनाते हुए स्वयं में रत रहना होगा तभी हमारी आत्मा सरल स्वभाव को प्राप्त कर पाएगी। मन-वचन-काय पूर्वक कुटिलता का त्याग करना ही आर्जव धर्म है।

जैसे आईने में वही दिखाई देता है जो सामने है यदि अच्छा है तो अच्छा और यदि बुरा है तो बुरा। कितना भी आईना साफ कर लीजिए यदि स्वयं में दाग है तो वो दिखाई ही देगा और स्वयं का दाग हटाते ही पुनः अच्छा स्वरूप दिखाई देने लगेगा। ऐसे ही यदि जीवन के आईने में आत्मदर्शन करना चाहते हैं तो मायाचारी जैसी सभी बुराइयों को त्यागना होगा।

सहज-सरल व्यक्ति के जीवन में कुटिलता के लिए कोई स्थान नहीं होता है। वह अपने सहज-सरल जीवन की पोथी के एक-एक पन्ने में अध्यात्म, सुकून,आनंद के क्षण लिखता है। ऐसे व्यक्ति के जीवन में यदि कठिनाइयाँ भी आती हैं तो वो समताभाव धारण करके सहज ही उनको दूर कर देता है। जिसके मन में ऋजुता का भाव प्रकट होता है वह सुख और दुख दोनों ही परिस्थितियों में सहज रहता है। किन्तु कुटिल व्यक्ति सरलता के स्वभाव के ऊपर कुटिलता और मायाचारी का पर्दा लगा लेता है और अपने वास्तविक स्वभाव को पहचानना ही नहीं चाहता है।

कुटिल व्यक्ति की मनः स्थिति बहुत विचित्र होती है वह कोई भी कार्य सहजता से नहीं करता। मन सहज और सरल न होने से वह दूसरों पर और स्वयं पर अविश्वास करके सभी कार्यों में विघ्न उत्पन्न करता है। कहा भी गया है कि - 'माया तिर्यग्योनस्य' अर्थात् मायाचारी से तिर्यञ्चगति का बंध होता है। क्या ? ऐसी कुटिलता के साथ मनुष्य जीवन को निरर्थक करना समझदारी है ? इस बारे में ज़रा सोचकर देखिए और यदि मन का उत्तर नकारात्मक आए तो समझ लीजिए कि अब वो समय आ गया है जब आपको कुटिलता का बाहरी आवरण छोड़कर, जीवन की स्वाभाविक सरलता को प्रकट करना। मायाचारी व्यक्ति कभी भी धर्म को धारण नहीं कर सकता। धर्म को मन में स्थापित करने के लिए उसे छल-कपट, दिखावा आदि सभी बुराइयों को त्यागना होगा।

कविवर द्यानतराय जी लिखते हैं कि -

कपट न कीजे कोय, चोरन के पुर ना बसें।
सरल-सुभावी होय, ताके घर बहु-संपदा।।

कहने का भाव है कि किसी को भी छल-कपट कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि चोरों के गांव कभी नहीं बसते अर्थात् धन-सम्पत्ति चोरों के यहां नहीं होती वे हमेशा निर्धन ही होते हैं। किन्तु जो जीव सरल स्वभावी होते हैं, उनके घर में संपदा की अपने आप वृद्धि होती है।

अतः छल, कपट, मायाचारी, ढोंग, बनावट एवं कृत्रिमता आदि को अपने जीवन से निकालने का प्रयास कीजिए और इन सभी से रहित जीवन आचरण में उत्तम आर्जव धर्म को प्रकट कीजिए तभी हमारे जीवन की सार्थकता है। हम कह सकते हैं कि आर्जव धर्म जीवन की पोथी को सहज और सरल तरीके से पढ़ना-लिखना-समझना सिखाता है जिससे हम धर्म के सोपान पर अपना क़दम मज़बूती से रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं।

कहा भी गया है कि -

बुद्धि तेरी बड़ी विलक्षण ,
बात समझता सबके मन की।
पर उल्टी सीधी बात मानकर,
खाल खींचता भोले जन की।।
जीवन सुख को चाहने वाला,
छल प्रपंच से रहता दूर ।
तन,मन,बुद्धि शुभ के अर्पण,
सुख प्रदान करती भरपूर।।
(जाप मंत्र -ऊँ ह्रीं उत्तम आर्जव धर्मांगाय नमः)

जीवन में छल -कपट और ठगने की प्रवत्ति बड़ी विकृति है

डॉ सुनील जैन संचय
प्रस्तुति-अमर भारती



दसलक्षण महापर्व में तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म को समझने, जीवन में उतारने का है। 'योगस्यावक्रता आर्जवम' । मन–वचन–काय की सरलता का नाम आर्जव है।अर्थात् सरलता का भाव आर्जव है। अर्थात् ऐसा धर्म जो मन को स्थिर करने वाला है, पाप को नष्ट करने वाला है और सुख का उत्पादक है। जैसा अपने मन में विचार किया जाये, वैसा ही दूसरों से कहा जाये और वैसा ही कार्य किया जाये।

आर्जव धर्म मन को सुमेरु पर्वत की भांति अडिग दृढ़, मजबूत बनाता है। मायाचारी तभी की जाती है जब किसी के चंगुल से छूटना हो या किसी को चंगुल में फसाना हो, मायाचारी करने बाला नियम से तिर्यचगति में जाता है । यहां की थोड़ी सी मायाचारी तिर्यचगति में अनंत दुखों को प्राप्त कराती है इसलिए मायाचारी छोड़ मन में सरलता को धारण करो ताकि जीवन का उद्धार हो सके। मन, वचन ,काय की सरलता हमे सीधे मोक्ष ले जाती है। छल कपट से मनुष्य का जीवन दुःखमय हो जाता है। जीवन में सुख और शांति चाहने वाले प्राणी को सदैव जीवन को छल कपट, द्वेष आदि विकारों से रहित रखना चाहिए। जैसा अपने मन में विचार किया जाये, वैसा ही दूसरों से कहा जाये और वैसा ही कार्य किया जाये। इस प्रकार से मन–वचन–काय की सरल प्रवृत्ति का नाम ही आर्जव है।

मन से माया शल्य को निकाल दो और पवित्र आर्जव धर्म का विचार करो। क्योंकि मायावी पुरुष के व्रत और तप सब निरर्थक हैं। यह आर्जव भाव ही मोक्षपुरी का सीधा उत्तम मार्ग है। जहाँ पर कुटिल परिणाम का त्याग कर दिया जाता है वहीं पर आर्जव धर्म प्रगट होता है। यह अखण्ड दर्शन और ज्ञानस्वरूप है तथा परम अतींद्रिय सुख का पिटारा है।

आत्मविश्वास, आत्मविश्वास से निडरता, निडरता से दृढ़ता व संकल्पशक्ति, संकल्प से कार्य करने की निरंतरता, कार्य की निरंतरता से निश्चित सफलता मिलती है। हम कह सकते हैं कि सरलता से सफलता आर्जव धर्म का परिणाम है। जो साधना सरलता पैदा करती है, वही सच्चे अर्थ में साधना है। साधना से पैदा हुई सरलता स्थाई होती है। जो सरल है, वही संत है।

क्रोध गया, मान गया अब मायाचारी होने से बचने के संकल्प की बारी है। ऋतुजा का भाव भी आर्जव है। जीवन में छल कपट बड़ी विकृति है, जो दूसरों को छलता है, उसके सीने में छाले पड़ जाते हैं। जीवन में भीतर-बाहर से सरलता रखिए। मायाचारी और छलकपट व्यक्ति का कभी कल्याण नहीं हो सकता। छल-कपट करने वाले का चित्त हमेशा अशांत रहता है। इसके विपरीत जो सरल मन के हैं, वे निश्चित रहते हैं। उनकी साधना भी सरलता उत्पन्न करती है। जो साधना सरलता पैदा करती है, वही सच्चे अर्थ में साधना है। साधना से पैदा हुई सरलता स्थाई होती है।

संसार से उदासीन रहो, लेकिन उदास नहीं। छल-कपट से जीवन बर्बाद हो जाता है। कपटी पर कोई विश्वास नहीं करता। जीवन में संपूर्ण संपदा और सब कुछ खत्म हो जाए तो चिंता नहीं बस विश्वास को सहेज कर रखिए।

जितने सरल हम अपने जीवन में होते जाएंगे, उतने ही हम ईश्वरत्व के समीप होते जाएंगे। कोई भी व्यक्ति परमात्मा का भक्त तब तक नहीं हो सकता, जब तक उसमें मायाचार का अंश भी विद्यमान है।

मायाचारी अपने कपट व्यवहार को कितना ही छिपाए, देर-सबेर वह प्रकट होता ही है। इसीलिए कहा गया है - नहीं छिपाए से छिपे, माया ऐसी आग, रुई लपेटी आग को, ढांके नहीं वैराग। आज का मानव बहुरूपिया है। उसका स्वभाव जटिलताओं का केंद्र बन गया है। रिश्तेदारों के साथ, अतिथियों , मित्रों तथा अड़ोस-पड़ोस में बसने वालों के साथ -हर किसी के साथ और हर स्थान पर वह छल से पेश आता है। यहां तक कि भगवान के आगे भी वह अपनी मायाचारी बुद्धि का कमाल दिखाए बगैर नहीं रहता। विडम्बना तो देखिए मायाचारी के दुष्परिणाम को जानने वाले, जैनदर्शन को जानने और समझने वाले भी आज मायाचारी, फरेब करने से नहीं चूकते और दूसरे को ठगने की भरपूर कोशिश करते रहते हैं और बाहर बहुत ही अच्छे देव-शास्त्र-गुरु के भक्त होने का ढोंग करते रहते हैं। अपने मायावी जाल में फसाने के लिए वह न जाने कितने जतन करते हैं , सामने वाले को नीचा दिखाने खुद को ईमानदार दिखाने की पूरी कोशिश करते हैं। ऐसे पढ़े-लिखे मूर्खों के लिए समाज में एक मानसिक काउंसलिंग केन्द्र भी खोला जाना चाहिए जो ताकि ऐसे लोगों की बुद्धि-शुद्धि हो सके। मायाचारी, ठगने वाले कुछ दिन जरूर खुश हो सकते हैं लेकिन जब ऊपर वाले की लाठी चलती है तो दिखाई जरूर नहीं देती लेकिन उसके दुष्परिणामों की सजा जरूर देती है।

छल कपट से मनुष्य का जीवन दुःखमय हो जाता है। जीवन में सुख और शांति चाहने वाले प्राणी को सदैव जीवन को छल कपट, ईर्ष्या, द्वेष आदि विकारों से रहित रखना चाहिए।

सभी को सरल स्वभाव रखना चाहिए, कपट को त्याग करना चाहिए। कपट के भ्रम में जीना दुखी होने का मूल कारण है ।

कपट न कीजे कोय, चोरन के पुर ना बसें।
सरल-सुभावी होय, ताके घर बहु-संपदा।।

कविवर द्यानतराय जी दसलक्षण धर्म की पूजन में लिखते हैं-

उत्तम आर्जव-रीति बखानी, रंचक दगा बहुत दुःखदानी।
मन में हो सो वचन उचरिये, वचन होय सो तन सों करिये।।
कपट न कीजे कोय, चोरन के पुर ना बसें।
सरल-सुभावी होय, ताके घर बहु-संपदा।।
उत्तम आर्जव-रीति बखानी, रंचक दगा बहुत दुःखदानी।
मन में हो सो वचन उचरिये, वचन होय सो तन सों करिये।।

हरियाणा में त्याग के बदले सपा कांग्रेस से क्या -क्या चाहती है ?

अशोक भाटिया
प्रस्तुति-अमर भारती

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का बड़ा बयान सामने आया है। दरअसल अभी तक सुगबुगाहट थी कि हरियाणा में इंडी गठबंधन के तहत सपा 17 सीटों की मांग कर रही है। माना जा रहा था कि इस बंटवारे का सीधा असर इसके बाद होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के उपचुनाव के सीट बंटवारे पर भी पड़ेगा। उपचुनाव के लिए कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व 5 सीटों पर दावेदारी कर रहा है। लेकिन शुक्रवार को अखिलेश यादव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में साफ कर दिया कि हम हरियाणा के हित के लिए किसी भी तरह के त्याग के लिए तैयार हैं। बात सीट की नहीं जीत की है। यानी जो जहां से मजबूत होगा, उसे इंडी गठबंधन का दूसरा दल समर्थन देगा। दरअसल लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतने के बाद से अखिलेश यादव राष्ट्रीय फलक पर सपा को पहचान दिलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसके लिए वो पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। हरियाणा की सपा प्रदेश इकाई ने 17 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया था। सपा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र भाटी ने अखिलेश यादव को 17 सीटों का ब्यौरा भी भेज दिया था। जुलाना, सोहना, बावल, बेरी, चरखी-दादरी और बल्लभगढ़ जैसी सीट पर सपा की नजर थी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की कोशिश हरियाणा में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की थी । इसके लिए कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के साथ सीटों को लेकर उनकी बातचीत भी चल रही थी। हालांकि, कांग्रेस एक सीट से ज्यादा सपा को देने के पक्ष में नहीं थी। ऐसे में अखिलेश ने हरियाणा चुनाव लड़ने से पीछे हट गए हैं। ट्वीट करके कहा कि हमारे या इंडिया गठबंधन के किसी भी घटक दल के लिए, यह समय अपनी राजनीतिक संभावना तलाशने का नहीं, बल्कि त्याग और बलिदान देने का है। हरियाणा के हित में सपा बड़े दिल से हर त्याग के लिए तैयार हैं। बीजेपी को हराने में इंडिया गठबंधन के साथ अपने संगठन और समर्थकों की शक्ति को जोड़ देंगे। उन्होंने आगे लिखा है कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने हरियाणा के विकास को बीसों साल पीछे ढकेल दिया है। हम मानते हैं कि हमारे या इंडिया एलायंस के किसी भी दल के लिए, ये समय अपनी राजनीतिक संभावना तलाशने का नहीं है बल्कि त्याग और बलिदान का है। जनहित के परमार्थ मार्ग पर स्वार्थ के लिए कोई जगह नहीं होती। कुटिल और स्वार्थी लोग कभी भी इतिहास में अपना नाम दर्ज नहीं करा सकते हैं। ऐसे लोगों की राजनीति को हराने के लिए ये क्षण, अपने से ऊपर उठने का ऐतिहासिक अवसर है। हम हरियाणा के हित के लिए बड़े दिल से, हर त्याग-परित्याग के लिए तैयार हैं। इंडिया एलायंस की पुकार, जनहित में हो बदलाव!

अखिलेश ने हरियाणा चुनाव से अपने कदम पीछे खींचकर कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए पूरा मैदान दे दिया है। मध्य प्रदेश के 2023 चुनाव में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग पर बात न बनने के बाद सपा ने 71 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए थे। अब हरियाणा में समझौते से पहले ही सपा विधानसभा चुनाव लड़ने से सिर्फ पीछे ही नहीं हटी बल्कि कांग्रेस को पूरा समर्थन करने का भी भरोसा दिया है। सपा प्रमुख ने हरियाणा में जिस तरह त्याग दिखाया है, क्या कांग्रेस यूपी में बड़ा दिल दिखा पाएगी और महाराष्ट्र में सम्मानजनक सीट देगी?

उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि कांग्रेस उपचुनाव में 10 में 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसे लेकर जब अखिलेश यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 50-50 तो बिस्किट आता है। सपा की कोशिश अपनी पांच विधानसभा सीटों पर जीत को बरकरार रखने के साथ एनडीए पाले वाली पांच विधानसभा सीटों पर कब्जा जमाने की है। ऐसे में अखिलेश कांग्रेस को उपचुनाव में एक से दो सीटें ही देने के मूड में है।

2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में छह सीटें जीतने के बाद से कांग्रेस के हौसले बुलंद है। इसके चलते ही कांग्रेस को यूपी की सियासत में दोबारा से खड़े होने की उम्मीद दिखने लगी है। इसके लिए वह 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने लिए बड़ा अवसर तलाश रही है। राहुल गांधी लगातार यूपी के दौरे कर रहे है। ऐसे में कांग्रेस उपचुनाव में पांच सीटों पर दावा कर रही है। 2024 में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने 2027 विधानसभा चुनाव में 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का मंसूबा बना रखा है।

हालांकि, हरियाणा में जिस तरह से कांग्रेस मजबूत है, उसी तरह यूपी में सपा की स्थिति है। हरियाणा में सपा कमजोर है तो यूपी में कांग्रेस की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। अखिलेश यादव ने हरियाणा में कांग्रेस के साथ सीट की बार्गेनिंग करने के बजाय बीजेपी को हराने के लिए हर त्याग-परित्याग देने की बात कही है, क्या उसी तरह से यूपी उपचुनाव में भी कांग्रेस बड़ा दिल दिखा पाएगी। कांग्रेस पांच सीटों पर उपचुनाव लड़ने की जिद छोड़ेगी, क्योंकि उपचुनाव को 2027 के विधानसभा का लिटमस टेस्ट माना जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में बदली रणनीति के तहत उतरी सपा ने बीजेपी को करारी मात दी थी। अखिलेश यादव अब विधानसभा उपचुनाव में सपा के मोमेंटम को बरकरार रखने की कोशिश में है। इसके जरिए वो विधानसभा चुनाव 2027 की रूपरेखा तय करने की कोशिश करते दिख रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने पांच सीटों की डिमांड करके चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में अखिलेश यादव ने हरियाणा चुनाव में इंडिया गठबंधन को समर्थन करके कांग्रेस पर यूपी उपचुनाव और महराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए दबाव बना दिया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सपा करीब 10 सीटों पर अपना दावा ठोक रही है। अखिलेश यादव ने अपने वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पांडेय, विधायक लकी यादव, तूफानी सरोज और इंद्रजीत सरोज को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त कर रखा। महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबु आसिम आजमी एक बड़ा चेहरा है। अबु आजमी पिछले दिनों सपा के सभी सांसदों का मुंबई में स्वागत समारोह कर मोमेंटम बनाने का काम कर चुके हैं। पार्टी के अभी वहां दो विधायक हैं।

सपा ने महाराष्ट्र में मुस्लिम बहुल और उत्तर भारतीय मतदाताओं वाली सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है, जिसके लिए पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम भी लगभग तय कर लिए हैं। मुंबई और उससे सटे ठाणे जिले की सीटों पर पार्टी की नजर है। मुंबई की मानकोर शिवाजी नगर, भायखला, वर्सोवा और इससे सटे ठाणे की भिवंडी ईस्ट और भिवंडी वेस्ट के अलावा महाराष्ट्र की धूलिया और औरंगाबाद जैसी मुस्लिम बहुल सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी की है। मानकर शिवाजी नगर सीट से सपा के अबु आजमी और भिवंडी ईस्ट से रईस शेख पार्टी के मौजूदा विधायक हैं। इस बार सपा महाराष्ट्र में अपने विधायकों की संख्या में इजाफा करना चाहती है।

हरियाणा में त्याग के बदले सपा यूपी उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सम्मानजनक सीटें चाहती है। हरियाणा में चुनाव प्रदर्शन और जमीन के आधार पर जिस तरह राज्य में सपा को सीटें नहीं मिली हैं, उसी तरह यूपी उपचुनाव में कांग्रेस के लिए दबाव बना दिया है। कांग्रेस यहां पांच सीटों पर दावा कर रही है, लेकिन एक से अधिक सीट उसको मिलनी मुश्किल होगी। हरियाणा की तरह महाराष्ट्र में भी कांग्रेस से बात नहीं बनी, तो इसका असर उत्तर प्रदेश की सियासत में दोनों दलों की दोस्ती पर भी पड़ सकता है।

दशलक्षण महापर्व

अपने त्रय योग अचल करके,
रत्नत्रय निज गुण प्राप्त करूँ।।
योगों की चंचलता छूटे,
अपना भव भ्रमण समाप्त करूँ।।
मन वच काया आत्मा को,
ध्यानाचल से मैं पृथक् करूँ।
निजदर्शन ज्ञान वीर्य सुखमय,
अनुपम निज पद के विभव भरूँ।।
- उत्तम आर्जव धर्म

उत्तमज्जवं

उत्तमज्जवं

अज्जवप्पसहावो य मायाभावे य जायइ अप्पम्मि।
मिच्छत्तस्साभावे जहा य सम्मत्तं हवइ अप्पम्मि ।।6।।

आर्जव आत्मा का स्वभाव है , वह माया कषाय के अभाव स्वरूप आत्मा में उत्पन्न होता है जैसे मिथ्यात्व के अभाव में सम्यक्त्व आत्मा में प्रगट होता है ।



आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज

उवाच

पर्वो के पर्वराज का तीसरा चरण -- उत्तम आर्जव

उत्तम आर्जव - मिल तो सबसे लेता है, लेकिन मिलता किसी में नहीं.. !

उत्तम आर्जव धर्म कहता है - माया से मुक्त होकर जियो। छल, कपट करने वाले जीव को भगवान बनने का सुख नहीं मिलता। वो सोचता है --

राम राम जपना, पराया माल अपना।
वक्त पड़े वाका - गधे को कहे काका।
रघुपति राघव राजा राम, जैसा मोका वैसा काम।
गंगा गये तो गंगा दास, जमुना गये तो जमुना दास।

ऐसी नीति, कुटिल नीति, वक्र नीति वालों के भीतर ना धर्म ठहर सकता, ना उत्तम आर्जव धर्म आ सकता।

आज दिल्ली की राजनीति से ज्यादा गन्दी, धर्म की राजनीति हो गई है। कुछ तथा कथित लोग धर्म और धर्म गुरूओं को लेकर धर्म में राजनीति का काम कर रहे हैं। पन्थ और सम्प्रदाय धर्म नहीं है बाबू -- ये तो आवरण है,, दीया है। मूल तो ज्योति का है। ऐसे नकली धर्मात्माओं से बचना। अन्यथा बन्दर के हाथ में चाकू जैसा हाल होगा तुम्हारा और हमारा। आज धर्म की राजनीति करने वालों के हर चेहरे धुंधले हैं। कहीं कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

कल तक जो कद, पद वाले धर्मात्माओं में दुष्कृत्यों के प्रति जो झिझक और शर्मिन्दगी थी,, आज वह झिझक, शर्म, लिहाज सब कुछ खत्म सा हो गया है। पहले शरीफ लोग दिन के उजाले में बदनाम गलियों से गुजरने से बचते थे, लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं है। आज तो हालात ऐसे हैं कि बदनामी, शर्म और लिहाज का नामोनिशान मिट सा गया है। जिसकी ढपली उसका राग जैसा अलाप हो रहा है.. ! उत्तम आर्जव धर्म कहता है - छल, कपट, माया से मुक्त होकर धर्म ध्यान पूजा, पाठ, सेवा भक्ति कर

आज नामांकन भरेंगे राव नरबीर

खेडकी माजरा में मेडिकल कालेज और काकरोला में बना विश्वविद्यालय बदलेंगे गुरूग्राम के युवाओं की तकदीर

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वह मंगलवार, 10 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने उनसे वादा किया है कि वह बादशाहपुर में आकर उनके द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि अमित शाह जिस जनसभा में आएंगे वह हरियाणा की ऐतिहासिक जनसभा होगी। उन्होंने कहा कि इस जनसभा के माध्यम से बादशाहपुर के लोगों को दिखाना भी है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। राव नरबीर सिंह सोमवार को गांव खेडकी माजरा, मोहम्मद हेडी, बाबूपुर, जहाजगढ़, धरमपुर, समसपुर, तीगरा, मैदावास, एनकेवी कालोनी में सभाओं को संबोधित कर रहे थे।खेड़की माजरा में मेडिकल कालेज और ककरौला में विश्वविद्यालय लेकर आया तो बदलने लगे हालात राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में बादशाहपुर की जनता के आशीर्वाद से वह चुनाव जीते और भाजपा सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। जनता ने जो विश्वास उनपर जताया था उसपर खरा उतरने में उन्होंने अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। विकास के जितने काम वह करा सकते थे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्होंने वह काम कराए। खेडकी माजरा गांव में मेडिकल कालेज लेकर आए। वहीं काकरोला में विश्वविद्यालय की स्थापना कराई। यह दोनों कोई छोटे प्रोजेक्ट नहीं थे लेकिन सरकार में उनकी इतनी मानी जाती थी कि जो डिमांड उन्होंने रखी उसे तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय नेतृत्व ने कभी मना नहीं किया।राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरूग्राम बढ़ता और बदलता हुआ शहर है। प्रदेश के खजाने में 56 प्रतिशत राजस्व गुरूग्राम देता है लेकिन विकास के मामले में अभी भी यह पिछड़ा हुआ है। 2014 से 2019 तक वह सरकार से गुरूग्राम के हिस्से का पैसा लाते रहे क्योंकि उस समय राव नरबीर सिंह के हाथों में यहां की कमान थी। 2019 से 2014 तक गुरूग्राम में विकास की एक ईट तक नहीं लगी क्योंकि यहां का नेतृत्व बेहद कमजोर हाथ में रहा। बादशाहपुर के विधायक ने एक मांग भी नहीं उठाई जिसे सरकार पूरा कर देती। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम को उसका हक मिलता रहे इसके लिए वह हमेशा लड़ाई लड़ते रहेंगे। वह यह नहीं कहते कि जितना रेवेन्यु गुरूग्राम देता है वह सारा का सारा यहीं पर खर्च कर दिया जाए लेकिन कम से कम यहां की मूलभूत सुविधाओं के लिए तो बजट की कमी न छोड़ी जाए।

सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन : डीसी

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत- पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है।डीसी ने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण गृह मंत्रालय की वेबसाइट एमएचए.जीओवी.इन और पद्म पुरस्कार पोर्टल पदमा अवार्ड.जीओवी.इन पर पुरस्कार और पदक शीर्षक के तहत व कानून और नियम वेबसाइट पर पदमा अवार्ड.ओवी.इन/अबाउट अवाड.एएसपीएक्स पर उपलब्ध कराई गई है।

लघु समाचार

कांग्रेस ने गुरुग्राम से मोहित ग्रोवर व बादशाहपुर से वर्धन यादव को बनाया उम्मीदवार

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। कांग्रेस ने भी अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है, जिसमें गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से मोहित ग्रोवर व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से वर्धन यादव को उम्मीदवार बनाया है। पिछले काफी समय से इन दोनों सीटों को लेकर चर्चाओं का दौर गर्म था। माना जा रहा था कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में गठबंधन हो जाएगा। लेकिन गठबंधन संभव नहीं हो सका। देर रात्रि में कांग्रेस ने उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की है। मोहित ग्रोवर व वर्धन यादव के उम्मीदवार घोषित होने के बाद दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने पटाखे छोड़कर व मिठाई वितरित कर अपनी खुशी का इजहार किया। सोमवार को दोनों उम्मीदवारों के कार्यालयों में समर्थकों की भारी भीड़ दिखाई दी और दोनों उम्मीदवार चुनाव की रणनीति अपने समर्थकों व सहयोगियों के साथ बनाते दिखाई दिए। मोहित ग्रोवर का कहना है कि उनके परिवार के संबंध कांग्रेस से बहुत पुराने हैं। उनके पिता स्व. मदनलाल ग्रोवर भी कांग्रेस के जिला शहरी अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस को बुलंदियों तक पहुंचानें मे उन्होंने बहुत कार्य किए थे। पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करते हुए सभी के सहयोग से गुरुग्राम विधानसभा का चुनाव जीतेंगे। चुनाव की तैयारियां जोरोंशोरों से शुरु कर दी गई हैं।

आज नामांकन भरेंगे मुकेश शर्मा

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुकेश शर्मा ने नामांकन दाखिल करने की घोषणा की है। उन्होंने अपने गुरुग्राम के परिवारजनों, शुभचिंतकों और समर्थकों से अपील की है कि वे भारी संख्या में आकर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करें। नामांकन का कार्यक्रम मंगलवार, 10 सितंबर 2024 को कंपनी बाग, शमा रेस्टोरेंट के पास, गुरुग्राम में सुबह 10-30 बजे आयोजित किया जाएगा।मुकेश शर्मा ने कहा, ÷गुरुग्राम के मेरे परिवारजनों के आशीर्वाद और समर्थन से, मैं भाजपा प्रत्याशी के रूप में गुड़गांव विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल करूंगा। यह मेरे लिए एक बहुत ही सम्मानजनक क्षण है, और मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होकर मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान करें।÷मुकेश शर्मा ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य गुरुग्राम के विकास को एक नई दिशा देना है और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना है। उन्होंने अपने समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि जनता के साथ मिलकर गुरुग्राम को एक बेहतर और समृद्ध शहर बनाने का सपना साकार करेंगे।मुकेश शर्मा, जो कि गुरुग्राम में काफी लोकप्रिय हैं, हाल ही में पार्टी के विभिन्न आयोजनों और जनसंपर्क अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। उनकी लगातार जनसभाओं और कार्यक्रमों में भागीदारी ने उन्हें जनता के बीच मजबूत समर्थन दिलाया है। इस नामांकन के साथ, मुकेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा की ओर से गुरुग्राम विधानसभा सीट पर कड़ी टक्कर की उम्मीद की जा रही है।

11 सितम्बर को नामांकन भरेंगे नवीन गोयल

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। मजबूती से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गुड़गांव विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरे नवीन गोयल ने अपना नामांकन शेड्यूज जारी किया है। नामांकन समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए नवीन गोयल ने गुड़गांव की जनता से अपील की है।नवीन गोयल ने कहा कि मैं 11 सितम्बर को गुड़गांव की जनता के साथ पूरे जोश, उत्साह, उल्लास, गाजे-बाजे के साथ नामांकन भरूंगा। गुड़गांव की 36 बिरादरी के सहयोग से वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए 36 बिरादरी से हजारों लोग नामांकन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। नामांकन भरने से पहले सोहना चौक के सामने जेल कॉम्पलेक्स में सुबह 10 बजे से जनसभा होगा। उन्होंने गुड़गांव विधानसभा की जनता से अपील करते हुए कहा कि नामांकन समारोह में अपनी ताकत दिखाएं। यह ताकत ही भविष्य में गुड़गांव की सेवा नीति पर मुहर लगाए। दूसरे लोग भी प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि हम राजनीति नहीं सेवा नीति पर काम कर रहे हैं। गुड़गांव में पिछले 11 साल से इसी नीति पर चलते हुए जनता की सेवा ही कर रहे हैं। इस सेवा के काम को कभी रुकने, थमने नहीं देंगे। इसे और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए हमें अब राजनीतिक रूप से भी मजबूत होना है। जो लक्ष्य हम लेकर चले हैं, वह लक्ष्य हासिल करने के लिए गुड़गांव से हरियाणा की सबसे बड़ी जीत हमें सुनिश्चित करनी है।

एडीसी ने लवकेश कटारिया को ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। युवा मतदाताओं को पांच अक्तूबर के दिन विधानसभा चुनाव में वोट के अधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा देने के लिए प्रसिद्ध यूट्यूबर व बिग बॉस के प्रतिभागी लवकेश कटारिया को स्वीप कार्यक्रम का यूथ अंबेसडर नियुक्त किया गया है।स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने आज यूट्यूबर लवकेश कटारिया को स्वीप कार्यक्रम के लिए यूथ ब्रांड अंबेसडर का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जिला की चारों विधानसभाओं में करीब 41 हजार नौजवानों के वोट बनाए गए हैं। स्वीप अभियान के तहत जिला में कई स्थानों पर रोजाना मतदान जागरूकता की मुहिम चलाई जा रही है। इसी मुहिम को गति प्रदान करने के लिए युवाओं के चहेते लवकेश कटारिया को स्वीप का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है।यूट्यूबर लवकेश कटारिया ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। लोकतांत्रिक परंपरा में वोट का बड़ा महत्व होता है। इसलिए वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म तथा युवाओं के बीच जाकर उनसे पांच अक्तूबर को मतदान करने की अपील करेंगे।

बेरोजगारी में सफाई कर्मचारी की नौकरी लेने की लाइन में शिक्षित युवा : एचपी यादव

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा सरकारी कार्यालयों की सफाई के लिए नगर निगमों के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए। जिसमें 15000 रुपये प्रतिमाह के वेतन के लिए 6000 स्नातक तथा 40000 स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह भर्ती संविदा के आधार पर की जा रही है। यह हमारे देश के लिए बहुत ही चिंता का विषय है।यह जानकारी देते हुए एनसीआर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए इतनी बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं का आवेदन करना यह दिखाता है कि देश में बेरोजगार कितनी बढ़ गई है। एचपी यादव ने बताया कि वर्तमान में युवाओं का तकनीकी क्षेत्रों में रुझान कम हो रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हरियाणा की आईटीआई में लगभग 40 प्रतिशत सीटें खाली हैं। युवाओं की रुचि तकनीकी शिक्षा की तरफ कम होती जा रही है।

ज्ञान चंद गुप्ता ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अमर भारती संवाददाता, पंचकूला। ज्ञान चंद गुप्ता ने आज पंचकूला विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र बरवाला में विधिवत पूजा-पाठ, हवन यज्ञादि करके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा, भारतीय जनता पार्टी अनुशासित कार्यकर्ताओं का संगठन है जो अपने हर चुनाव में चुनाव आचार संहिता का पूरी निष्ठां से पालन करते हुए सुचितापूर्ण ढंग से विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ती है, हमने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में पंचकूला विधानसभा में लिए लगभग साढ़े पांच हज़ार करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जिसमे बरवाला के ग्रामीण क्षेत्रो को पूरी प्राथमिकता दी गयी है, हम आंकड़ों के आधार पर प्रमाणिकता के साथ बात करते है, बरवाला में करवाए गए विकास के कार्यो जैसे सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली इत्यादि से क्षेत्र की बड़ी आबादी को भरपूर लाभ मिल रहा है, बरवाला आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है, 2014 के पहले के बरवाला में और आज 2024 के बरवाला में जमीन आसमान का फर्क साफ़ देखा जा सकता है, विकास की यही गति हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रमोद कौशिक ने कहा पंचकूला में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल है, पिछले दस वर्षो के कार्यकाल में ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा करवाए के अनगिनत विकास के कार्यों से पंचकूला की जनता बहुत खुश है और पंचकूला से लगातार तीसरी बार ज्ञान चंद गुप्ता को प्रचंड बहुमत से जीता कर हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार हमने पंचकूला विधानसभा में शानदार जीत दर्ज़ की, उसी प्रकार इस विधानसभा चुनाव में हम दुगुनी ताकत के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पंचकूला से ज्ञान चंद गुप्ता को बड़े मार्जिन से प्रचंड जीत दिलाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर बरवाला मंडल प्रधान गौतम राणा, पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय जनता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कैनविन सच्चा साथी परिवार मिलन समारोह विशाल जनसभा में हुआ तब्दील

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। कैनविन फाउंडेशन की जनसेवा से आमजन को जोडने के लिए मुहिम कैनविन सच्चा साथी का परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंगर एमडी व आजाद मंडोरी के गीतों पर लोग जमकर नाचे। आजाद मंडोरी द्वारा गाए गए गीत- शीतला माता संग तेरे तुझे कौन गिरा सकता है, गुरुग्राम तेरे साथ खड़ा तुझे कौन हरा सकता है...पर हर कोई झूम उठा।नवीन गोयल जब सच्चा साथी परिवार मिलन समारोह में पहुंचे तो गुलाब के फूलों की पंखुडियों की बरसात से उनका भव्य स्वागत किया गया। वहां स्वागत में खड़े बुजुर्गों से नवीन गोयल ने आशीर्वाद लिया। हर किसी से आत्मीयता से मिलने हुए नवीन गोयल ने सबका आभार जताया। समारोह में मौजूद हजारों कैनविन सच्चा साथी का डा. डी.पी. गोयल व नवीन गोयल ने मंच से दोनों हाथ जोडक़र अभिवादन किया। इस भव्य समारोह के लिए सच्चा साथी की संचालक डा. मोनिका सांगवान को इस बड़े आयोजन के लिए बधाई दी।

गुड़गांव को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिला है- नवीन गोयल

भारत माता, शीतला माता, जयश्रीराम, बाबा प्रकाशपुरी जी के जयकारों के साथ नवीन गोयल ने अपनी बात की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कैनविन सच्चा साथी परिवार की सोच है कि हम किसी के चेहरे पर खुशी लेकर आए। अब गुड़गांव को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिला है। उन्हें उम्मीद है कि अब पहले से अधिक वोट जनता निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में देगी। उन्होंने कहा कि सबका उत्साह बता रहा है कि सब दिल से निर्णय ले चुके हैं। हमने कैनविन फाउंडेशन बनाकर लाखों लोगों को मेडिकल सेवाएं दी। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया। सरकारी योजनाओं का आमजन को लाभ दिलाया। धर्म को आगे बढ़ाने के लिए सुंदर कांड पाठ करवाए। लोगों को धार्मिक यात्राएं कराई। कोई ऐसा दिन नहीं गया जब आधी रात तक जनता के बीच ना रहे हों। जो काम शुरू किया, उसे परिणाम तक पहुंचाया। हम हर प्रोफेशन के लोगों को साथ लेकर, सर्व धर्म का संगम करके हम काम कर रहे हैं। गुड़गांव की जनता की सेवा के लिए हम सदा सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि दुकानदार, व्यापारियों की सेवा, सुरक्षा में अनवरत लगा हूं और लगा रहूंगा। नवीन गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास राम राज्य स्थापित करना का है। नवीन गोयल ने मंच पर लक्ष्मण विहार से समाजसेवी प्रशांत भारद्वाज का स्वागत, सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भाई प्रशांत भारद्वाज से उनकी दोस्ती 15 साल से है। उनका दिल का रिश्ता बहुत मजबूत है। हम प्रशांत को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद करेंगे। प्रशांत भारद्वाज हमें अपने क्षेत्र लक्ष्मण विहार में मजबूत करेंगे। प्रशांत भारद्वाज ने कहा कि लक्ष्मण विहार में 20634 हैं। इसमें से 12-13 पोलिंग होगी। इनमें से हम 8000 वोट लेने का मादा रखते हैं। नवीन भाई जनता के लिए काम करने की प्रेरणा है। डा. डी.पी. गोयल ने कहा कि हमें सेवा नीति को जिताना है। राजनीति को हराना है। लोगों के दिल में हमने जगह बनाई है। तकलीफ में जनता के काम आए हैं और आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुड़गांव की जनता समझदार है। हमें अपने काम पर फोकस करना है। मजबूती से चुनाव लडऩा है। समाजसेवी अशोक सैनी ने कहा कि जब एकलव्य का अंगूठा काटा तो उसने सोचा था कि सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारी बनना है और वे बनें। ऐसे ही भाई नवीन गोयल का टिकट ना देकर कमजोर करने का प्रयास किया गया है। अब वे एकलव्य की भांति और अधिक मजबूत, निपुण हो रहे हैं।

आप जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना को बनाया सोहना तावडू से प्रत्याशी

अमर भारती संवाददाता, सोहना आप पार्टी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना ने कहा पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए सोहना तावडू विधानसभा से प्रत्याशी बनाकर भेजा है। आज कार्यकर्ताओं में प्रत्याशी बनाए जाने पर जोश है और आने वाले 5 सितंबर को विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को धूल चटाने का कार्य करेंगे ।आज प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना का स्वागत किया।उन्होंने कहा कि आज पूरे सोहना तावडू विधानसभा में जनता मूलभूत सुविधाओं को लेकर त्राहि त्राहि मची है । वहीं सड़कों नालियों सीवर बिजली, स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं पर पूरा ध्यान आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा लगातार 10 साल भाजपा का कार्यकाल रहा लेकिन धरातल पर जीरो रही। कहा आने वाला समय पूरे प्रदेश में आप पार्टी का है आप पार्टी सरकार बनते ही शिक्षा स्वास्थ्य एवं पेंशन को लेकर पार्टी की ओर से जो पांच गारंटी को लेकर प्रदेश में उतरी है उसे पर अवश्य खरा उतरेगी।वहीं नामांकन को लेकर उन्होंने कहा आज रात तक निर्णय लेंगे पार्टी के आलाकमान एवं पार्टी के नियमानुसार ही जल्द नामांकन किया जाएगा।आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है।

केएमपी पर अवैध पार्किंग पर दो चालकों के खिलाफ मामले दर्ज

अमर भारती संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव धुलावट में स्थित केएमपी पुल पर गाडी खडी कर वाहनों की आवाजाही में बाधा पहुंचाने पर 2 चालकों के खिलाफ 2 अलग-अलग मामले पुलिस ने दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्राईम की रोकथाम के लिए केएमपी रोड़ धुलावट पुल पर पहुंची तो एक गाडी रोड़ पर खडी हुई थी। जो आने जाने वाले वाहनों की आवाजाही में बाधा डाल रही थी। जो वाहन चालक राजमार्ग पर वाहन अधिनियम कि पालन नहीं कर रहा था। जिससे आने जाने वाले वाहनों को बाधा पहुंच रही थी। चालक को नीचे उतार कर चालक का नाम पूछा तो उसने अपनी पहचान उत्तर प्रदेश के गांव करारा निवासी समीम के रूप में कराई। वहीं दूसरी ओर पुलिस अपराध की रोकथाम के लिए केएमपी रोड पर मौजूद थी कि धुलावट पुल के समीप एक गाडी रोड़ पर खडी हुई थी। जो आने जाने वाले वाहनों की आवाजाही में बाधा डाल रही थी। जो वाहन चालक राजमार्ग पर वाहन अधिनियम कि पालन नहीं कर रहा था। जिससे आने जाने वाले वाहनों को बाधा पहुंच रही थी। चालक को नीचे उतार कर चालक का नाम पूछा तो उसने अपनी पहचान गांव घुसबैठी निवासी साहुन के रूप में कराई। पुलिस ने नामजद 2 व्यक्तियों के खिलाफ 2 अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए है।

सोहना विधानसभा क्षेत्र में जनसभा व प्रचार सामग्री के लिए स्थान चिन्हित

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। निर्वाचन विभाग की ओर से सोहना विधानसभा क्षेत्र में प्रचार सामाग्री लगाए जाने तथा जनसभा का आयोजन करने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। जनसभा के लिए उम्मीदवार निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में ऑफलाईन या सुविधा पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सोहना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि सोहना के खेल स्टेडियम, नई अनाजमंडी परिसर तथा तावडू में नूंह रोड पर स्थित अनाजमंडी परिसर में जनसभा का आयोजन किया जा सकता है। सोहना नगरपरिषद क्षेत्र में नंगली मोड़, फव्वारा चौक, अग्रसेन चौक, लेबर चौक, बस स्टैंड, राम मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, लाखुवास पानी की टंकी, सुशील नगर चौक और सिरसका चौक पर प्रचार सामग्री को लगाया जा सकता है। तावडू नगरपालिका क्षेत्र में सोहना चौक, पटौदी चौक, लखपत चौक, रेवाड़ी चौक और मौहम्मदपुर तावडू की चुंगी नंबर 5 पर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि लगाए जा सकते हैं।एसडीएम ने बताया कि तावडू खंड के गांव खरखड़ी में कुआं चौक के समीप, पढैनी, डिगरहेडी में एससी चौपाल, जफराबाद, ग्वारका में सरपंच की बैठक के समीप, चाहाल्का, कलियाका, फतेहपुर, भंगोह, गुढी, जलालपुर सोहना में आम चौपाल, गोगजाका में थडी की बैठक के समीप, बिस्सर अकबरपुर में जहारबीर मंदिर व धर्मशाला के समीप, सूंध में पंचायत भवन व सामान्य चौपाल के समीप, माल्हाका में पंचायत घर के पास, बेरी निस्फी तावडू में एससी चौपाल व स्कूल के समीप, चीला में पीडब्ल्यूडी व सामान्य चौपाल के समीप, चिलावली में आंगनबाडी सैंटर व सामान्य चौपाल के समीप, डिढारा में स्कूल व सामान्य चौपाल के पास, दादू में आंगनबाडी सैंटर के नजदीक धर्मशाला व एससी चौपाल, बुराका तावडू में सरकारी स्कूल व सरपंच की बैठक के पास, कालरपुरी व साल्हाका में स्कूल के सामने व सामान्य चौपाल, पचगांव में पंचायत घर तथा राजीव गांधी केंद्र, जौरासी में मुख्य चौपाल व राजीव गांधी केंद्र के समीप, रानियाकी में एससी चौपाल, सामान्य चौपाल व पंचायत घर के समीप होर्डिंग, पोस्टर आदि लगाए जा सकते हैं।

वर्ल्ड जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में सृष्टि ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। गुरुग्राम की बेटी सृष्टि ने स्पेन में आयोजित वर्ल्ड अंडर-20 जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। सृष्टि के स्वदेश पहुंचने पर एयरपोर्ट पर परिजनों व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।गुरुग्राम के गांव दौलताबाद की रहने वाली सृष्टि पुत्री पवन कुमार का शुरू से ही रुझान कुश्ती खेल की तरफ था। ऐसे में परिवार ने उन्हें इस खेल में निपुण बनाने के लिए आगे बढ़ाया। सृष्टि के पिता पवन कुमार के मुताबिक सृष्टि अपना पूरा फोकस खेल पर रखती है। 12वीं पास करने के बाद अब वह एमडीयू से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। साथ ही खेल को आगे बढ़ा रहा है। सृष्टि के अंतरराष्ट्रीय कोच प्रदीप मलिक व एनआईएस संदीप सांगवान ने बताया कि स्पेन में हुई कुश्ती चैंपियनशिप में पूरी तैयारी के साथ सृष्टि कुश्ती के रिंग में उतरी। इसमें सृष्टि को ब्राम्न्ज मेडल मिला। उन्होंने बताया कि सृष्टि पिछले महीने थाईलैंड से एशिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल लेकर आई थी। सृष्टि के स्वदेश पहुंचने पर परिवारजनों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव पहुंचने पर अन्य ग्रामीणों ने भी उनका स्वागत करके आशीर्वाद दिया।

राजेश नागर के नामांकन में पहुंचे खट्टर एवं कृष्णपाल

अमर भारती संवाददाता, तिगांव। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित उम्मीदवार राजेश नागर ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल एवं कृष्णपाल गुर्जर की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। नागर ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद लिया और जनता के सहयोग से सीट जीतकर भाजपा की झोली में डालने की बात कही।

इससे पहले सेक्टर 16 में आयोजित नामांकन सभा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के प्रति दीवानगी में राजेश नागर का कोई मुकाबला नहीं है। नागर उनके मुख्यमंत्रिकाल में अकसर आकर अपनी फाइलों को पास करने की जिद करते थे और उन्हें माननी पड़ती थी।

राजेश ने अपने तिगांव क्षेत्र की अपने बच्चे के जैसे सेवा की है। हमने भी सरकार के खजाने से कभी कोई कंजूसी नहीं की। यही कारण है कि आज पूरा तिगांव राजेश नागर के साथ है। इस अवसर पर तिगांव के भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि वह अपने दोनों बड़े नेताओं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं कृष्णपाल गुर्जर के उनके नामांकन पर पहुंचने पर अभिभूत हैं। इस अवसर पर निवर्तमान विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूजी रूप सिंह नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सरदारी, जिला पार्षद, सरपंच, पंच, बीडीसी मैंबर, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

स्टाइल एकेडमी का हुआ भव्य शुभारंभ

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। कट एंड स्टाइल ने गुड़गांव में अपनी पहली एकेडमी का भव्य शुभारंभ किया है। यह नई एकेडमी हेयरस्टाइलिस्ट्स और मेकअप आर्टिस्ट्स बनने की चाह रखने वाले लोगों को प्रशिक्षित करेगी और तेजी से बढ़ती ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री के लिए उन्हें तैयार करेगी। डायरेक्टर्स दिनेश शर्मा एवं राजेश यादव ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि कट एंड स्टाइल देश भर में 125 से अधिक सैलून्स का आँकड़ा पार कर चुका है। ऐसे में, हम मानते हैं कि इस क्षेत्र में करियर स्थापित करने वाले लोगों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने का यह उचित समय है। कार्यक्रम में सीईओ आदित्य शर्मा के साथ गौरव वर्मा, शमित गर्ग तथा ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर की प्रमुख हस्तियाँ शामिल रहीं।

स्वामी चिदानंद सरस्वती ने डॉ. जे. पी. सिंह साहनी को सम्मानित किया

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। संपूर्ण विश्व के 50 से अधिक देशों के सनातनी पेशेवरों और व्यवसायियों की वैश्विक संस्था, संपर्क भारती, ने हरियाणा के गुरुग्राम में क्राउन प्लाजा में पहली बार सनातनी पेशेवर सम्मेलन का सफल आयोजन किया। यह सम्मेलन संपर्क भारती के भारतीय समुदाय को सशक्त बनाने और अगली पीढ़ी के नेताओं को तैयार करने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ। आईटी, विधिक और चिकित्सा क्षेत्रों में रुझानों और अवसरों की खोजष् विषय पर केंद्रित यह सम्मेलन गुरुग्राम के गतिशील आईटी और कॉर्पोरेट सेक्टर में नवीनतम

एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अमर भारती संवाददाता, शिकारपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी दीपक कुमार पाल ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा करते हुए इसकी सफलता हेतु सभी से सहयोग मांगा गया। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी रखें और मतदान केंद्र सत्यापन सहित अन्य बिंदुओं पर सहयोग दें और उनके द्वारा बूथों के संभाजन तथा मतदाताओं के घर-घर सत्यापन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई है। इस अवसर पर नरेश प्रधान, रामकिशन लोधी, आस मोहम्मद गाजी, खंड शिक्षा अधिकारी अमन कुमार गुप्ता सहित आदि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मौसम विभाग की चेतावनी और बचाव

अमर भारती संवाददाता, बुलंदशहर। मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात पूर्व चेतावनी का प्रेषण, सोमवार को मौसम विभाग, लखनऊ केंद्र के द्वारा बंगाल की खाडी के उत्तर-पश्चिम मे गहरा अवदाब विषयक नवीन बुलेटिन के अनुसार 09 सितम्बर 2024 से 10 सितम्बर 2024 के मध्य अन्य जनपदों के साथ-साथ जनपद बुलंदशहर में मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की सम्भावना व् दिनांक 12 सितम्बर 2024 को भारी बारिश की सम्भावना व्यक्त की गयी हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत सचेत होते हुये बचाव के आवष्यक उपाय, एवं आवष्यक संसाधन/व्यवस्था करने का कष्ट करें, जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना/जन हानि की संभावित क्षति से बचा जा सके। किसान भाईयों से यह भी अपील है कि इस भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से आपने आप को सुरक्षित करते हुए फसलों/फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखने का कष्ट करें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके। आप सभी निमांकित दिशा-निर्देश का अनुपालन कर प्रशासन का सहयोग करे।

राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न

अमर भारती संवाददाता, मेरठ। सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल की जिला कार्यालय पर मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य बनाये गए नरेंद्र खजुरी एवं सदस्य महिला आयोग बनाई गई मनीषा अहलावत का ज़ोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महासचिव अरुण सिंह भुल्लन ने कहा की केंद्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार प्रत्येक माह की 9 तारीख को मासिक मीटिंग आयोजित की जाएगी और उसी के साथ-साथ एक माह के अंदर सभी जिला कमेटी विधानसभा कमेटी बूथ स्तर तक दुरुस्त करके केंद्रीय नेतृत्व को सौंपने का कार्य करेंगे। साथ ही प्रतिदिन जिला स्तर का पदाधिकारी और उसी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी लोगों की समस्याएं सुनने के लिए जिला कार्यालय पर नियुक्त किए गए हैं जिससे जनता के कार्यों को लेकर अधिकारियों से भेंट करके उनके कार्यों को कराया जा सकता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा की सरकार में आने के बाद पार्टी की जिम्मेदारियां बहुत ज्यादा बढ़ गई है हमारे केंद्रीय नेतृत्व के आदेश के अनुसार प्रत्येक पदाधिकारी लोगों के बीच में मौजूद रहेगा और उनके सुख-दुख में शामिल होकर उनके कार्य को करने का काम करेगा।

लघु समाचार

बंद मकान मे लाखों की चोरी की वारदात

अमर भारती संवाददाता, मेरठ। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधव पुरम सेक्टर एक मे बिजली घर के पीछे के एक बंद मकान मे रात को लगभग 5 लाख का सामान चोर उड़ा ले गए। रात को जब उनका पड़ोसी टॉयलेट करने उठा तो उसने देखा कि बराबर वाला मकान का गेट खुला हुआ है और उन्होंने तभी मकान मालिक को फोन करके जानकरी की। बताया कि भैया आप घर पर हो उन्होंने कहा नहीं मैं तो माता वैष्णो देवी हूं तो आप का गेट खुला हुआ है उन्होंने तभी अपने पड़ोसी से कहा कि आप जाकर देखो जब पड़ोसी घर में गए तो देखा उनका लॉकर का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर पढ़ा हुआ था फिर उन्होंने मकान मालिक को चोरी होने की जानकारी दी। तभी माता वैष्णो देवी से परिवार के साथ सुबह को वहा से वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर में सब कुछ ज्वेलरी कैश गायब है। वही सूचना पर माधवपुरम चौकी इंचार्ज पहुचे और घटना के बारे में जानकारी ली और जांच पड़ताल में जुट गए। आपको बता दें कि माधव पुरम सेक्टर 1 बिजली घर के पीछे चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गई। वही एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया की चोरी की गिरफ्तारी के लिए दो टीम लगाई गई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण 18 सितंबर तक

अमर भारती संवाददाता, रामपुर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 नियम-4 के अन्तर्गत जनपद के उप निबन्धक कार्यालयों हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रभावी प्रचलित मूल्यांकन सूची के पुनरीक्षण प्रस्ताव 10 सितम्बर, 2024 को सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु जिला निबंधक, सहायक आयुक्त स्टाम्प कार्यालय व समस्त उप निबन्धक, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार कार्यालयों में उपलब्ध हैं, जिस पर आपत्ति व सुझाव 17 सितंबर, 2024 को सायं 05:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं तथा आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण 18 सितंबर, 2024 को अपराह्न में कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाना है, जिसमें सभी संबंधित प्रतिभाग करेंगे।

बढते अपराध को लेकर एसएसपी आफिस पर सपाइयों का प्रदर्शन

अमर भारती संवाददाता, मेरठ। समाजवादी पार्टी के द्वारा प्रदेश में बढ रहें अपराध लूट, डकैती, अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएं बढती जा रही है महिलाओं ओर नाबालिग बच्चियों पर हो रहें अत्त्याचार, बलात्कार चरम पर है कल ही नाबालिग बच्ची के साथ थाना लोहिया नगर मेरठ में बलात्कार हुआ है जिसकों प्रशासन प्रेम प्रसंग का मामला बता कर पल्ला झाड़ रहा है लेकिन बच्ची के परिवार वाले माँ ओर भाई गेंगरेप बता रहे हैं इसी को लेकर जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी , महानगर अध्यक्ष हाजी आदिल चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों समाजवादियों ने एस.एस. पी मेरठ को ज्ञापन दिया जिसमें गुडडू चौधरी, डाक्टर कय्यूम अली, नेहा गौड, म्रदुला यादव, जानू चौधरी,मुमताज़ आलम,सरदार परविंदर सिंह ईशू, संजीव यादव, दीपक सिरोही, निरंजन सिंह, ओम प्रकाश महामना,मुनीर इरफान, शशिकांत गौतम, जितेंद्र गुजर, इकराम बालियान, अहते शाम ईलाही, हाजी अन्नान सैफी, शाकिर मलिक, काशिफ कुरैशी, बीनू अहमद, फिरोज खान अल्वी, मुमताज आलम, शमशुद्दीन कुरैशी आदि उपस्थित रहें।

दो इनामी बदमाश किए गिरफ्तार

अमर भारती संवाददाता, मेरठ। जिले की स्वाट टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25-25 हजार रुपये के दो इनामी बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों बदमाश लगभग ढाई महीने से आईआईएमटी एकेडमी के पास फायरिंग की घटना के मामले में फरार चल रहे थे। जिले के पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशानुसार जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक देहात व पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में स्वॉट टीम जनपद मेरठ द्वारा आज मुखबिर की सूचना पर हैप्पी त्यागी उर्फ मधुर त्यागी पुत्र आदेश त्यागी और गर्वित नागर पुत्र अरूण कुमार को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा 21 जून को आईआईएमटी एकेडमी के पास फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में थाना गंगानगर पुलिस ने धारा 147/148/149/307 मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद से अभियुक्त फरार चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों पर 2 सितंबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मेरठ द्वारा 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम की अगुवाई प्रभारी स्वॉट टीम अरुण कुमार मिश्रा थे।

श्री पारसनाथ भगवान की भव्य रथयात्रा

अमर भारती संवाददाता, सरधना (मेरठ)। सोमवार को सरधना में चौक बाजार स्थित श्री सोमवती नाथ जैन श्वेतांबर मंदिर से श्री पारसनाथ भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली गई। जिसमें विभिन्न बैंड बाजे और झांकियां शामिल रहीं। रथयात्रा नगर के विभिन्न मार्गों व मोहल्लों बाजारों से होकर गुजरी यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। भगवान श्री को रथ में लेकर बैठने का लाभ सुरेंद्र कुमार जैन, नवीन जैन, निशु जैन परिवार को मिला। भगवान का सारथी बनने का सौभाग्य पवन कुमार जैन, अंकुर जैन बड़ौत हाल दिल्ली वालों को मिला। भगवान का मुनीम धन कुमार जैन बने, जबकि भगवान के रथ पर धूप-दीपक लेकर बैठने का सौभाग्य सत्येंद्र जैन और भगवान के इंद्र बनकर चंबल ढुलाने का लाभ मनोज जैन व नवीन जैन परिवार को मिला। श्री सुमतिनाथ जैन मन्दिर जी से शुरू हुई रथ यात्रा प्रारम्भ में विभिन्न बैंड बाजे, ढ़ोल ताशे के साथ नगर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को जागरूक किया

अमर भारती संवाददाता, रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा राजकीय महाविद्यालय रजा नगर स्वार, रामपुर में छात्र/छात्राओं व शिक्षकों को साइबर सिक्योरिटी, यातायात के नियम, मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न हेल्पलाइन-1090,112, 1098,1076 व 1930 आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

एजिलिसियम ने बढ़ाई भारत में अपनी उपस्थिति

अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली। भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए, ग्लोबल लाइफ साइंस कंपनियों का एक मुख्य डिजिटल इनोवेशन पार्टनर, एजिलिसियम ने आज हैदराबाद के आरएमज़ी स्पायर कैम्पस में एक नया विकास केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। इसका कार्यालय साइबरसिटी में स्थित होने के साथ-साथ यह एक समृद्ध फार्मास्युटिकल हब में भी अवस्थित है। इसी विशेषताओं के कारण अभिनव समाधान प्रदान करने की इसकी क्षमता बढ़ जाती है और ग्राहकों के साथ को-लोकेट करना आसान हो जाता है।

सरधना में 350 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

अमर भारती संवाददाता, सरधना (मेरठ)। भारतीय जनता पार्टी सरधना मण्डल के संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत अटल सदस्यता पर्व मानते हुई जिलाध्यक्ष ठाकुर शिव कुमार राणा, महामंत्री समीर चौहान मण्डल अध्यक्ष आलोक जैन विधानसभा प्रभारी सदस्यता अभियान संजीव राणा के नेतृत्व मे बूथ 31 के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बूथ 32 के अध्यक्ष वरुण सिंह सदस्यता अभियान मे लगे मण्डल मे 350 से अधिक लोगो को भाजपा की सदस्यता 8800002024 पर मिस कॉल कर कराई गयी, मण्डल अध्यक्ष आलोक जैन ने बताया की सरधना मण्डल के बूथो पर 8000 सदस्य बनाने का टारगेट है जिसे सभी के सहयोग से पूरा किया जायेगा इस अवसर मण्डल महामंत्री शानू जैन, सुमित कुमार, दीपक जैन,प्रभात त्यागी, आशीष भरत, राहुल पाल,कमल चौहान ईश्वर दयाल संतराम सैनी, लोकेश जैन, प्रीति दक्ष , प्रभात त्यागी, आसिफ मालिक मोहित शर्मा, हितेश,आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

शीशम का विशाल पेड़ बीच सड़क पर धराशाई

अमर भारती संवाददाता, शिकारपुर। शुक्रवार को बारिश के बीच एक पेड़ सड़क पर धराशायी हो गया। पेड़ के नीचे खड़ी स्विफ्ट डिजायर दबी देख मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। मेरठ-बदायूं हाईवे स्थित बाराखंबा चौराहे के पास एक बड़ा हादसा होने से टल गया। क्षेत्र में सुबह करीब छह बजे से रुक रुक कर बारिश हो रही थी। इसी बीच एक पुराना विशाल शीशम का पेड़ सड़क की तरफ गिर गया। इसी समय मथुरा निवासी दीपक पुत्र नैन सिंह अपने चार साथियों के साथ जमीन के सिलसिले में रजिस्ट्री ऑफिस आया हुआ था। अचानक पेड़ गाड़ी और सड़क के ऊपर गिर गया और गाड़ी पेड़ के नीचे दब गई। गनी मत रही की गाड़ी में सवारियां नहीं थी। अगर गाड़ी में सवारियां होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

सपाईयों ने आत्महत्या मामले में सौंपा ज्ञापन

अमर भारती संवाददाता, हापुड़। कपूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सपनावत में फाइनेंस कंपनी के उत्पीड़न से परेशान होकर एक ही परिवार के तीन लोगों के आत्महत्या करने के मामले में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पीड़ित परिवार के सदस्यों को हर संभव मदद दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। सपा के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर, सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संजय गहलौत ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि पिछले दिनों फाइनेंस कंपनी के उत्पीड़न से परेशान होकर एक ही परिवार के मुखिया, उनकी पत्नी और बेटी आत्महत्या करने के लिए विवश हो गए थे। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। सपाईयों ने जिलाधिकारी से पीड़ित परिजन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास, पक्की नौकरी, ग्राम पंचायत द्वारा पांच बीघा कृषि भूमि का पट्टा, सरकारी योजनाओं के तहत परिवार के प्रत्येक पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है। सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संजय गहलौत ने बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार मदद कराई जाएगी। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर, सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष संजय गहलौत, संजय सिंह यादव, श्यामसुंदर भर्जी, इकबाल कुरैशी, पवन कुमार, संजय चौहान, महेंद्र सिंह, दीपिका चुग, योगेश तोमर, अंकित जाटव, पीयूष मंडोडिया आदि मौजूद थे।

कुम्हार प्रजापति समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी

अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली। प्रमुख राजनीतिक दल रिपब्लिकन सेना दिल्ली के अध्यक्ष और उत्तर भारत के प्रभारी राकेश कुमार प्रजापति ने समाज के सभी बंधुओ से अनुरोध आग्रह किया है कि जब तक आपकी पार्टी टिकट कन्फर्म नही करे तब तक बहुत ज्यादा किसी पार्टी का प्रचार ना करें। हम लगातार इन पार्टियों के खिलाफ एक लंबी लाइन खींचने में लगे हुए हैं ताकि बहुजनों की भागीदारी बढ़े, हमारे समाज की भागीदारी बढ़े। उन्होंने बताया कि सभी लोग बार-बार एक ही गलती को दोहराते हैं कि इन पार्टियों से जुड़ते हैं खूब पैसा खर्च करते हैं और बाद में आपकी टिकट कट जाती है, जब आपको टिकट नहीं मिलती फिर आप भी विरोध करते हो उससे जो हमारा मिशन है बहुजनों की भागीदारी बढ़ाने का वह सफल नहीं हो पाता है। क्योंकि हमने देखा है कि सभी पार्टी टिकट लेने के बदले बहुत सारा धन एकत्रित करती हैं हमारे बहुजनों के पास हमारे समाज के बाद इतना पैसा होता नहीं है जिसकी वजह से वह टिकट नहीं ले पाते। हमारे समाज को बार-बार दिल्ली चुनाव में मैंने देखा है कि आज तक किसी भी पार्टी ने हमको कोई महत्व नहीं दिया। विशेष रूप से हमारा समाज बीजेपी के संग लगा रहता है खूब उनकी मीटिंग करवाता है तालकटोरा स्टेडियम पूरा भरता है बाद में पता चलता है कि समाज के किसी को भी टिकट नहीं मिला। फिर यह लोग विरोध करते हैं और कहीं ना कहीं ऐसे लोगों की वजह से ही आज ज्यादातर विधानसभा में हमारी भागीदारी नही के बराबर है। इन पार्टियों से समाज का बहुत नुकसान हो रहा है, आज बहुजन के साथ-साथ प्रजापति समाज भी बहुत मजबूत हो चुका है, उसका युवा बहुत एग्रेसिव भी है और सक्षम भी है अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों को खिलाफ बोलने के लिए लड़ने के लिए समर्थ हो चुका है। मैं पहले भी कई बार अपील कर चुका हूं और पुनः आप से अपील कर रहा हूं कि जब तक आपकी टिकट कन्फर्म न हो जाए जब तक बहुत ज्यादा किसी भी पार्टी में बहुत जोर ना लगाएं। अभी भी बहुत सारे लोगों की टिकट कटी है बहुत सारे लोग ऐसे हैं जिनके जिनका टिकट नहीं मिल पाएगा। श्री राकेश प्रजापति ने संकल्प लिया और विश्वास दिलाया कि दिल्ली में हम अपने समाज की भागीदारी को बढ़ाएंगे। समाज के कई युवा साथियों को चुनाव लड़ाएंगे। आपसे वादा करता हूं कि न सिर्फ मैं, मेरी दिल्ली टीम, मेरी उत्तर भारत की टीम बल्कि माननीय आनंदराज अंबेडकर साहब भी बहुत जोर शोर से हमारे समाज के लोगों का दिल्ली में व अन्य राज्यों में प्रचार प्रसार करेंगे।

महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

अमर भारती संवाददाता, बुलंदशहर। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा सोमवार को बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु मंदिरों/पंडालों, स्कूल/कॉलेजों में जाकर तथा गांव-गांव में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सादे कपड़ों में संवैदनशील क्षेत्र/हॉटस्पॉट का भ्रमण करते हुए।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अमर भारती संवाददाता, हापुड़। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.09.2024 (शनिवार) को सफल बनाने हेतु जिला जज मलखान सिंह की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज डॉ0रीमा बंसल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़ डा0ब्रहमपाल सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु चिन्हित वादों में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व अधिक से अधिक वादों मे नोटिस/सम्मन जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिला जज प्रथम विपिन कुमार द्वितीय, अपर जिला जज (एस.सी/एस.टी) एक्ट हापुड़, हनी गोयल, अपर जिला जज (स्पेशल पोक्सो) हापुड़, उमाकान्त जिंदल, अपर जिला जज द्वितीय, ग्यानेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज पोक्सो द्वितीय, डा0 रीमा बंसल, अपर जिला जज (एफ.टी.सी) प्रथम, हापुड़ मिताली राव गोविन्द, अपर जिला जज (एफ.टी.सी) द्वितीय, विरेश चन्द्रा, सिविल जज (सी.डि.) द्वितीय, रवि कुमार एवं समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

टैक्स बार एसोसिएशन ने कासगंज अधिवक्ता हत्याकांड मामले में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

अमर भारती संवाददाता, हापुड़। टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें कासगंज में महिला अधिवक्ता का अपहरण कर हत्या की वारदात को लेकर रोष व्यक्त किया। हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी, मृतक अधिवक्ता के परिजन को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दिए जाने की मांग की है। टैक्स बार एसोसिएशन के महासचिव मुनेंद्र कुमार ने ज्ञापन में बताया कि कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या की टैक्स बार एसोसिएशन घोर निंदा करती है और महिला अधिवक्ता के हत्यारों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सख्त से सजा दिलाई जाए। महिला अधिवक्ता के परिजन को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई जाए। जिस प्रकार प्रदेश में अधिवक्ताओं की हत्या की जा रही है और प्रशासन अधिवक्ताओं के साथ हो रही घटनाओं को रोक नहीं पा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। इस अवसर पर संजीव त्यागी, दीपक चौहान, राहुल सैनी, रीतेश कुमार, आशुतोष सिंघल, रुपक समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

खेत से अस्थियां हुई चोरी

अमर भारती संवाददाता, हापुड़। जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर में खेत से अस्थियां चोरी होने का एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी एशवीर ने बताया कि वह पिता पृथी सिंह का वर्ष 2019 में निधन हो गया था। वह अपनी माता स्वरूपी (85 वर्षीय), पत्नी अंजू, पुत्र रितिक, पुत्री आशी व भव्या के साथ रहता है। काफी दिनों से उसकी मां स्वरूपी देवी की तबीयत खराब चल रही थी। दो सितंबर को माता का देहांत हो गया। माता की अंतिम इच्छा थी कि देहांत के बाद उनके शव का खेत पर ही अंतिम संस्कार किया जाए। वहीं, उनकी समाधि भी बनाई जाए। माता की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए परिजन ने अपने खेत पर ही माता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। तभी से माता की चिता पर पूजन कराया जा रहा था। बताया गया कि रविवार देर रात परिजन चिता के पास दीपक जलाकर घर लौट आए थे। सोमवार को सुबह गंगा में अस्थियां प्रवाहित करने के लिए लेने पहुंचे तो वहां अस्थियां नहीं मिली।

पुलिस ने जुआ की खाईबाड़ी करते हुए 6 किये गिरफ्तार

अमर भारती संवाददाता, हापुड़। जनपद की थाना धौलाना पुलिस ने जुआ की खाईबाडी करते हुए 06 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 4830 रुपए नकदी व ताश के पत्ते बरामद किये गए है। जानकारी के अनुसार हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी व सट्टेबाजो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौलाना पुलिस ने जुआ व सट्टा खाईबाडी करते हुए 06 अभियुक्तो को तहसील के पीछे ग्राम देहरा से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्त अब्दुल हकीम पुत्र अब्दुल खालिक निवासी मोहल्ला काजीवाड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़, ईदा पुत्र चांद निवासी मोहल्ला काजीवाड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़, अरशद पुत्र जुम्मा निवासी मोहल्ला काजीवाड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़, सलीम पुत्र नन्ने निवासी मोहल्ला काजीवाड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़, शहजाद पुत्र पीरू निवासी मोहल्ला काजीवाडा थाना धौलाना जनपद हापुड़, रियाजुद्दीन पुत्र रफुद्दीन निवासी मोहल्ला काजीवाडा थाना धौलाना जनपद हापुड़ है। जिनके कब्जे से 4830 रुपए नकदी व ताश के पत्ते बरामद किये गए है।

टावर लगाने के विरोध मे वार्डवासियों का प्रदर्शन

अमर भारती संवाददाता, बुलंदशहर।जहांगीराबाद। नगर के मोहल्ला रोगनग्रान वार्ड नंबर 12 में घनी आबादी में मोबाईल टावर को लगाने के खिलाफ दर्जनों महिलाओं व पुर्षो ने टावर लगाने के स्थान पर जोरदार प्रदर्शन कर मोबाइल टावर को नहीं लगाने की मांग की है ओर मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजा है। टावर को घनी आबादी में ना लगाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर के मोहल्ला रोगनग्रान वार्ड नंबर 12 के वासियों ने अनुराग दीक्षित के नेतृत्व में सैकड़ो महिला व पुरुषों ने प्रदर्शन करते हुए टावर को नहीं लगाने की मांग की है प्रदर्शनकारियो का कहना है कि घनी आबादी में टावर लगने से अनेक प्रकार की बीमारियां पैदा होती है और हार्ड जैसी बीमारी और मोबाइल टावर के रेडिएशन से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा जिससे बस्ती के लोग इसकी चपेट में आ सकते है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब कि टावर लगाने की अनुमति प्रेम नगर स्थित जंगल मे हुई है लेकिन वह टावर वहां नही लगा कर घनी आबादी में जबरन लगाया जा रहा है।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

भाजपा तीसरी बार बना रही पूर्ण बहुमत की सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला सिटी से असीम गोयल का नामांकन पत्र दाखिल करवाया

अमर भारती संवाददाता, चंडीगढ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अंबाला सिटी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल का नामांकन पत्र दाखिल करवाया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रैली का आयोजन भी किया। नामांकन रैली में उमड़े जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गदगद हो गए और कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनता ने यहां पहुंचकर साबित कर दिया है कि अंबाला जिले की सभी विधानसभा सीटों पर कमल का फूल खिल रहा है। सैनी ने कहा कि मुझे विश्वास हो गया है कि इस बार भी अंबाला से कमल खिलकर चंडीगढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली के दौरान कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि हमने लंबे समय तक कांग्रेस का शासन देखा है। कांग्रेस के शासन में गरीब लोगों का अपमान किया जाता था,

गरीबों का खून चूसा जाता था। आम लोगों को लाइन में लगकर सरकारी काम करवाने पड़ते थे और बिना रुपयों के काम ही नहीं होते थे। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया। कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोगों के बीच भ्रम फैलाया और झूठ की राजनीति की। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में विकास की गति को बढ़ाया। अंबाला में चारों ओर विकास ही विकास है। भाजपा ने सरकारी सेवाएं ऑनलाइन करके लोगों के जीवन को सुगम बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास कबीर कुटीर आपका है, किसी और का नहीं। मुख्यमंत्री निवास के दरवाजे आपके लिए हमेशा खुले थे और आगे भी रहेंगे। एक महीने से कम का समय बचा है, इन दिनों में हमने रुकना नहीं है। एक-एक घर में पहुंचकर कमल का फूल खिलाने का काम करें। नामांकन रैली में भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल, जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, अनुभव अग्रवाल, गोल्डी सैनी, रामचंद्र सैनी, हरीश सैनी, सोमनाथ कश्यप, सोदान सिंह, अमन सूद, मीनू गर्ग आदि मौजूद रहे। रैली के बाद भारी जन समूह के साथ असीम गोयल ने नामांकन पत्र दाखिल किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कहते फिर रहे हैं कि नायब सिंह सैनी सिर्फ घोषणाएं कर रहे हैं। मैं हुड्डा और कांग्रेस को बता देना चाहता हूं कि मैंने खाली घोषणाएं ही नहीं की,बल्कि घोषणा करके उसे धरातल पर उतारा है। नायब सैनी ने कहा कि हुड्डा साहब जितने दिन मुझे काम करने के लिए मिले हैं, उनमें सिर्फ आपको ट्रेलर दिखाया है, 8 तारीख के बाद पिक्चर शुरू होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के पास जो नेता होते थे आज भी वही नेता हैं।

विपुल गोयल ने भरा नामांकन

अमर भारती संवाददाता, फरीदाबाद, ¬ पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद कृष्णपाल गुर्जर की मौजूदगी में आज फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल व तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व सैक्टर-16 में विशाल सभा का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा समेहत भजापा के अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनोहर लाल ने दोनों उम्मीदवारों को जीत का आशीर्वाद देते हुए कहा कि हरियाणा में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा में कार्यकर्ता और नेता पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हैं, जहां व्यक्तिगत स्वार्थ से परे जाकर संगठन को मजबूत किया जाता है। उन्होंने ओल्ड फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता द्वारा विपुल गोयल को समर्थन देने को एक अनुकरणीय उदाहरण बताया।इस मौके पर फरीदाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी विपुल गोयल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आशीर्वाद व विधायक नरेंद्र गुप्ता व भाजपा के कार्यकर्त्ताओं के सहयोग व फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता के स्नेह व सहयोग से फरीदाबाद विधानसभा सीट पर पुन¬ कमल खिलेगा और फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता कमल पर वोट देकर ऐतिहासिक जीत की साक्षी बनेगी।

लघु समाचार

सीबीआई अधिकारी बनकर युवक से ढाई लाख की ठगी

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। साइबर क्राइम थाना ईस्ट क्षेत्र में सीबीआई अधिकारी बनकर जालसाज ने ड्रग्स व मानव तस्करी में संलिप्तता का भय दिखाकर युवक से ढ़ाई लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-55 में रहने वाले अनिल प्रकाश भटनागर ने कहा कि उनके पास बीती 5 सितंबर को सुमेध मिश्रा नामक युवक की कॉल आई। जिसने खुद को कस्टम विभाग में कार्यरत बताया और कहा कि दिसंबर 2023 में दिल्ली से मलेशिया के लिए वांग झांग के नाम से पार्सल भेजा गया था। जिसमें 140 ग्राम ड्रग्स, 16 नकली पासपोर्ट, 58 एटीएम कार्ड हैं। सुमेध मिश्रा ने अनिल को तुरंत मोबाइल नंबर पर पुलिस स्टेशन वसंत कुंज, दक्षिण दिल्ली से संपर्क करने को कहा। अनिल घबरा गया और उसने सुमेध मिश्रा द्वारा दिए गए नंबर पर संपर्क किया। जहां से उसे पता चला कि मादक पदार्थ और मानव तस्करी का एक कुख्यात गिरोह सक्रिय है। जिसमें अनिल प्रकाश भटनागर सहित कई सक्रिय व्यक्ति शामिल हैं। जिनका एचडीएफसी शाखा में एक बैंक खाता है। इस गैंग की तमाम ट्रांजेक्शन उस अकाउंट में की जाती है। उन्होंने अनिल को डराते हुए कहा कि वह इस केस में आरोपी है और बिना अनुमति कहीं नहीं जा सकता है। इसके बाद अनिल की मुंबई से आए तथाकथित सीबीआई अधिकारी से बातचीत कराई गई। बताया गया कि वही इस केस की जांच कर रहे है। सीबीआई अधिकारी ने अपना नाम अजीत श्रीवास्तव बताया और कहा कि वह सीबीआई में विशेष अधिकारी हैं और पहले पंजाब के पुलिस महानिदेशक थे और आईबी में भी कार्यरत थे। उसने अनिल से कहा कि यह केस बहुत ही जघन्य अपराध का है और अनिल इसमें शामिल है। इसको लेकर अनिल की पूरा बैक ग्राउंड देखते हुए उसकी जांच की जाएगी और पूछताछ की जाएगी। उन्होंने अनिल से उसके अकाउंट में मौजूद ढ़ाई लाख रुपये एक अन्य अकाउंट में ट्रांसफर करवाए। वहीं कहा गया कि अनिल को क्लीन चिट मिलने पर रुपये वापस कर दिए जाएंगे। उन्होंने अनिल के मकान का पता भी नोट किया और कहा कि जब भी जरूरत होगी उसे मकान के दस्तावेज भी जमा कराने होंगे। इसके बाद अनिल से संपर्क खत्म कर दिया गया। बाद में अनिल को पता चला कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

मस्जिद के बाहर खड़ी बाइक चोरी

अमर भारती संवाददाता, तावडू। शहर के नूंह रोड पर स्थित मस्जिद के बाहर खडी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक मालिक के पिता की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव गोगजाका निवासी सरफुदीन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका पुत्र जाकिर की बाईक को लेकर गत 9 अगस्त को दोपहर 1 बजे के लगभग 66 केवी बिजली घर तावडू के सामने स्थित मस्जिद में जुम्मा की नमाज पढने के लिए आया था। बाईक मस्जिद के बाहर ताला लगाकर खड़ी कर दी और नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद के अन्दर चला गया। जब कुछ समय बाद वह मस्जिद से बाहर आया तो बाईक वहां पर नहीं थी। उसने बाइक की काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने सरफुदीन की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्मपन्न

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। स्थानीय रेस्ट हाऊस के सभागार में आज जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण और जिला बाल संरक्षण ईकाई की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर अधिवक्ता डा. सुजान सिंह और मुनमुन गोयल ने अधिकारियों को नशा के प्रति जागरूकता लाने तथा इस अपराध को मिटाने के लिए प्रेरणा दी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि डीएलएसए की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रेस्ट हाऊस में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में समाज कल्याण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम, शिक्षा विभाग, कौशल विकास क्लब, साइबर क्राइम ब्रांच के अधिकारी, बाल देखभाल संस्थान, उड़ान केयर होम, जन्नत आश्रम और फहाल जैसी एनजीओ के पदाधिकारियों ने शिरकत की। शिविर में मास्टर ट्रेनर डा. सुजान सिंह व अधिवक्ता मुनमुन गोयल ने अधिकारियों को बताया गया कि नशा हमारे समाज को लगातार विकृत कर रहा है। अब बड़ी संक्चया में महिलाएं और बच्चे भी नशे की प्रवृत्ति का शिकार हो रहे हैं। समाज को नशा जैसी बुराई से दूर रखने के लिए हमें लगातार अपने बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य और अच्छे कैरियर में प्रति जागरूक रखना होगा। शिविर में पुलिस अधिकारियों से आह्वान किया गया कि जहां कहीं नशा के रैकेट गुरूग्राम जिला में चलाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। इस शिविर में सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे नशे को मिटाने के लिए अपनी ओर से भरसक प्रयास करेंगे।

चौथे दिन लाडवा विस क्षेत्र से 3 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

अमर भारती संवाददाता, शाहबाद, पिहोवा, थानेसर विस क्षेत्र से किसी प्रत्याशी ने नहीं भरा नामांकन, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मान सिंह चोपड़ा, आजाद उम्मीदवार भजन सिंह व रजनीश सैनी ने भरा नामांकन, 12 सितंबर तक भरे जा सकेंगे नामांकन लाडवा/कुरुक्षेत्र 9 सितंबर(अजय शर्मा) जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि 5 सितंबर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु हो गई थी। सोमवार को नामांकन के चौथे दिन लाडवा विधानसभा क्षेत्र से 3 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए है, जबकि थानेसर, पिहोवा व शाहबाद विधानसभा क्षेत्र से 9 सितंबर को कोई नामांकन पत्र नहीं भरा गया है। अहम पहलू यह है कि अब तक कुरुक्षेत्र के चारों विधानसभा क्षेत्रों से कुल 5 नामांकन पत्र दाखिल हुए है,

जिनमें से 4 नामांकन लाडवा विधानसभा व 1 नामांकन पिहोवा विधानसभा से भरा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश जोगपाल ने कहा कि सोमवार को पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी गांव बपदा निवासी मान सिंह चोपड़ा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसी प्रकार आजाद प्रत्याशी न्यू शक्ति नगर कुरुक्षेत्र निवासी रजनीश सैनी व गांव मनकमाजरा करनाल निवासी निवासी भजन सिंह ने आजाद प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन भरा है। कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभा क्षेत्रों से अब तक 5 नामांकन पत्र दाखिल हुए है।

पांचवें दिन 4 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

अमर भारती संवाददाता, फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 86-एनआईटी फरीदाबाद विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर राजकुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा के समक्ष, 90- तिगांव विधानसभा के नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर राजेश नागर ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सतबीर मान के समक्ष और 89-फरीदाबाद विधान सभा के नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर विपुल गोयल ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिखा अंतिल के समक्ष, 87 - बडख़ल विधानसभा से बुलंद भारत पार्टी से प्रेम चंद गौड़ ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी अमित मान के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन

आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 05 सितम्बर से 12 सितंबर तक अवकाश के दिन को छोडकर सभी छह विधान सभाओं के लिए निर्धारित स्थानों पर, 85-पृथला के लिए नामांकन पत्र सेक्टर-12, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी कार्यालय में, 86-एनआइटी के नामांकन के लिए लघु सचिवालय की पहली मंजिल पर स्थित कोर्ट रूम, कमरा नंबर 108 में, 87- बडख़ल के लिए एनआइटी नंबर-01 बडख़ल एसडीएम कार्यालय में, 88-बल्लभगढ़ के नामांकन उपमंडलीय कार्यालय परिसर बल्लभगढ़, एसडीएम कार्यालय बल्लभगढ़, कमरा नंबर-03 में, 89-फरीदाबाद के नामांकन के लिए सेक्टर-12, लघु सचिवालय, एसडीएम कार्यालय, कमरा नंबर-201 में और 90-तिगांव विधान सभा के नामांकन के लिए लघु सचिवालय की चौथी मंजिल पर कमरा नंबर-410 में प्रात¬ 11¬00 बजे से 3¬00 बजे तक नामांकन दिए जा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि आज सोमवार को नामांकन के पांचवे दिन 85- पृथला विधानसभा, 88- बल्लभगढ़ विधान सभा में कोई भी नामांकन नहीं आया। किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जागरूकता अभियान : डॉ आनंद शर्मा

- स्वीप एक्टिविटी के तहत आंगनबाड़ी वर्करों ने मतदान के लिए किया जागरूक

अमर भारती संवाददाता, फरीदाबाद। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार विधानसभा आम 2024 को देखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की प्रक्रिया जिले में शुरू हो गई है। इसके तहत जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा ने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत आज तिगांव, अगवानपुर, तिलपत और पल्ला आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से चुनाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी वर्करों के द्वारा द्वारा आज घर -घर कार मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता एवं जानकारी के लिए स्लोगन लिखकर लोगों को मतदान के दिन 05 अक्टूबर को

अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी वर्करों ने घर-घर जाकर महिलाओं से मिलकर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक-एक वोट की क्या कीमत होती है और यह कैसे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। इसके साथ ही, मतदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी, जैसे मतदान केंद्रों पर किस प्रकार मतदान करना है, वोटर आईडी कार्ड की आवश्यकता, और चुनाव के दिन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपील की गई। डॉ मंजू श्योराण के कहा कि हम सबको अपनी जिम्मेदारी बस इतनी रखनी है कि अपने अपने परिवारों के व जान-पहचान के लोगो के साथ आगामी 05 अक्टूबर को वोट डालने मतदान केंद्र पर जरूर जाना है। बदलाव खुद से ही होता है। इसलिए सबसे पहले अपने परिवार के साथ लोकतंत्र के पर्व पर मतदान करना सुनिश्चित करे। युवा मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन और लालच के स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए स्वयं तत्पर रहना है और अपने गली-मोहल्ले में भी सभी मतदाताओं को जागरूक करना है। एक-एक वोट बहुत कीमती होती है। इसलिए अपने मत का सही प्रयोग करें।

आईआरएस श्रवण कुमार बंसल होंगे पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक

- चुनाव खर्च से संबंधित शिकायत के लिए नागरिक उनके मोबाइल नंबर 9289739503 पर कर सकते हैं संपर्क

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जिला गुरूग्राम के दो विधानसभा क्षेत्र नामतः 75-पटौदी (अ. जा.) व 76-बादशाहपुर के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आईआरएस श्रवण कुमार बंसल को व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भारतीय राजस्व सेवा के वर्ष 2009 बैच के अधिकारी श्री श्रवण कुमार बंसल हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान उक्त दोनों विधानसभा चुनाव में खर्च पर नजर रखेंगे। जिला गुरूग्राम की पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा के मामलों में चुनाव खर्च से संबंधित शिकायत के लिए नागरिक उनके मोबाइल नंबर 9289739503 पर संपर्क कर सकते हैं। गुरुग्राम जिला में चुनाव के दौरान व्यय सम्बन्धी मामलों की सूचना या शिकायत विधानसभावार व्यय पर्यवेक्षकों को सीधे मोबाइल पर भी दी जा सकती हैं।

विस चुनाव नहीं लड़ेंगे उमेश अग्रवाल

गुरुग्राम। पूर्व विधायक एव ं आम आदमी पाटीज़के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बदले राजनीतिक हालात के मध्यनज़र विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैंसला किया है। उन्होंने कहा कि पाटीज़ उन्हें चुनाव प्रचार के लिए जो जिम्मेदारी सौंपेगी उसे वे पूरा करेंगे।

बुकिंग से ज्यादा रुपये मांगने पर युवती की गला दबाकर हत्या

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। सदर थाना क्षेत्र के एक होटल में बुकिंग से ज्यादा रुपये मांगने पर युवती की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने युवती को ऑनलाइन ब्रोकर के जरिये बुक करके होटल में बुलाया था। युवती बुकिंग से ज्यादा रुपये मांग रही थी जिस पर आरोपी ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात को झाड़सा स्थित मोहित गेस्ट हाउस में एक युवती की हत्या किए जाने की सूचना मिली। जिस पर एसीपी सदर, सदर थाना प्रभारी, सीन-ऑफ-क्राइम, फिंगरप्रिंट की टीमें मौके पर पहुंचीं। जहां पर कमरे में फर्श पर एक महिला मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली। मृतका की पहचान यूपी के मोहबा निवासी 23 वर्षीया लक्ष्मी के रूप में हुई। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया। वहीं मृतका की बहन ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन पिछले दो माह से झाड़सा गांव में किराये पर रहती थी और फील्ड में थैरेपी करने का काम करती थी। उसने आरोप लगाया कि लक्ष्मी के साथ होटल में अनिल ने दुष्कर्म किया और उसकी हत्या करके फरार हो गया।मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई संजय कुमार की टीम ने जांच करते हुए हत्यारोपी 40 वर्षीय अनिल पहल को अशोक विहार से काबू कर लिया। ज्योति पार्क निवासी आरोपी अनिल पहल ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में कस्टम ब्रोकर की नौकरी करता है। उसने बीती छह सितंबर को दो दिन के लिए मोहित गेस्ट हाउस में एक रूम बुक किया था। उसने शनिवार को ऑनलाइन ब्रोकर के माध्यम से एक युवती को पांच हजार रुपये में बुक किया था। देर सांय ब्रोकर युवती को उसके रूम में छोड़कर पांच हजार रुपये ले गया। लेकिन उसके बावजूद युवती उससे 2500 रुपये और मांगने लगी तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया।

बिजली कटौती और जलभराव से हुई परेशानी

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। साइबर सिटी में रविवार की शुरुआत रिमझिम बारिश से हुई। सुबह से शुरू हुई बारिश देर शाम तक होती रही। बारिश से जहां तापमान में कमी दर्ज की गई वहीं लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में लोगों को 3 से 4 घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बारिश के कारण जलभराव की समस्या से भी लोग परेशान रहे।जिले में 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश पटौदी ब्लॉक में हुई। पटौदी ब्लॉक में 50 एमएम और बादशाहपुर में सबसे कम 4 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गुरुग्राम में 12 मिमी, कादीपुर में 11 मिमी, हरसरू में 11 मिमी, वजीराबाद में 8 मिमी, सोहना में 15 मिमी, फर्रुखनगर में 16 मिमी और मानेसर में 26 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते शीतला माता रोड पर पानी भर गया। वाहनों को जलभराव के बीच से गुजरना पड़ा। पैदल निकलने वाले लोगों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।

मंगलवार को भाजपा का मेगा नॉमिनेशन, मुख्यमंत्री सहित 21 भाजपा नेता करेंगे नामांकन

अमर भारती संवाददाता, चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के चुनावी माहौल में मंगलवार को प्रदेश की लाड़वा विधानसभा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपना नामांकन दाखिल करेंगे, जिसे लेकर भाजपा संगठन ने तैयारी तेज कर दी है। नामांकन से पहले मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद लेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। कार्यक्रमों में भारी संख्या में आम जनता जुटेगी। गौरतलब है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के 21 अन्य भाजपा उम्मीदवार भी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अलग-अलग सीटों पर नामांकन दाखिल करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा चुनावों के लिए लाडवा सीट से नामांकन भरने जा रहे हैं। लाड़वा की जनता के लिए नायब सिंह सैनी पहले से ही पसंदीदा चेहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री का पदभार संभालने से पूर्व नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद थे और लाडवा विधानसभा उनके इसी संसदीय क्षेत्र का एक हिस्सा है। लाडवा में सैनी की मजबूत पकड़ मानी जाती है। मंगलवार सुबह 10 बजे पर्चा भरने से पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं

और युवाओं के बीच जा कर उनसे सीधा संवाद करते हुए उनके भीतर उत्साह का संचार भी करेंगे। महिलाओं और युवाओं में अद्वितीय लोकप्रियता रखने वाले सीएम के नामांकन कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों के पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम में कद्दावर भाजपा नेता व सांसद नवीन जिंदल भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे। अपना नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारनौद के लिए रवाना होंगे, जहां वे कैप्टन अभिमन्यु के नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाएंगे। भाजपा के 19 और प्रत्याशी भी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

अखिल भारतीय ग्रामीण उत्थान समिति ने अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

अमर भारती संवाददाता, तावडू। उपमंडल के गांव कालरपुरी व रंगाला में एसबीआई फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय ग्रामीण उत्थान समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें गोपाल बाजिया ने साक्षरता दिवस की थीम बहुभाषी शिक्षा को बढावा देने, आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता पर थी।

उन्होंने उक्त विषयों को समझाते हुए कहा कि आपसी समझ, सामाजिक सामंजस्य और शांति को बढ़ावा देने के लिए बहुभाषी शिक्षा का उपयोग करना आवश्यक है। साक्षरता विकास और शिक्षा के लिए पहली भाषा-आधारित, बहुभाषी दृष्टिकोण अपनाने के संज्ञानात्मक, शैक्षणिक और सामाजिक, आर्थिक लाभों पर प्रकाश डालता है। साक्षरता व्यक्तिगत सशक्तिकरण, सामुदायिक विकास और राष्ट्रीय प्रगति में साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इस दिवस का उद्देश्य

साक्षरता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और सभी के लिए समावेशी शिक्षा की वकालत करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल साक्षरता में उपलब्धियों का जश्न मनाता है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता और सहयोगात्मक प्रयासों का आह्वान भी करता है कि प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक साक्षरता कौशल हासिल करने का अवसर मिले। इस दौरान गांव के वृद्ध महिला और पुरुष को उनके नाम लिखना सिखाकर इस प्रोग्राम को अधिक उपयुक्त बनाया गया। इस दौरान प्रोग्राम में उपस्थित गांव से पधारे वृद्ध लोग व फांउडेशन के सुरेश, सीमा, अनिता, प्रियंका, विकास, सुमन, हरी सिंह, राजेश, सतपाल, वीरेन्द्र, सन्नी आदि उपस्थित थे।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

आज नामांकन भरेंगे राव नरबीर

खेडकी माजरा में मेडिकल कालेज और काकरोला में बना विश्वविद्यालय बदलेंगे गुरूग्राम के युवाओं की तकदीर

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वह मंगलवार, 10 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने उनसे वादा किया है कि वह बादशाहपुर में आकर उनके द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि अमित शाह जिस जनसभा में आएंगे वह हरियाणा की ऐतिहासिक जनसभा होगी। उन्होंने कहा कि इस जनसभा के माध्यम से बादशाहपुर के लोगों को दिखाना भी है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। राव नरबीर सिंह सोमवार को गांव खेडकी माजरा, मोहम्मद हेडी, बाबूपुर, जहाजगढ़, धरमपुर, समसपुर, तीगरा, मैदावास, एनकेवी कालोनी में सभाओं को संबोधित कर रहे थे।खेड़की माजरा में मेडिकल कालेज और ककरौला में विश्वविद्यालय लेकर आया तो बदलने लगे हालात राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में बादशाहपुर की जनता के आशीर्वाद से वह चुनाव जीते और भाजपा सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। जनता ने जो विश्वास उनपर जताया था उसपर खरा उतरने में उन्होंने अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। विकास के जितने काम वह करा सकते थे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उन्होंने वह काम कराए। खेडकी माजरा गांव में मेडिकल कालेज लेकर आए। वहीं काकरोला में विश्वविद्यालय की स्थापना कराई। यह दोनों कोई छोटे प्रोजेक्ट नहीं थे लेकिन सरकार में उनकी इतनी मानी जाती थी कि जो डिमांड उन्होंने रखी उसे तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय नेतृत्व ने कभी मना नहीं किया।राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरूग्राम बढ़ता और बदलता हुआ शहर है। प्रदेश के खजाने में 56 प्रतिशत राजस्व गुरूग्राम देता है लेकिन विकास के मामले में अभी भी यह पिछड़ा हुआ है। 2014 से 2019 तक वह सरकार से गुरूग्राम के हिस्से का पैसा लाते रहे क्योंकि उस समय राव नरबीर सिंह के हाथों में यहां की कमान थी। 2019 से 2014 तक गुरूग्राम में विकास की एक ईट तक नहीं लगी क्योंकि यहां का नेतृत्व बेहद कमजोर हाथ में रहा। बादशाहपुर के विधायक ने एक मांग भी नहीं उठाई जिसे सरकार पूरा कर देती। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम को उसका हक मिलता रहे इसके लिए वह हमेशा लड़ाई लड़ते रहेंगे। वह यह नहीं कहते कि जितना रेवेन्यु गुरूग्राम देता है वह सारा का सारा यहीं पर खर्च कर दिया जाए लेकिन कम से कम यहां की मूलभूत सुविधाओं के लिए तो बजट की कमी न छोड़ी जाए।

सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 15 सितंबर तक करें आवेदन : डीसी

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत- पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किये जाये, जिनकी उत्कृष्टता और वास्तव में सम्मान की हकदार है।डीसी ने बताया कि कि पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण गृह मंत्रालय की वेबसाइट एमएचए.जीओवी.इन और पद्म पुरस्कार पोर्टल पदमा अवार्ड.जीओवी.इन पर पुरस्कार और पदक शीर्षक के तहत व कानून और नियम वेबसाइट पर पदमा अवार्ड.ओवी.इन/अबाउट अवाड.एएसपीएक्स पर उपलब्ध कराई गई है।

लघु समाचार

इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में पोर्ट करना क्यों है बेहतर विकल्प

अमर भारती संवाददाता, नई दिल्ली। पिछले कुछ सालों में बैंकों का इंश्योरेंस कंपनियों के साथ मिलकर कम रेट पर ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस देना आम हो गया है। इससे ग्राहकों को आर्थिक लाभ मिलता है, लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। अगर बैंक का किसी दूसरे बैंक से विलय हो जाता है, तो यह जरूरी नहीं है कि नया बैंक उसी इंश्योरेंस कंपनी के साथ अपनी साझेदारी बनाए रखे। इसके अलावा, बैंकों द्वारा दी जाने वाली इंश्योरेंस पॉलिसियों में कमरे के किराए और अन्य खर्चों पर लिमिट हो सकती हैं। इंश्योरेंस कंपनियों के पास ग्रुप पॉलिसी को बीच में ही बंद करने का अधिकार होता है क्योंकि यह बैंक और इंश्योरेंस कंपनी के बीच की बातचीत पर निर्भर करता है। इससे ग्राहकों को बिना इंश्योरेंस के रहना प? सकता है और उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। सिद्धार्थ सिंघल, हेड-हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम ने कहा, आईआरडीएआई ने इन समस्याओं पर ध्यान दिया है और ऐसे दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिससे ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस से पर्सनल इंश्योरेंस में बदलाव करना संभव हो गया है। उपभोक्ता धीरे-धीरे इंडिविजुअल हेल्थ इंश्योरेंस की तरफ बढ़ रहे हैं। पॉलिसीबाजार की जानकारी के अनुसार, अपनी पॉलिसी बदलने वाले कुल स्वास्थ्य बीमा ग्राहकों में से 15त्न अब बैंक आधारित पॉलिसियों से रिटेल इंडिविजुअल पॉलिसी में स्विच कर रहे हैं।रिटेल इंडिविजुअल इंश्योरेंस पॉलिसी बैंक की योजनाओं से अधिक लाभ देती हैं। इनमें लाइफटाइम रिनुअल की सुविधा होती है, यानी जब तक पॉलिसीधारक चाहे, उसे कवरेज मिलता रहता है।÷ रिटेल योजनाओं में आमतौर पर कम सब-लिमिट होती हैं। जिससे अलग-अलग चिकित्सा खर्चों के लिए ज्यादा व्यापक कवरेज मिलता है। इसके अलावा, इनमें कंज्यूमेबल्स, ओपीडी और पहले से मौजूद बीमारियों के लिए कम वेटिंग पीरियड जैसे अतिरिक्त ऐड-ऑन भी शामिल होते हैं।

अभि0 गण न्यायालय के समक्ष पेश

अमर भारती संवाददाता, स्वार। नेहा पत्नी बाबू निवासी फाजलपुर थाना

स्वार जनपद रामपुर ने अभि0 गण 1.अजय पुत्र मदनलाल 2. बन्टी पुत्र ख्यालीराम 3. धर्मेन्द्र पुत्र तुलाराम 4. सनी पुत्री गोविन्द निवासी गण ग्राम फाजलपुर थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा वादिनी के साथ छेडछाड कर बलात्कार करने का प्रयास करना तथा वादिनी व वादिनी के पति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 393/2024 धारा 64/62/74/115(2)/351(2) बीएनएस पंजीकृत कराया। पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी स्वार के पर्यवेक्षण में एंव मुझ प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना स्वार पुलिस द्वारा दिनांक 08.09.2024 को 1.अजय पुत्र मदनलाल 2. वन्टी पुत्र ख्यालीराम 3. सनी पुत्र गोविन्द निवासी गण ग्राम फाजलपुर थाना स्वार जनपद रामपुर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम फाजलपुर शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभि0 गण को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

एडीसी ने लवकेश कटारिया को ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। युवा मतदाताओं को पांच अक्तूबर के दिन विधानसभा चुनाव में वोट के अधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा देने के लिए प्रसिद्ध यूट्यूबर व बिग बॉस के प्रतिभागी लवकेश कटारिया को स्वीप कार्यक्रम का यूथ अंबेसडर नियुक्त किया गया है।स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने आज यूट्यूबर लवकेश कटारिया को स्वीप कार्यक्रम के लिए यूथ ब्रांड अंबेसडर का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जिला की चारों विधानसभाओं में करीब 41 हजार नौजवानों के वोट बनाए गए हैं। स्वीप अभियान के तहत जिला में कई स्थानों पर रोजाना मतदान जागरूकता की मुहिम चलाई जा रही है। इसी मुहिम को गति प्रदान करने के लिए युवाओं के चहेते लवकेश कटारिया को स्वीप का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है।यूट्यूबर लवकेश कटारिया ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। लोकतांत्रिक परंपरा में वोट का बड़ा महत्व होता है। इसलिए वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म तथा युवाओं के बीच जाकर उनसे पांच अक्तूबर को मतदान करने की अपील

बेरोजगारी में सफाई कर्मचारी की नौकरी लेने की लाइन में शिक्षित युवा : एचपी यादव

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा सरकारी कार्यालयों की सफाई के लिए नगर निगमों के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए। जिसमें 15000 रुपये प्रतिमाह के वेतन के लिए 6000 स्नातक तथा 40000 स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह भर्ती संविदा के आधार पर की जा रही है। यह हमारे देश के लिए बहुत ही चिंता का विषय है।यह जानकारी देते हुए एनसीआर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एचपी यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए इतनी बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं का आवेदन करना यह दिखाता है कि देश में बेरोजगार कितनी बढ़ गई है। एचपी यादव ने बताया कि वर्तमान में युवाओं का तकनीकी क्षेत्रों में रुझान कम हो रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हरियाणा की आईटीआई में लगभग 40 प्रतिशत सीटें खाली हैं। युवाओं की रुचि तकनीकी शिक्षा की तरफ कम होती

ज्ञान चंद गुप्ता ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अमर भारती संवाददाता, पंचकूला। ज्ञान चंद गुप्ता ने आज पंचकूला विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र बरवाला में विधिवत पूजा-पाठ, हवन यज्ञादि करके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा, भारतीय जनता पार्टी अनुशासित कार्यकर्ताओं का संगठन है जो अपने हर चुनाव में चुनाव आचार संहिता का पूरी निष्ठां से पालन करते हुए सुचितापूर्ण ढंग से विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ती है, हमने पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में पंचकूला विधानसभा में लिए लगभग साढ़े पांच हज़ार करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जिसमे बरवाला के ग्रामीण क्षेत्रो को पूरी प्राथमिकता दी गयी है, हम आंकड़ों के आधार पर प्रमाणिकता के साथ बात करते है, बरवाला में करवाए गए विकास के कार्यो जैसे सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली इत्यादि से क्षेत्र की बड़ी आबादी को भरपूर लाभ मिल रहा है, बरवाला आज विकास की मुख्यधारा से जुड़ चुका है, 2014 के पहले के बरवाला में और आज 2024 के बरवाला में जमीन आसमान का फर्क साफ़ देखा जा सकता है, विकास की यही गति हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रमोद कौशिक ने कहा पंचकूला में भाजपा के पक्ष में बहुत अच्छा माहौल है, पिछले दस वर्षो के कार्यकाल में ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा करवाए के अनगिनत विकास के कार्यो से पंचकूला की जनता बहुत खुश है और पंचकूला से लगातार तीसरी बार ज्ञान चंद गुप्ता को प्रचंड बहुमत से जीता कर हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार हमने पंचकूला विधानसभा में शानदार जीत दर्ज़ की, उसी प्रकार इस विधानसभा चुनाव में हम दुगुनी ताकत के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पंचकूला से ज्ञान चंद गुप्ता को बड़े मार्जिन से प्रचंड जीत दिलाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर बरवाला मंडल प्रधान गौतम राणा, पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच, मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय जनता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गुम हुए बालक को पुलिस द्वारा तलाश कर परिजनों से मिलाया

अमर भारती संवाददाता, स्वार। रात्रि समय करीब 22.00 बजे ग्राम रुस्तम नगर छपर्रा थाना स्वार में एक बालक उम्र करीब 8 वर्ष लावारिस हालत मे घूमता मिलने पर तथा अपने परिजनों का नाम व पता नहीं बताने पर ग्रामीणों द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई जिसकी सूचना थाना स्थानीय को प्राप्त होने पर बालक को जरिये थाना मोबाइल उ0नि0 श्री धीरज चौधरी द्वारा थाने पर लाया गया तथा गहनता से जानकारी करने पर बालक ने अपना नाम गुलवेज पुत्र गुड्डू निवासी स्वार रामपुर बताया तथा कोई भी मोबाइल नंबर नहीं बताया गया जिसके सम्बन्ध में फैण्टम कर्म0गणों (कां0 2009 कमलजीत सिंह व हो0गा0 1233 राजाराम) को परिजनों को तलाश करने हेतु सूचित किया गया । काफी मेहनत एवं सक्रियता पर बालक के पिता की जानकारी हुई, जिनको सूचना दी गई । सूचना पाकर दिनांक इमरोजा में गुड्डू उर्फ मौ0 रफी पुत्र अब्दुल गाबिद नि0 मौ0 खास स्वार वार्ड नं0 8 सुक्कन वाली गली कस्बा व थाना स्वार जनपद रामपुर (बच्चे के पिता) व सादिक पुत्र अब्दुल गाबिद नि0 उपरोक्त (बच्चे के ताऊ) थाना पर उपस्थित आये एवं अपने बच्चे को पाकर खुशी जाहिर की तथा बताया कि यह बिना बताये घर से चला जाता है जिसको तलाश करके हम लोग परेशान हो गये थे । उक्त बालक गुलवेज उम्र करीब 8 वर्ष को उसके पिता गुड्डू उर्फ मौ0 रफी व बच्चे के ताऊ सादिक उपरोक्त के सुपुर्द किया गया । हिदायत दी गई कि बालक का विशेष ध्यान रखेंगे और बाहर नहीं जाने देंगे।

कैनविन सच्चा साथी परिवार मिलन समारोह विशाल जनसभा में हुआ तब्दील

अमर भारती संवाददाता, गुरूग्राम। कैनविन फाउंडेशन की जनसेवा से आमजन को जोडने् के लिए मुहिम कैनविन सच्चा साथी का परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंगर एमडी व आजाद मंडोरी के गीतों पर लोग जमकर नाचे। आजाद मंडोरी द्वारा गाए गए गीत- शीतला माता संग तेरे तुझे कौन गिरा सकता है, गुरुग्राम तेरे साथ खड़ा तुझे कौन हरा सकता है...पर हर कोई झूम उठा।नवीन गोयल जब सच्चा साथी परिवार मिलन समारोह में पहुंचे तो गुलाब के फूलों की पंखुडियों की बरसात से उनका भव्य स्वागत किया गया। वहां स्वागत में खड़े बुजुर्गों से नवीन गोयल ने आशीर्वाद लिया। हर किसी से आत्मीयता से मिलने हुए नवीन गोयल ने सबका आभार जताया। समारोह में मौजूद हजारों कैनविन सच्चा साथी का डा. डी.पी. गोयल व नवीन गोयल ने मंच से दोनों हाथ जोडक़र अभिवादन किया। इस भव्य समारोह के लिए सच्चा साथी की संचालक डा. मोनिका सांगवान को इस बड़े आयोजन के लिए बधाई दी।

गुडग़ांव को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिला है- नवीन गोयल

भारत माता, शीतला माता, जयश्रीराम, बाबा प्रकाशपुरी जी के जयकारों के साथ नवीन गोयल ने अपनी बात की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कैनविन सच्चा साथी परिवार की सोच है कि हम किसी के चेहरे पर खुशी लेकर आए। अब गुडग़ांव को अपनी ताकत दिखाने का मौका मिला है। उन्हें उम्मीद है कि अब पहले से अधिक वोट जनता निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में देगी। उन्होंने कहा कि सबका उत्साह बता रहा है कि सब दिल से निर्णय ले चुके हैं। हमने कैनविन फाउंडेशन बनाकर लाखों लोगों को मेडिकल सेवाएं दी। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया। सरकारी योजनाओं का आमजन को लाभ दिलाया। धर्म को आगे बढ़ाने के लिए सुंदर कांड पाठ करवाए। लोगों को धार्मिक यात्राएं कराई। कोई ऐसा दिन नहीं गया जब आधी रात तक जनता के बीच ना रहे हों। जो काम शुरू किया, उसे परिणाम तक पहुंचाया। हम हर प्रोफेशन के लोगों को साथ लेकर, सर्व धर्म का संगम करके हम काम कर रहे हैं। गुडग़ांव की जनता की सेवा के लिए हम सदा सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि दुकानदार, व्यापारियों की सेवा, सुरक्षा में अनवरत लगा हूं और लगा रहूंगा। नवीन गोयल ने कहा कि हमारा प्रयास राम राज्य स्थापित करना का है। नवीन गोयल ने मंच पर लक्ष्मण विहार से समाजसेवी प्रशांत भारद्वाज का स्वागत, सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भाई प्रशांत भारद्वाज से उनकी दोस्ती 15 साल से है। उनका दिल का रिश्ता बहुत मजबूत है। हम प्रशांत को आगे बढ़ाने में हर संभव मदद करेंगे। प्रशांत भारद्वाज हमें अपने क्षेत्र लक्ष्मण विहार में मजबूत करेंगे। प्रशांत भारद्वाज ने कहा कि लक्ष्मण विहार में 20634 हैं। इसमें से 12-13 पोलिंग होगी। इनमें से हम 8000 वोट लेने का मादा रखते हैं। नवीन भाई जनता के लिए काम करने की प्रेरणा है। डा. डी.पी. गोयल ने कहा कि हमें सेवा नीति को जिताना है। राजनीति को हराना है। लोगों के दिल में हमने जगह बनाई है। तकलीफ में जनता के काम आए हैं और आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुडग़ांव की जनता समझदार है। हमें अपने काम पर फोकस करना है। मजबूती से चुनाव लडना् है। समाजसेवी अशोक सैनी ने कहा कि जब एकलव्य का अंगूठा काटा तो उसने सोचा था कि सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारी बनना है और वे बनें। ऐसे ही भाई नवीन गोयल का टिकट ना देकर कमजोर करने का प्रयास किया गया है। अब वे एकलव्य की भांति और अधिक मजबूत, निपुण हो रहे हैं।

आप जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना को बनाया सोहना तावडू से प्रत्याशी

अमर भारती संवाददाता, सोहना आप पार्टी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना ने कहा पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए सोहना तावडू विधानसभा से प्रत्याशी बनाकर भेजा है। आज कार्यकर्ताओं में प्रत्याशी बनाए जाने पर जोश है और आने वाले 5 सितंबर को विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को धूल चटाने का कार्य करेंगे ।आज प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना का स्वागत किया।उन्होंने कहा कि आज पूरे सोहना तावडू विधानसभा में जनता मूलभूत सुविधाओं को लेकर त्राहि त्राहि मची है । वहीं सड़कों नालियों सीवर बिजली, स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं पर पूरा ध्यान आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा लगातार 10 साल भाजपा का कार्यकाल रहा लेकिन धरातल पर जीरो रही। कहा आने वाला समय पूरे प्रदेश में आप पार्टी का है आप पार्टी सरकार बनते ही शिक्षा स्वास्थ्य एवं पेंशन को लेकर पार्टी की ओर से जो पांच गारंटी को लेकर प्रदेश में उतरी है उसे पर अवश्य खरा उतरेगी।वहीं नामांकन को लेकर उन्होंने कहा आज रात तक निर्णय लेंगे पार्टी के आलाकमान एवं पार्टी के नियमानुसार ही जल्द नामांकन किया जाएगा।आम आदमी पार्टी एक

उड़द की खेती जानवरों द्वारा चूगाने पर बुजुर्ग को लाठी डंडों से पीटा

अमर भारती संवाददाता, पटवाई। उड़द की खेती जानवरों द्वारा गांव के ही युवक ने चुगा डाली। उड़द की फसल को बर्बाद कर दिया। खेत मालिक जब अपने खेत पर पहुंचा तो उड़द की फसल को बर्बाद देख विरोध किया तो गांव के ही आसे युवक ने बुजुर्ग को लाठी डंडों से पीट दिया। जिसकी शिकायत बुजुर्ग युवक ने पटवाई थाने पहुंचकर शिकायत पत्र दिया। लेकिन पटवाई पुलिस ने उस शिकायत पत्र पर कोई एक्शन नहीं लिया। पूरी घटना पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम नानकार गांव की है। इसी गांव के रहने वाले किरन पाल पुत्र सुख्खी जिनका खेत कोसी के पार है उस खेत में उड़द की फसल बोई हुई है। रविवार को सुबह 10:00 बजे के करीब जब किरन पाल अपने खेत पर पहुंचे तो ग्राम नानकार मझरा गांव के रहने वाले। आसे खड़ी फसल को जानवरों द्वारा चुगा रहे थे फसल को बर्बाद कर रही थे। खेत मालिक फसल की बर्बादी को देखते हुए वह घर आ गया और पटवाई थाने पहुंचकर एक शिकायत पत्र दे दिया। पीड़ित बुजुर्ग किरण पाल ने बताया कि जब पटवाई थाने शिकायत पत्र देकर वापस लौटकर आ रहा तो युवक ने रास्ते में ही घेर कर मुझे लाठी डंडों से पीट दिया।

सोहना विधानसभा क्षेत्र में जनसभा व प्रचार सामग्री के लिए स्थान चिन्हित

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। निर्वाचन विभाग की ओर से सोहना विधानसभा क्षेत्र में प्रचार सामाग्री लगाए जाने तथा जनसभा का आयोजन करने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। जनसभा के लिए उम्मीदवार निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में ऑफलाईन या सुविधा पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सोहना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि सोहना के खेल स्टेडियम, नई अनाजमंडी परिसर तथा तावडू में नूंह रोड पर स्थित अनाजमंडी परिसर में जनसभा का आयोजन किया जा सकता है। सोहना नगरपरिषद क्षेत्र में नंगली मोड़, फव्वारा चौक, अग्रसेन चौक, लेबर चौक, बस स्टैंड, राम मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, लाखुवास पानी की टंकी, सुशील नगर चौक और सिरसका चौक पर प्रचार सामग्री को लगाया जा सकता है। तावडू नगरपालिका क्षेत्र में सोहना चौक, पटौदी चौक, लखपत चौक, रेवाड़ी चौक और मौहम्मदपुर तावडू की चुंगी नंबर 5 पर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि लगाए जा सकते हैं।एसडीएम ने बताया कि तावडू खंड के गांव खरखड़ी में कुआं चौक के समीप, पढैनी, डिगरहेडी में एससी चौपाल, जफराबाद, ग्वारका में सरपंच की बैठक के समीप, चाहाल्का, कलियाका, फतेहपुर, भंगोह, गुढी, जलालपुर सोहना में आम चौपाल, गोगजाका में थडी की बैठक के समीप, बिस्सर अकबरपुर में जहारबीर मंदिर व धर्मशाला के समीप, सूंध में पंचायत भवन व सामान्य चौपाल के समीप, माल्हाका में पंचायत घर के पास, बेरी निस्फी तावडू में एससी चौपाल व स्कूल के समीप, चीला में पीडब्ल्यूडी व सामान्य चौपाल के समीप, चिलावली में आंगनबाडी सैंटर व सामान्य चौपाल के समीप, डिढारा में स्कूल व सामान्य चौपाल के पास, दादू में आंगनबाडी सैंटर के नजदीक धर्मशाला व एससी चौपाल, बुराका तावडू में सरकारी स्कूल व सरपंच की बैठक के पास, कालरपुरी व साल्हाका में स्कूल के सामने व सामान्य चौपाल, पचगांव में पंचायत घर तथा राजीव गांधी केंद्र, जौरासी में मुख्य चौपाल व राजीव गांधी केंद्र के समीप, रानियाकी में एससी चौपाल, सामान्य चौपाल व पंचायत घर के समीप होर्डिंग, पोस्टर आदि लगाए जा सकते हैं।

वर्ल्ड जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में सृष्टि ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। गुरुग्राम की बेटी सृष्टि ने स्पेन में आयोजित वर्ल्ड अंडर-20 जूनियर कुश्ती चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। सृष्टि के स्वदेश पहुंचने पर एयरपोर्ट पर परिजनों व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।गुरुग्राम के गांव दौलताबाद की रहने वाली सृष्टि पुत्री पवन कुमार का शुरू से ही रुझान कुश्ती खेल की तरफ था। ऐसे में परिवार ने उन्हें इस खेल में निपुण बनाने के लिए आगे बढ़ाया। सृष्टि के पिता पवन कुमार के मुताबिक सृष्टि अपना पूरा फोकस खेल पर रखती है। 12वीं पास करने के बाद अब वह एमडीयू से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। साथ ही खेल को आगे बढ़ा रहा है। सृष्टि के अंतरराष्ट्रीय कोच प्रदीप मलिक व एनआईएस संदीप सांगवान ने बताया कि स्पेन में हुई कुश्ती चैंपियनशिप में पूरी तैयारी के साथ सृष्टि कुश्ती के रिंग में उतरी। इसमें सृष्टि को ब्राम्न्ज मेडल मिला। उन्होंने बताया कि सृष्टि पिछले महीने थाईलैंड से एशिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल लेकर आई थी। सृष्टि के स्वदेश पहुंचने पर परिवारजनों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव पहुंचने पर अन्य ग्रामीणों ने भी उनका स्वागत

राजेश नागर के नामांकन में पहुंचे खट्टर एवं कृष्णपाल

अमर भारती संवाददाता, तिगांव। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित उम्मीदवार राजेश नागर ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल एवं कृष्णपाल गुर्जर की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। नागर ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद लिया और जनता के सहयोग से सीट जीतकर भाजपा की झोली में डालने की बात कही।

इससे पहले सेक्टर 16 में आयोजित नामांकन सभा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के प्रति दीवानगी में राजेश नागर का कोई मुकाबला नहीं है। नागर उनके मुख्यमंत्रिकाल में अकसर आकर अपनी फाइलों को पास करने की जिद करते थे और उन्हें माननी पड़ती थी।

राजेश ने अपने तिगांव क्षेत्र की अपने बच्चे के जैसे सेवा की है। हमने भी सरकार के खजाने से कभी कोई कंजूसी नहीं की। यही कारण है कि आज पूरा तिगांव राजेश नागर के साथ है। इस अवसर पर तिगांव के भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि वह अपने दोनों बड़े नेताओं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं कृष्णपाल गुर्जर के उनके नामांकन पर पहुंचने पर अभिभूत हैं। इस अवसर पर निवर्तमान विधायक नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूजी रूप सिंह नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सरदारी, जिला पार्षद, सरपंच, पंच, बीडीसी मैंबर, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में

स्टाइल एकेडमी का हुआ भव्य शुभारंभ

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। कट एंड स्टाइल ने गुड़गांव में अपनी पहली एकेडमी का भव्य शुभारंभ किया है। यह नई एकेडमी हेयरस्टाइलिस्ट्स और मेकअप आर्टिस्ट्स बनने की चाह रखने वाले लोगों को प्रशिक्षित करेगी और तेजी से बढ़ती ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री के लिए उन्हें तैयार करेगी। डायरेक्टर्स दिनेश शर्मा एवं राजेश यादव ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि कट एंड स्टाइल देश भर में 125 से अधिक सैलून्स का आँकड़ा पार कर चुका है। ऐसे में, हम मानते हैं कि इस क्षेत्र में करियर स्थापित करने वाले लोगों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने का यह उचित समय है। कार्यक्रम में सीईओ आदित्य शर्मा के साथ गौरव वर्मा, शमित गर्ग तथा ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर की प्रमुख हस्तियाँ शामिल रहीं।

स्वामी चिदानंद सरस्वती ने डॉ. जे. पी. सिंह साहनी को सम्मानित किया

अमर भारती संवाददाता, गुरुग्राम। संपूर्ण विश्व के 50 से अधिक देशों के सनातनी पेशेवरों और व्यवसायियों की वैश्विक संस्था, संपर्क भारती, ने हरियाणा के गुरुग्राम में क्राउन प्लाजा में पहली बार सनातनी पेशेवर सम्मेलन का सफल आयोजन किया। यह सम्मेलन संपर्क भारती के भारतीय समुदाय को सशक्त बनाने और अगली पीढ़ी के नेताओं को तैयार करने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुआ। आईटी, विधिक और चिकित्सा क्षेत्रों में रुझान

डीएम से नगर पालिका ईओ को निलंबित करने की मांग

■ पालिका सभासद राजीव गोयल से फोन पर अभद्रता का आरोप

अमर भारती संवाददाता

शामली। नगर पालिका सभासदों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी पर सभासद राजीव गोयल से अभद्रता करने, जनहित के कार्य न करने व पालिका की छवि को धूमिल करने का आरोप लगाते हुए डीएम से अधिशासी अधिकारी को निलंबित कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पालिका के सभासद निशिकांत संगल के नेतृत्व में पालिका के सभासदों ने कलेक्टेऊट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नगर पालिका सभासद राजीव गोयल ने 6 सितम्बर को जनहित के कार्य के लिए पालिका के अधिशासी अधिकारी रामेन्द्र सिंह को फोन किया लेकिन उनकी बात सुनने से पहले ही अधिशासी अधिकारी आगबबूला हो गए और कहा कि जहां चाहो मेरी शिकायत कर लो, तुम और तुम्हारी सरकार मेरा कुछ नहीं कर सकती, वे जनता का काम नहीं करेंगे। निशिकांत संगल ने कहा कि जब अधिशासी अधिकारी पालिका के सभासदों से ही दुर्व्यवहार करते हैं तो आम जनता का क्या होगा। उन्होंने डीएम से अधिशासी अधिकारी को निलंबित कर, उनके द्वारा कराए गए अनियमित कार्यो की जांच, नगरपालिका की छवि को धूमिल करने के मामले में कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर सभासद पंकज गुप्ता, सेठपाल, राजीव गोयल, अनिल कुमार उपाध्याय भी मौजूद रहे।

कालू बाबा की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

अमर भारती संवाददाता

झिंझाना। कालू बाबा की जयंती पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई।जिसका शुभारंभ मौहल्ला ताडतला मंदिर से किया गया। शोभायात्रा ढोल नगाड़ों एवं झांकियों के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापिस मंदिर पर ही समापन किया।इस मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। सोमवार को कश्यप समाज द्वारा कालू बाबा की जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ आयोजक डाक्टर रामनिवास कश्यप द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ मौहल्ला ताडतला मंदिर से किया गया, जिसमें ढोल नगाड़ों एवं झांकियों के साथ साथ डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये। शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापिस मंदिर पर ही समापन किया गया।शांति व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस फोर्स तैनात

खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते स्वर्ण-रजत पदक

अमर भारती संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्रों ने खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक जीतकर कालेज का नाम रोशन किया। सोमवार को कालेज पहुंचने पर छात्रों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के सभागार में 36वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता सहारनपुर के स्टार पेपर मिल्स सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता में शामली के अंडर-17 वर्ग के खिलाडी देवांश ने 110 किग्रा. कुश्ती में स्वर्ण पदक, अंडर-14 वर्ग के खिलाडी अर्पित ने 52 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अंडर-17 वर्ग के खिलाडी प्रिन्स ने 48 किग्रा भार वर्ग, लक्की ने 65 किग्रा भार वर्ग, आर्यन ने 52 किग्रा. भार वर्ग, आरव ने 92 किग्रा. भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। सभी विजयी छात्रों को मैडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूकचंद, खेल शिक्षक नितिन कुमार, अरविन्द शर्मा, मधुबन शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा, नीटू कश्यप, अशोक सोम, अंकित भार्गव, सागर कुमार, मनोज कुमार, ब्रजपाल सिंह, कुलदीप, सुखदेव सैनी आदि उपस्थित रहे।

पानी की निकासी न होने से ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ किया प्रदर्शन

■ सडक को ऊंची न कर उसी जगह बनाने की भी मांग की

अमर भारती संवाददाता

थानाभवन। झिंझाना। क्षेत्र के गांव सींगरा में ग्राम पंचायत द्वारा सीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। एक गली के मकानों के पानी की निकासी न होने से ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़क को ऊंची न कर उसी जगह पर बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी प्रधान के खिलाफ महिला के साथ धक्का मुक्की करने तथा सड़क का गलत निर्माण करने की शिकायत की थी। सोमवार को क्षेत्र के गांव सींगरा में ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई जा रही सीसी सड़क का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान ओमवीर के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोप लगाया कि उसने गली के बीच से सड़क को बनावाना शुरू किया। जिससे पीछे के मकानों के पानी की निकासी नहीं होने की बात कही। ग्रामीणों ने सड़क को ऊंची न कर उसी जगह पर बनाने की मांग की। इसी को लेकर गांव निवासी महिला गुड्डी पत्नी संजय बालियान ने संपूर्ण समाधान दिवस कैराना में सड़क को लेकर प्रार्थना पत्र देते हुए ग्राम प्रधान ओमबीर पर आरोप लगाए कि उसके साथ धक्का मुक्की कर अभद्रता की। शिकायत के बाद अधिकारियों ने सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया था। ग्राम प्रधान ओमवीर ने बताया कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं। वहीं नाली के मामले को लेकर इंजीनियर को बुलाया जा रहा है तथा पानी की निकासी कराई जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में संजय बालियान, जयकुमार, सतपाल, अर्जुन कुमार, काला, महिला गुड्डी, पूनम, रोशनी, आरती आदि रहे।

पूर्व प्रधान ने बीडीओ से गांव की समस्याओं को लेकर की वार्ता

अमर भारती संवाददाता

झिंझाना। ऊन ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिडौली सादात के पूर्व प्रधान अच्छू मियां ने ऊन खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल से की वार्ता कर गांव की समसायों से अवगत कराते हुए बताया कि गांव की गलियां कीचड़ से अटी हुई हैं तथा गांव में हर तरफ गंदगी का राज है। वहीं सरकारी स्कूल तथा ग्राम सचिवालय के सामने भी कूड़े के ढेर लगे हैं। सोमवार को क्षेत्र के गांव बिडौली सादात के पूर्व प्रधान अच्छू मियां ने ऊन खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल से भेट कर बिडौली सादात की जनसमसाओं के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि गांव की गलियां टूटी पड़ी हैं जिनमे गांव की निकासी का पानी सड़कों पर जमा होने से कीचड़ भरा हुआ है। जिससे लोगों का निकलना दुश्वार हो रहा है। वहीं गांव में हर तरफ गंदगी फैली हुई है। गांव के सरकारी स्कूल तथा ग्राम सचिवालय के बाहर भी गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पूर्व प्रधान ने बताया कि खंड विकास अधिकारी ने ग्राम सचिव नवीन कुमार को फोन कर गांव की समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए।

किसानों की समस्याओं के समाधान को डीएम को सौंपा ज्ञापन

■ समाधान न होने पर कार्य रोककर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

अमर भारती संवाददाता

शामली। दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कोरीडोर किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठा. वीरसिंह के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को डीएम से मिलकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। सोमवार को समिति के अध्यक्ष ठा. वीरसिंह व किसानों ने डीएम को ज्ञापन देते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने आर्बिटेऊशन की सुनवाई करके आदेश पारित न होना, अतिरिक्त भूमि का अवार्ड तथा पेडों का मुआवजा न दिए जाने, अंडरपास व साइड के रास्तों की साफ सफाई व जल निकासी की व्यवस्था, किसानों द्वारा कनेक्टिंग रोड की सूची जो प्रशासन को सौंपी गयी थी, उस पर अभी तक रोड न बनाना आदि समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान न किया गया तो किसान निर्माण कार्य को रोककर धरना प्रदर्शन शुरू कर देगी। इस मौके पर विदेश मलिक, चौधरी विजेन्द्र सिंह, डा. तेजपाल, सतपाल सिंह, सतेन्द्र, सहदेव सिंह, आनंद, राकेश, नीशू राणा, गुरदयाल आदि भी मौजूद रहे।

'सर्वोत्तम जीवनशैली' बहु उपयोगी ग्रन्थः साध्वीश्री संगीतश्री जी

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। आचार्य श्री महाश्रमण दी की विदुषी शिष्या साध्वी श्री संगीत श्री के सान्निध्य में जैन श्वे. तेरापंथी सभा शाहदरा के तत्वावधान में ओसवाल सामुदायिक भवन में पर्युषण आराधना के जाप दिवस के अवसर पर साध्वी श्री जी को ÷सर्वोत्तम जीवनशैली÷ पुस्तक लेखिका डॉ. कुसुम लुनिया ने डॉ धनपत लुनिया, शाहदरा सभा अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंघी,सह मंत्री श्री महेन्द्र चोरडिया, गाजियाबाद अध्यक्ष श्री सुशील सिपानी , अणुव्रत महासमिति के पू. अध्यक्ष श्री बाबुलाल गोलछा व महिला मण्डल से श्रीमती मंजु बाँठिया के साथ भेंट की। इस अवसर पर साध्वीश्री ने फरमाया कि वर्तमान समस्याओं का समाधान सुझाती यह पुस्तक जीवनशैली परिष्कार के साथ अनेक उपयोगी जानकारियां से भरपूर है , अतः स्वाध्याय में उपयोग करने हेतु सबको इसे रखना चाहिए। इस मौके पर डॉ. कुसुम लुनिया ने अपने वक्तव्य में साध्वी श्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सर्वोत्तम जीवनशैली को सफलता का सूत्र बताते हुए इसके निर्माण में ध्यान की उपयोगिता प्रतिपादित की।

गोरखपुर दंगों की जांच को एसआईटी के गठन की मांग

आजाद अधिकार सेना ने लगाया दोषियों पर कार्रवाई न करने का आरोप

■ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, हताहत लोगों के साथ न्याय की मांग

अमर भारती संवाददाता

शामली। आजाद अधिकार सेना ने 2007 में गोरखपुर में हुए दंगों के संबंध में न्यायिक आयोग तथा पुलिस के एसआईटी का गठन कर मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई व दंगों में हताहत लोगों के साथ न्याय करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को राष्ट्रपति को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जनवरी 2007 में गोरखपुर में यूपी के वर्तमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भडकाऊ भाषण सहित अन्य आरोपों में हुई गिरफ्तारी के बाद गोरखपुर मंडल एवं उसके आसपास के कई जिलों में गंभीर संगीन घटनाएं हुई थी जिसमें डी संख्या में लोग हताहत हुए थे। इस पूरे घटनाक्रम में योगी आदित्यनाथ तथा उनके संगठन हिन्दू युवा वाहिनी का नाम भ आया था लेकिन राजनीति के आरोप प्रत्यारोप में यह मामला पूरी तरह दब गया और दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। एक तरफ तो मुख्यमंत्री अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात करते हैं वहीं उनके संगठन से जुडे प्रकरण में अब तक लोगों को न्याय नहीं मिला है। उन्होंने राष्ट्रपति से गोरखपुर दंगों की प्रशासनिक जांच के लिए न्यायिक आयोग तथा उस समय घटित अपराधों की गहन विवेचना के लिए उच्च स्तरीय एसआईटी का गठन कर दंगों में हताहत लोगों के साथ न्याय किए जाने की मांग की है। इस मौके पर ओमवीर, विनोद कुमार आदि भी मौजूद रहे।

स्ट्रेचर न मिलने से रिक्शा सहित इमरजैंसी में पहुंचा भिखारी दंपत्ति

अमर भारती संवाददाता

शामली। जिला संयुक्त चिकित्सालय में सिक्योरिटी गार्ड व मरीजों को ले जाने वाले स्ट्रेचर न मिलने के चलते सोमवार को रिक्शा में सवार एक भिखारी दंपत्ति रिक्शा सहित अस्पताल के अंदर पहुंच गया जहां चिकित्सकों ने रिक्शा सवार व्यक्ति के पैरों में हुए जख्म का उपचार किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को रिक्शा में सवार एक भिखारी दंपत्ति जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंचा लेकिन गेट पर सिक्योरिटी गार्ड के मौजूद न होने के चलते दंपत्ति रिक्शा सहित ही अस्पताल के अंदर इमरजैंसी में पहुंच गया। इसी दौरान वहां पहुंचे चिकित्सकों ने रिक्शा सवार व्यक्ति से समस्या पूछी तो उसने अपना नाम राजकुमार व अपनी पत्नी का नाम बबली बताया। रिक्शा सवार व्यक्ति ने अपने पैरों में जख्म होना बताया। चिकित्सकों ने तुरंत व्यक्ति का उपचार किया जिसके बाद उक्त दंपत्ति वहां से चले गए। बाद में चिकित्सकों ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को अस्पताल की इमरजैंसी में लाने के लिए स्ट्रेचर की व्यवस्था की जाए ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।

गैस पर लालटेन गिरने से लगी आग, युवती झुलसी

अमर भारती संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव मुंडेट कलां में गैस पर मिट्टी के तेल की लालटेन गिरने से लगी आग में एक युवती गंभीर रूप से झुलस गयी।

आनन फानन में युवती को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मुंडेट कलां निवासी सुरेश की पुत्री राधिका बीती रात अपनी रसोई में गैस पर खाना बना रही थी, इसी दौरान बिजली चली गयी जिस पर राधिका ने लालटेन जलाकर उसे गैस के ऊपर बने स्लैब पर रख दिया तभी अचानक लालटेन गैस पर आ गिरी जिससे निकले मिट्टी के तेल ने तुरंत आग पकड ली और राधिका आग में बुरी तरह झुलस गयी। राधिका की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तथा उसे आनन फानन में जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया।

पूर्व सीएमओ व आरएसएस नेता डा गोपाल भगत को पंडित विवेक जोशी ने किया सम्मानित

अमर भारती संवाददाता

नई दिल्ली। महरौली विधानसभा के सबसे चर्चित लोकप्रिय जननेता पंडित विवेक जोशी ने अपने आवास पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं आरएसएस नेता आदरणीय डॉ गोपाल भगत पूर्व सीएमओ, एमसीडी अस्पताल को राष्ट्रसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। उनके साथ श्री चंद्रकांत शर्मा भी उपस्थित रहे। कृषिवि फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष पंडित श्री विवेक जोशी ने बताया कि इस शिष्टाचार भेंट में राष्ट्र और समाज में उत्पन्न समस्याओं और समाधान पर व्यापक गंभीर परिचर्चा हुई तथा आगामी भविष्य की योजनाओं हेतु उनका मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सनातन संस्कृति के पुरोधा पं. विवेक जोशी ध्येय संकल्प से सिद्धि अभियान में महरौली विधानसभा दिल्ली सहित पूरा देश तेजी से जुड़ रहा है। डॉ. गोपाल भगत ने अपार स्नेह सम्मान विश्वास के लिए पं. विवेक जोशी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा, विवेक जोशी जी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, सनातन वैदिक हिंदू संस्कृति के प्रति इनका लगाव ही इनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, इनका व्यक्तित्व विराट, समावेशी और महान है।

आंखों की जांच के लिए निशुल्क कैम्प लगाया

अमर भारती संवाददाता

झिंझाना। कस्बे के आर्य समाज मंदिर में व्यापार मंडल द्वारा आंखों का निःशुल्क कैम्प लगाया गया।30 मरीजों की जांच कर 35 मरीजों को आपरेशन के लिए चुना जिसमें मुजफ्फरनगर के रमादेवी आई हास्पिटल के चिकित्सको द्वारा मरीजो की जांच की गयी। जिसमें आंखों के आंपरेशन के लिए मरीजों को निशुल्क मुजफ्फरनगर ले जाया गया।केम्प में लगभग 130 मरीजों ने जांच करायी।इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। सोमवार को आर्य समाज मंदिर में व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, सुनील बंसल के नेतृत्व में निशुल्क आंखों की जांच के लिए केम्प लगाया गया। जिसमें मुजफ्फरनगर के रमा देवी आई हास्पिटल के चिकित्सको मोहित गुप्ता एवं अंजू गुप्ता सहित टीम ने 130 मरीजों की आंखों की जांच की गयी ओर उनको दवाई वितरण की गयी। जिसमें से 35 मरीजों के आंखों के आंपरेशन के लिए तैयार किया गया है। जिनको निशुल्क आपरेशन के लिए मुजफ्फरनगर ले जाया जायेगा।इस मौके पर रमा देवी आई हास्पिटल की टीम के साथ साथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, सुनील बंसल,अशोक बहादुर, सुरेश मंत्री, डाक्टर गजराज सिंह,राहुल प्रेमी, राजीव गोयल का मुख्य रुप से सहयोग रहा।

दो स्कूलों व आंगनवाडी केन्द्र के चोरों ने ताले तोडे

अमर भारती संवाददाता

कांधला। क्षेत्र के गांव सलेमपुर प्राथमिक विद्यालय और आगनवाड़ी केंद्र तथा गांव फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने ताला तोड़कर हजारों की कीमत का सामान चोरी कर लिया है। स्कूल प्रधानाध्यापक सहित आगनवाड़ी कार्यकत्री ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस अंकुश लगाने में सफल नहीं हो रही है। चोर आए दिन एक के बाद एक चोरी की घटना को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे है और पुलिस के हाथ चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहे है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि चोर एक ही रात में एक ही क्षेत्र में एक से अधिक स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। थाना क्षेत्र में लगातार हों रही चोरियों के कारण क्षेत्रवासियों में भय का माहौल व्याप्त है। चर्चाएं है कि अगर क्षेत्र में हो रही चोरियों पर पुलिस रोक नही लगा पाई तो ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय लोग मिलकर रात्रि में पहरा देने पर मजबूर हो जाएंगे। क्षेत्र में सक्रिय चोरों के गैंग ने इस बार दो प्राथमिक स्कूल और एक आगनवाड़ी केंद्र को अपना निशाना बनाया है। क्षेत्र के गांव सलेमपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बीते शनिवार को शिक्षण कार्य पूरा होने के बाद सभी शिक्षक स्कूल का ताला बंद कर अपने घर चले गए थे। रविवार की छुट्टी के बाद जब वह स्कूल पहुंचे तो स्कूल के कार्यालय और और रसोई का ताला टूटा हुआ मिला और चोरों ने दो गैस सिलेंडर, एक गैस का चूल्हा,रसोई में प्रयोग होने वाले बर्तन, दाल, आलू, चावल सहित अन्य सामान और कीमती स्टेस्नरी चोरी कर लिए गए है। वही दूसरी ओर स्लेमपुर आंगनवाड़ी केंद्र पर नियुक्त आगनवाड़ी कार्यकत्री पिंकी रानी ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि चोरों ने आगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर बच्चों के बैठने के लिए रखीं बेंच, पलेट,गिलास और खेल का सामान चोरी कर लिया है। इसके बाद चोरों ने क्षेत्र के गांव फतेहपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को अपना निशाना बनाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंदपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। गौरतलब है कि चार दिन पहले भी चोरों ने क्षेत्र के गांव पंजोखरा में बिजली के तारों को तीसरी बार चोरी किया था और उसी रात में किसान के खेत पर खड़े हरे भरे पेड़ों को भी काटकर चोरी कर लिया था। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि स्कूल में हुई चोरी की सूचना मिली है,जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है व्यायाम: मामून शाह

अमर भारती संवाददाता

स्वार। जौहर फिटनेस जिम का उद्घाटन सोमवार को नगर पालिका चेयरपर्सन के पति समाजसेवी मामून शाह खान ने किया। सोमवार को जफर मैरिज हॉल के स्थित जौहर फिटनेस जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप नगर पालिका चेयरपर्सन मामून शाह खान ने किया, बॉडी बिल्डिंग के संचालक सय्यद तसलीम मिया ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन पति समाज सेवी मामून शाह खान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित व्यायाम न केवल शारीरिक अपितु हमें मानसिक रूप से भी मजबूती प्रदान करता है और अच्छा स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि खेलों में सफलता पाने के लिए शॉर्ट कट ना अपनाएं व एनोबोलिक स्टीरॉयड (प्रतिबंधित दवाइया) से दूर रहें और अपनी मेहनत के बलबूते जीवन में अपना मुकाम हासिल करें और अपने देश, प्रदेश व परिवार को गौरान्वित करें। इस अवसर पर जिम के संचालक सय्यद तसलीम मिया एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे। इस मौके पर नगर पालिका चेयरपर्सन के मीडिया प्रभारी सय्यद फैसल हसन, मोहतशीम मिया, शेहराज मिया आदि मौजूद रहे.

अल्पसंख्यक मोर्चा को 24 सितंबर तक 40000 सदस्य बनाने का दिया लक्ष्य

अमर भारती संवाददाता

रामपुर। अल्पसंख्यक मोर्चा की मीटिंग मोहल्ला बाजोडी टोला स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वसीम खान के आवास पर आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए भाटपाल संकट मोचन के जिला अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चे को पार्टी की ओर से 24 सितंबर तक 40000 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है जिसको लेकर संकट मोर्चा जनपद के क्षेत्र में तेजी से अभियान चला कर अल्पसंख्यकों को भाजपा के सबका साथ सबका विकास कार्य की जानकारी देकर नए सदस्यों को भारी संख्या में शामिल करेंगे उन्होंने कहा कि विरोधीपार्टियों ने भाजपा के प्रीति गलत भर्म फैला रखा है, भाजपा बिना भेदभाव के सबके साथ मिलकर कार्य करती है इस सरकार में अल्पसंख्यकों के लिए काफी योजनाएं हैं जिसमें बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ मुस्लिम परिवार से गरीब बच्चों की शादी प्रधानमंत्री आवास योजना निशुल्क गैसके सिलेंडर वह अन्य योजनाएं बिना भेदभाव के सभी को दीगई है इसलिए मुस्लिम समुदाय से आग्रह किया कि भाजपामें शामिल होकर पार्टी को मजबूत बनाएं और अपने बच्चों की शिक्षा आयुष्मान कार्ड के जरिए स्वास्थ्य और विकास जैसी योजनाओ का लाभ लिया है उन्होंने अल्पसंख्यक समाज से भाजपा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आवाहन किया बैठक का संचालन रानी खान ने किया इस मौके पर मोहम्मद इमरान पाशा जिला महामंत्री नूर आलम जिला उपाध्यक्ष रानी खान जिला उपाध्यक्ष इश्तियाक अहमद मंडल अध्यक्ष अबरार मंडल अध्यक्ष रिजवान मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

अग्रवाल धर्मशाला में गणेश महोत्सव आयोजित

अमर भारती संवाददाता, रामपुर । गणेश चतुर्थी पर के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला में चल रहे मराठा एसोसिएशन की ओर से गणेश महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सोमवार को सुबह भगवान गणेश को स्नान कराया गया पूजा पाठ धूप दीप नैवेद्य अर्पित करते हुए पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने गणेश वंदना प्रार्थना करते हुए सम्पूर्ण मानव कल्याण हेतु प्रार्थना की मराठा मंडल अध्यक्ष अन्ना भाई और सभी महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए आरती में शामिल रहे सूरज मराठा सुरेश मराठा सुनील मराठा संजय मराठा सुमित मराठा शिवाजी मराठा श्रेयस मराठा पूनम पवार सिंधू जाधव रूपाली यादव चंद्र प्रकाश रस्तोगी अंशुमाली रस्तोगी राधा राम भरोसे लाल यादव किशन लाल आदि मौजूदरहे।

वक्फ बिल संशोधन को रद्द करने के लिए जिला पंचायत सदस्य ने जेपीसी को भेजा सुझाव

अमर भारती संवाददाता

रामपुर। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला योजना समिति के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 को पूर्ण रूप से अस्वीकृति करने व रद्द करने के लिए अपना सुझाव संयुक्त संसदीय समिति को भेजा है। उन्होने कहा है कि भारतीय संविधान द्वारा इस्लाम और इस्लामी कानून में अपनी धार्मिक आस्था और विश्वास का पालन करने के अधिकार की गारंटी दी गई है, इसलिए वक्फ संशोधन विधेयक का रद्द होना जरुरी है। वक्फ बिल संशोधन विधयेक 2024 के लिए संयुक्त संसदीय समिति द्वारा मांगे सुझावों के सन्दर्भ में जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने जेपीसी को पत्र व मेल के द्वारा अपना सुझाव भेजते हुए अवगत कराया है कि संसद सत्र के दौरान जो वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लाया गया है, वो लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक रूप से नियम विरूद्ध है। मैं वक्फ संशोधन विधेयक का पुरजोर विरोध करता हूं। भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में सब धर्मो का सम्मान होना चाहिए। किसी एक धर्म विशेष को टारगेट कर धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करना न्यायोचित नहीं है, क्योंकि यह मौलिक अधिकारों, इस्लामी दान कानूनों और स्थापित न्यायिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा ने बताया कि यदि वक्फ संशोधन विधेयक को लागू किया जाता है, तो यह विधेयक वक्फ संपत्तियों का अधिकांश नियंत्रण सरकार को हस्तांतरित कर देगा, जो पुनर्वर्गीकरण के माध्यम से इन संपत्तियों को कम कर देगा और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए एक अपारदर्शी, पक्षपातपूर्ण और अक्षम संरचना स्थापित करेगा। इस तरह के कानून संशोधन से जनता का विश्वास कम होगा।

वकीलों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए किया प्रदर्शन

अमर भारती संवाददाता

स्वार। वकीलों ने तहसील में कथित भृष्टाचार का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप है कि एसडीएम प्रशास्निक और एसडीएम न्यायिक का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर अंकुश नहीं है जिसके कारण कर्मचारियों द्वारा किसानों और वादकारियों का शोषण किया जा रहा है। नाराज़ वकीलों ने इस दौरान तीन दिन की हड़ताल करने की घोषणा कर दी है।

सोमवार को सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन और बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने संयुक्त रूप से तहसील में फैले कथित भृष्टाचार का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर कोई अंकुश नहीं है। वकील उपजिलाधिकारी पर मनमाना रवेय्या अपनाते हुए बी एन एस की धारा 170, 135, 126, में जमानतीय अपराध होने पर भी बिना सुनवाई के मुल्जिम को जेल भेजे जाने, धारा 38 की दुरुस्ती के लिए पोर्टल शुरू न होने, लेखपालों के स्तर पर कुर्रे, पैमाइश पत्रावलियों व रजिस्ट्रार कनूनगो कार्यालय पर परवानों में अकारण देरी से नाराज़ हैं। प्रदर्शन और नारेबाजी करने में सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शकील अहमद, सचिव राशिद खान, वैभव सक्सैना, सहित दोनों बारों के वकील शामिल रहे।

हिंदू लड़की को दूसरे समुदाय का युवक भगा ले जाने में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमर भारती संवाददाता

पटवाई। पटवाई थाना क्षेत्र के एक ही गांव के दो संप्रदाय के युवक और युवती मौका देख फरार हो गए। लड़की की मां का आरोप है कि गांव का ही एक मुस्लिम युवक मेरी किशोरी युवती को बहला फुसलाकर ले गया है। मां ने बताया की बेटी की उम्र नाबालिग है। मां ने बताया कि किशोरी को गांव का ही युवक बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत पटवाई थाने में की गई तो गांव के ही कुछ लोग लड़की पक्ष के घर में घुस गए और घर में घुसकर तोड़फोड़ की लड़की परिजनों ने किसी तरह जान बचाकर पटवाई पुलिस को सूचना दी मौके पर पटवाई पुलिस पहुंच गई पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामला दो संप्रदायों से जुड़ा हुआ है। पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव के दो संप्रदाय के लड़की लड़का का प्रेम प्रसंग चल रहा था। 6 सितंबर को गांव का ही मुस्लिम युवक दूसरी संप्रदाय की युवती को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मां की तहरीर के आधार पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है मां ने पटवाई पुलिस से लड़की को बरामद करने की मांग की है। तो कहीं दो संप्रदायों से जुदा हुए मामले को देखते हुए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी। इस मामले को देखते हुए चिंतित है। गांव में दो संप्रदायों का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। लेकिन पुलिस ने दोनों संप्रदायों के लोगों को शांत कर दिया है। और पुलिस लड़की को बरामद करने में जुटी हुई है। पुलिस ने हुसैन, सफदर ,गब्बर शमशाद , पुत्र सकुरा गुड़िया पुत्र शमशाद।

आरक्षी तत्काल प्रभाव से निलंबित

अमर भारती संवाददाता

रामपुर । जनपद के थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम सिलाईबड़ा गांव में श्री कृष्ण लीला मंचन के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना मिलक व पुलिस लाइन से पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। इस दौरान दिनांक- 07/08.09.2024 की रात्रि में पुलिस लाइन से क्यू0आर0टी0 डियूटी में तैनात आरक्षी 296/180551936 स0 प0 भूपेन्द्र कुमार द्वारा अपने ड्यूटी स्थान को छोडकर ड्यूटी के दौरान ग्राम बडागांव में घूमकर जनता के व्यक्तियों के साथ अनर्गल बातेंव अभद्रता की गयी। जनता के व्यक्तियों के द्वारा उक्त आरक्षी के इस कृत्य के सम्बन्ध मेंघोर आपत्ति प्रकट की गयी। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर क्षेत्राधिकारी मिलक द्वारा स्वयंक्षेत्र में जाकर शान्ति व्यवस्था बनाते हुए आस-पास के व्यक्तियों से जानकारी की गयी तो आरक्षी 296/ 180551936 स0पु0 भूपेन्द्र कुमार द्वारा उक्त कृत्य कारित किये जाने की पुष्टिहुई। आरक्षी 296/ 180551936 स0पु0 भूपेन्द्र कुमार द्वारा पुलिस जैसे अनुशासित बल में रहते हुए महत्वपूर्ण ड्यूटी के दौरान अपने ड्यूटी से हटकर आमजनमानस से अभद्रता व अनर्गल बातें करना अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। उक्त आरक्षी के ऊपर लगे आरोप इतने गंभीर प्रकृति के हैं कि उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियोंकी (दण्डएवं अपील) नियमावली -1991 के नियम - 17(1)(क) के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही आसन्न है।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस लोगों को आत्महत्या के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है

अमर भारती संवाददाता

रामपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एसपी सिंह ने बताया कि युवाओं में आत्महत्या करने की भावना धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक होना अतिआवश्यक है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दुनिया भर में आत्महत्या के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिन्दगी में कई लोग स्ट्रेस और डिप्रेशन जैसी बीमारियों का शिकार हो जाते है ऐसे में लोग जिन्दगी से हार मानकर मौत को गले लगा लेते हैं। सुसाइड के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए हर साल 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुसाइड करने वाले लोगों में ज्यादातर युवा शामिल हैं, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होती है। ऐसे में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस लोगों को आत्महत्या के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दौरान आत्महत्या करने वाले लोगों के व्यवहार पर रिसर्च करने से लेकर डाटा कलेक्ट करने और लोगों को आत्महत्या करने से रोकने जैसी चीजों पर चर्चा की जाती है जिससे लोगों में आत्महत्या को लेकर जागरूकता बढ़ती है और वो दूसरों को भी ऐसे गम्भीर कदम उठाने से रोक सकते हैं। आत्महत्या एक जटिल मुद्दा है, इसमें कई योगदान देने वाले कारक शामिल हैं जैसे मानसिक स्वास्थ्य स्थितियां, शराब का सेवन, आर्थिक तंगी, अकेलापन और अलगाव आदि आत्महत्या को अक्सर हताशा के एक कदम के रूप में देखा जाता है।

आत्महत्या बचाव हेतु वार्निंग साइन

आत्महत्या का विचार तुरन्त नहीं आता, पीड़ित व्यक्ति कई महीनों से अपने मन के विचारों से लड़ता है। पीड़ित व्यक्ति में कुछ लक्षण यदि दिखे तो घरवालों को तुरन्त सजग हो जाना चाहिए।

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 90 वें स्थापना दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 90 वे स्थापना दिवस के अवसर पर आज 08 सितंबर दिन रविवार 9:30 बजे से लाइब्रेरी के अल्हाज हिमायत उल्ला खां हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न मदरसों और अन्य शैक्षिक संस्थानों के 89 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता सीनियर (विषय ‒भारत की सुंदरता अनेकता में एकता) व जूनियर (विषय : जीवन में शिक्षा का महत्व) दो ग्रुप में कराई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर महमूद अली खां अध्यक्ष सौलत पब्लिक लाइब्रेरी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में इमाम जामा मस्जिद मौलाना अब्दुल वहाब खां फैजान ,सरदार अवतार सिंह अध्यक्ष वीर खालसा समिति, मोहम्मद अनस शमसी मैनेजर सन वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुस्लिम मोइन कुरैशी, मुफ्ती मोहम्मद साजिद, निर्वर सिंह, मौलाना अजहर कादिरी और मास्टर असरार अहमद भूतपूर्व जलि शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉक्टर रबाब अंजुम, डॉक्टर शादाब खां, डॉक्टर महफूज़ अहमद, आमिर रजा खां, डॉक्टर दायम रजा और हाफिज जरीफ़ अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर छात्रों ने बहुत सुन्दर अंदाज मे भारत की सुंदरता अनेकता में एकता और जीवन में शिक्षा का महत्व आदि विषयों पर मुखर होकर अपने भिन्न भिन्न विचार प्रकट किये। जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन हुसैन मंजूर और मोहम्मद नोमान खां गाजी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक मौलाना मोहम्मद असलम जावेद क़ासमी और सह संयोजक आले अहमद खां सुरूर व डाक्टर मेहंदी हसन ने सभी मेहमानों और प्रतियोगी छात्रों का आभार व्यक्त किया। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के प्रवक्ता ज़ीशान मुराद ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में जिन मदरसों और स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस मौके पर सचिव लाइब्रेरी डॉक्टर अदनान जियाई के अलावा मजलिस मुशावरत सदस्य डॉ सैयद अनवार उल हसन कादिरी, हाफिजसदीद अहमद खां, सैय्यद इमरान मिया, ज़ुबैद खां, फहीमा बी, जाहिद खान और इं अतहर उल्ला खां, मास्टर अतीक उर रहमान, शाहिद अली खां संचालक मदरसा फ़ैज़ हिदायत, हामिद रजा खां, असद खां कॉन्ट्रैक्टर, अहमद रईस खां, रिज़वान अहमद सिद्दीक़ी, मुफ्ती रईस, मुफ्ती फ़हीम, मुफ्ती अब्दुल मुक़ीत नदवी, मजहर मोईन खां, शहजादा रिज़वान खां , इशरत अली आदि उपस्थित रहे।

बोर्ड की बैठक में अनेकों प्रस्ताव पास

अमर भारती संवाददाता

रामपुर। नगर पंचायत नरपत नगर दूंदावाला में बोर्ड की मीटिंग हुई जिसमें सभी सभासदों ने मीटिंग में उपस्थिति दर्ज की और सभी की सहमति से चेयरमैन खालिद अली ने अनेकों प्रस्तावों को पास किया जैसे घर कर और जल कर शासन आदेश अनुसार लागू करना ,सरकारी अस्पताल,हाई मास्क पोल , ओक्टा पोल ,नगर पंचायत में इंटरलॉकिंग ,कई रोड निर्माण, पियाऊ निर्माण,दो बड़े तिरंगे झंडे,कॉम्प्लेक्स की स्थापना,नगर पंचायत की दुकानें, हर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र आदि ये सभी प्रस्ताव पास किए गए। बोर्ड की मीटिंग में चेयरमैन खालिद अली और अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार सोनी जी ने सभी सभासदों को सहमति से प्रस्ताव पास किए ।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा समिति ने डीएम के नाम कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन

अमर भारती संवाददाता

रामपुर । ऑल इंडिया दिव्यंग सेवा संगठन द्वारा सोमवार को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया ,ज्ञापन में कहा गया है द न्यू अर्बन कोऑपरेटिव बैंकअर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड रामपुर की सिविल लाइन शाखा ने एक फर्जी कंपनी में म्युचुअल फंड लगाने और उसके बौंड खरीद कर ढाई करोड रुपए का घोटाला किया है यह बैंक जो अपने आप को स्वपोषी संस्था अर्थात एनजीजिओ बताता है उसमें रामपुर की गरीब जनता की गाड़ी कमाई और सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पेंशन आदि का पैसा जमा होता है इस पेज को इस बैंक ने डुबो दिया है इस घोटाले की जांच कर कर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन पर नूर अहमद सिफत अली खान फैजान अली कमल सिंह विकास आरिफ राजा साहब बिलासपुर इरफान शाकिर अली सैफ अली शाहबाद इमरान रिहाना रामवती और राशिद अहमद आदि के हस्ताक्षर हैं। बैंक के बोर्ड को भंग किया जाए और उसमें रिसीवर नियुक्त किया जाए दूसरी ओर रामपुर में और जीनस पावर इंस्टा फैक्चर नमक कंपनियां स्मार्ट मीटर लगा रही हैं जिनके माल की गुणवत्ता खराब के चलते इनको गोवा प्रदेश में भी ब्लैक लिस्टेड यानी काली मैं सूची में डाला हुआ है इन मीटर द्वारा विद्युत बिल बहुत अधिक आएगा और जिस दिव्यांगों और गरीब जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

हिंदू लड़की को बरामद करने की जिद पर अड़े बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता

अमर भारती संवाददाता

पटवाई। शुक्रवार को पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव का मुस्लिम युवक इसी गांव की एक हिंदू लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। शुक्रवार शाम तक लड़की के परिजन बेटी को खोजते रहे लेकिन रात्रि तक नहीं मिलने पर पता चला कि गांव का ही एक मुस्लिम युवक बेटी को ले गया है। परिजनों ने पूरी जानकारी निकाल कर थाना पटवाई पहुंचे और लड़के सहित पांच लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत पत्र दिया था। लेकिन पुलिस पीड़ित को तीन दिन तक चिलाती रही लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया। तीन दिन के बाद भी लड़की को बरामद नहीं किया गया। पीड़ित लड़की की मां सोमवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं से मिली सूचना सुनकर सोमवार शाम को पीड़ित लड़की की मां और बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पटवाई थाने पहुंचे और पूरे थाने का घेराव कर लिया गया बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की मांग थी कि मुस्लिम लड़के द्वारा ले जाया गया।

जनहित की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमर भारती संवाददाता

शाहबाद। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह ने नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने तहसील शाहबाद पहुंचकर एसडीएम सुनील कुमार प्रथम को ज्ञापन सौंपा और जनहित से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह ने बताया की उन्होंने एसडीएम को दिए। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है तहसील शाहबाद के अमीनो द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। जब की खादर में धान की फसल नदी में बाढ़ आ जाने से नहीं होती है और किसानों की आरसी काटी जा रही है। गेहूं की फसल आने पर किसान अपने अपने केसीसी के ऋण को फाइनल कर देंगे तब तक के लिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में वसूली अभियान नही चलाया जाए इसके साथ ही किसानों की जमीन व चकरोड की पैमाइश कराई जावे। पटवाई क्षेत्र में कोशी नदी के प्रत्यक वर्ष होने वाले कटान से की रोकथाम की जावे ताकि वहां नदी से सटे गांवों तमाम किसान घर से बेघर न होने पाए इस दौरान ज्ञापन देने वालों में ठाकुर अजीत सिंह ,मोहम्मद नासिर, हाजी जाहिद अली ,मुकेश सिंह ,सुनील कुमार,असफर अली आदि मौजूद रहे।

सही सूचना धनराशि से पुरस्कृत किया जायेगा

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। पुलिस रेगुलेशन के में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अपराधी साजिद पुत्र वाजिद निवासी अलीनगर उत्तरी, थाना स्वार, रामपुर को बन्दी बनाने या उसके बन्दीकरण का विरोध किये जाने पर आवश्यक बल प्रयोग करके जो बन्दी करेगा या करवायेगा या कराने के लिए सही सूचना देगा, उसे 25000 रु धनराशि से पुरस्कृत किया जायेगा । 2- यदि अपराधी पर किसी उच्चाधिकारी या शासन द्वारा इससे अधिक धनराशि का पुरुस्कार कर दिया जाता है तो उस स्थिति में पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा घोषित पुरस्कार स्वत ही निरस्त हो जायेगा तथा अधिकतम धनराशि का पुरस्कार ही प्रभावी रहेगा। 3- पुरस्कार घोषित की धनराशि संतुष्ट होने पर बजट सीमा के अन्दर दी जायेगी। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि अपराधी मुठभेड़ में मारा जाता है, तो ऐसी दशा में पुरस्कार जांच पूर्ण होने के उपरान्त संतुष्टि की स्थिति में ही स्वीकृत किया जायेगा। वांछित अभियोगः मु0अ0सं0 391/2024, धारा 137 (2) /318 (4) /65 (1)/74 बीएनएस. व 3/4/7/8 पॉक्सो एक्ट, थाना स्वार, रामपुर ।

कन्या इंटर कॉलेज में तंबाकू निषेध कार्यक्रम आयोजित

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। रामपुर कन्या इंटर कॉलेज में तंबाकू निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा मासिक थीम तथा तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम के विषय में जानकारी दी गई जिससे किशोरियों में पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से तंबाकू से होने वाले नुकसान के विषय में बताया गया कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी यादव ने विजेताओं को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर किशोरियों का मनोबल बढ़ाया किशोर परामर्श शगुफ्ता भी जिला महिला चिकित्सालय रामपुर ने किशोरियों को स्वस्थ रहने के विषय में बताया और सभी विजेताओं का स्वागत किया।

भारतीय गौ रक्षा वाहिनी ने नवागत कोतवाल का किया स्वागत

अमर भारती संवाददाता, शाहबाद। सोमवार को भारतीय गौ रक्षा वाहिनी रामपुर की टीम ने कोतवाली शाहबाद के प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत से शिष्टाचार मुलाकात की ओर पटका पहना कर स्वागत किया गया और गोवंश को लेकर चर्चा की गई जो गोवंश इधर-उधर घूम रहा है उसे गौशाला पहुंचाया जाए जिससे ठीक प्रकार से देखभाल हो सके इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष राकेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार यादव, हरकेश लोधी, अमरपाल लोधी, राजू यादव संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री गणेश महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। श्री गणपत सेवा समिति एवं बाल गणेश भक्त मंडल की ओर से सराये गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि श्री गणेश महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है पार्टी संचालक अनिल मस्ताना द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस मौके पर गजरौला से आई गायक रिया अग्रवाल द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाये उन्होंने श्री कृष्णा श्याम बाबा बालाजी महाराज और राम जी के भजन गाकर भक्ति विभोर कर दिया के और आज रुद्रपुर से आ रहे शुभम सक्सेना जी द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा इसके बाद आरती और भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य सेवक अंकित कुमार, विभोर भटनागर, कमल कुमार तुरैहा,अमन कुमार , राजीव ,दीपक ,मनीष, शोभित ,यश, ओम, कार्तिक ,समर्थ, सक्षम ,रिंकू ,दिनेश कुमार, प्रीतम सिंह ,नवीन कुमार, पवन कुमार ,महेश कुमार ,आदि मौजूद रहे।

लघु समाचार

आदिनाथ मंदिर में दूसरे दिन धूमधाम से पूजन कर मनाया गया उत्तम मार्दव धर्म

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। उत्तम मार्दव धर्म आदिनाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पूजा प्रक्षाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस में शांति धारा श्री सुरेश जैन नरेंद्र कुमार जैन प्रथम अभिषेक महेश जैन के द्वारा किया गया आरती दीक्षा जैन के द्वारा की गई।शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री जी की सामूहिक आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात अमन जैन शास्त्री के द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में धर्म चक्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन मास्टर अभिषेक एवं मनस्वी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में डॉक्टर ज्ञानेंद्र कुमार जैन संचित जैन महेश जैन दिनेश जैन सर्वेश जैन सीमा जैन रमेश जैन शिखर चंद जैन सुरेश जैन बीना जैन विनीत जैन विनीत जैन भारत भूषण जैन संजय जैन खंडेलवाल अलका जैन नीता जैन आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर शीनू जैन एवं सहसंयोजक प्रतीक जैन ने सबका आभार व्यक्त किया,उत्तम मारदव धर्म का अर्थ होता है मान को गलना और सरलता को हृदय में लेकर आना। अगर हमने उत्तम मार्दव धर्म को अपने हृदय में बसा लिया तो हमारी आत्मा मान कषाय मैं बांधने से बच जाएगी।

पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान का अभिषेक और शांतिधारा पूजन कार्यक्रम

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बहुत उत्साह पूर्वक मनाया गया धार्मिक कार्यक्रम शाम को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर भक्तांबर जी आराधना बाहर से आए हुए संगीतकार द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुत की गई उसके बाद लकी ड्रा निकाले गए रेखा जैन ने बहुत सुंदर भजन की प्रस्तुति की इसके बाद तारा देवी जनता द्वारा धर्म पर आधारित प्रश्न मंच किया गया जिसमें सभी को पुरस्कार प्राप्त हुए दिनेश जैन खंडेलवाल जितेंद्र संजोग जैन द्वारा किया गया सरोज जैन प्रीति जैन अनीता जैन खंडेलवाल द्वारा प्रचलन किया गया प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट राकेश जैन अजीत जैन अजय जैन आशीष जैन रितेश जैन विशाल जैन मुख्यमंत्री निर्भय जैन पंकज जैन राहुल जैन अनुराग जैन अविरल जैन अंजू जैन पारुल जैन सुमन जै मीनू जैन लीना जैन राखी जैन अंकित जैन सुधा जैन आदि संख्या में लोग उपस्थित रहे मुख्यमंत्री जैन समाज विशाल जैन।

यूपी जर्नलिस्ट संगठन ने की व्यापार मंडल के पदाधिकारी से बैठक

अमर भारती संवाददाता, रामपुर। सोमवार को सर्वेश कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष यूपी जर्नलिस्ट संगठन लखनऊ के रामपुर आगमन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से उनके स्वागत के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया , कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और युवा के जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता द्वारा सर्वेश कुमार सिंह का साल पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सर्वे सिंह को व्यापार मंडल की ओर से प्रकाशित पुस्तक भेंट की कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने की तथा संचालन युवा पर मंडल के अध्यक्ष विपुल गुप्ता ने किया श

महिला बैंक प्रबंधक से 10 लाख रुपये ट्रांसफर कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमर भारती संवाददाता

बिजनौर। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा प्रबंधक को फोन पर एफडीआर बनवाने का झांसा दिया। फिर 10 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। साइबर क्राइम पुलिस और स्वाट टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, इनका एक साथी अभी फरार है। आरोपियों से एक लाख 64 हजार रुपये, 48 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद किए गए है।

एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने बताया कि 21 अगस्त को राजेश कुमार खरे क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ोदा मेरठ ने थाना साइबर क्राइम पर तहरीर दी। बताया कि बैंक की शाखा शेरोवाली कोठी शाखा प्रबंधक शैलजा सिंघल को फोन पर एक आरोपी ने बैंक शाखा में तीन करोड़ का सावधि जमा खाता खोलने की बात कहते हुए झांसे में ले लिया। 12 अगस्त को बैंक की ईमेल आईडी पर साइबर ठग ने चेक बुक खत्म होने की एक मेल भेजी। कहा कि उसे पैसों की जरूरत है। इसके बाद बैंक मैनेजर ने आरटीजीएस ट्रांजेक्शन से नौ लाख 88 हजार 500 रुपये दो खातों में ट्रांसफर कर दिए थे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धर्मवीर पुत्र देवी दिन निवासी गांव बम्हौरी बेलदारान थाना चकखारी जनपद महोबा हाल निवासी गोकुल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली और बंटी पुत्र राजकुमार निवासी सुभापुर गुजरा, करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। इनका एक साथी आकाश निवासी दिल्ली अभी फरार है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक लाख 64 हजार रुपये, 48 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि सामान बरामद किया। तीन लाख 90 हजार रुपये खाता फ्रीज करवाया गया है।

गाजियाबाद के खाते में कराए थे रुपये ट्रांसफर, खरीद था सोना

तीनों आरोपियों ने बैंक प्रबंधक से ठगे पैसों को मधु पत्नी सुभाष निवासी राजीव कॉलोनी, मोहन नगर गाजियाबाद व अन्य व्यक्ति के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में खाता खुलवाकर ट्रांसफर कराया था। इन खातों का डेबिट कार्ड और पासबुक ठगों के पास थे। वहीं तीन लाख का सोना गंगा ज्वेलर्स शहादरा दिल्ली से खरीद लिया था। सोने को रखकर मथूट फाइनेंस करावल नगर से लोन करा लिया। इसमें पुलिस ने मुथूट फाइनेंस का खाता फ्रीज करा दिया

डीएम ने दिया गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं गौशाला का प्रशिक्षण

अमर भारती संवाददाता

सम्भल। विकासखंड गुन्नौर के ग्राम पंचायत असदपुर की जनता धर्मशाला में गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं गौशाला आधारित प्राकृतिक उत्पादों के संबंध में स्वयं सहायता समूहों का एक प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा नमामि गंगे जैविक खेती परियोजना के अन्तर्गत किसानों का प्रशिक्षण दिया गया। शामली से आये अंकित द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया रहे।

जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शामली से आए प्रशिक्षक द्वारा गोमय (गाय के गोबर) के द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादन जैसे मूर्तियां, एवं अन्य उत्पादन तथा प्राकृतिक खेती में गोमय एवं गोमूत्र का प्रयोग तथा जैविक खेती के संबंध में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों तथा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गया हमारी, प्रकृति, संस्कृति, तथा परिवार का आधार होती थी। गाय का मूल घर किसान का घर है। नयी तकनीकी आने से लोग गाय को भूल गये। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे किसानों को प्राचीन पद्धति पर वापस आना पड़ेगा तथा गाय को अपनाना पडेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से 20 - 25 वर्ष पहले गाय का क्या उपयोग होता था उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें गाय को केवल दूध तक ही सीमित नहीं करना है गाय दूध के अतिरिक्त भी उपयोगी होती है। गाय के गोबर को खेती में उपयोग करने से घरती रोगी नहीं रहती है। नमामि गंगे के अन्तर्गत गंगा नदी के किनारे जैविक खेती को अपनाया जाये ताकि हमारी गंगा नदी कीटनाशकों से प्रदूषित ना हो सके। जिलाधिकारी ने नैनो यूरिया के विषय में भी बताया?। जिलाधिकारी ने कहा कि धीरे धीरे कीटनाशकों का प्रयोग खेती से घटाएं तथा प्राकृतिक खेती को अपनाएं। जिलाधिकारी ने नासा में भारतीय वैज्ञानिक द्वारा रेडिएशन से बचाव के लिए गाय के गोबर के उपयोग के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान को अन्नदाता तथा जगत का तात कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमें जल, वायु, तथा मृदा प्रदूषण से बचना है। जिलाधिकारी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के विषय में भी जानकारी दी तथा माननीय मुख्यमंत्री पशुधन सहभागिता योजना के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि सहभागिता योजना के अन्तर्गत एक गाय पालने पर किसान को 1500 रुपये प्रतिमाह शासन की ओर से दिया जाता है तथा एक गाय पालक को अधिकतम 4 गाय पालने के लिए दी जाती हैं अर्थात एक किसान 4 गाय पालने पर 6000 रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से प्राप्त करेगा, उन्होंने कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत शेड की व्यवस्था भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को भी कृषि को ओर आना होगा। उन्होंने कहा कि गाय स्वास्थ्य का खजाना होती है तथा घर का एक कोना गाय के लिए रखें तथा गो आधारित कृषि को अपनाएं। जिलाधिकारी ने जैविक अनाज के विषय में भी बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि गाय के गोबर से बनने वाले उत्पादों में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समूह की दीदियों को गोशाला संचालन करने के लिए भी दी जाएं ।

जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पहली रोटी गाय को एक अभियान चलाया जाए। जिसमें गाँव से रोटी एकत्र कर गोशाला में गाय को दी जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला विकास अधिकारी राम आशीष, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजपाल सिंह,कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध कुमार मिश्रा, खंड विकास अधिकारी गुन्नौर नरेश पाल सिंह, सीडीपीओ गुन्नौर आशीष पटेल एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फसल की सिंचाई करते समय करंट लगने से किसान की मौत

अमर भारती संवाददाता

हसनपुर। धान की फसल की सिंचाई करने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। साथ ही पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मकनपुर सुमाली निवासी तैंतीस वर्षीय हरिओम चौहान अपने खेत पर धान की फसल की सिंचाई के लिए गया था। इस दौरान वह ट्यूबवेल पर करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़ा। वहीं परिजनों ने उसे नगर के एक निजी अस्पताल में दिखाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मामले में कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक की करंट लगने से मौत की तहरीर प्राप्त हुई है मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले में अग्रिम विधि कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जैन समाज के लोगों ने मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक एवं पूजा अर्चना की

अमर भारती संवाददाता

मंडी धनौरा। सोमवार को श्री दिगंबर जैन समाज मंदिर के तत्वाधान में दशलक्षण पर्व महापर्व के प्रथम दिवस पर धर्म प्रेमियों द्वारा मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई। दशलक्षण पर्व के प्रथम दिवस पर उत्तम क्षमा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सभी सांसारिक मनुष्यों को मन के विचारों को स्थिर करके छल कपट का त्याग करना चाहिए। दस धर्म में से एक उत्तम क्षमा है जिसे हर सांसारिक व्यक्ति को अंगीकार करना चाहिए। क्षमा भाव अपनाने से प्राणी मात्र की द्वेष भावना नष्ट होती है। रात को सामूहिक आरती आयोजित की गई इस अवसर पर सकल श्री दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार जैन, जिनेन्द्र कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, प्रेम कुमार जैन, विनोद कुमार जैन, विशाल जैन, स्वतंत्र जैन, अनमोल जैन, विपिन कुमार जैन, सरला जैन, रेखा जैन, शारदा जैन, उषा जैन, प्रिया जैन आदि मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान में जुटे भाजपाई शहर से गांव तक कराई सदस्यता ग्रहण

अमर भारती संवाददाता

हसनपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष के निर्देशों पर जनपद भर में शहर से गांव तक चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत मिस कॉल एवं नमो ऐप के माध्यम से सदस्यता ग्रहण कराई गई। सोमवार को हिमांशु त्यागी विधानसभा सह प्रभारी एवं मंडल सदस्यता प्रमुख भाजपा ने बताया कि पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर नगर समेत गांव कांकाठेर में उपस्थित रहकर भाजपा सदस्यता कैंप का आयोजन किया तथा अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई है।

सम्भल पुलिस ने जीते एथलेटिक्स साइकिलिंग प्रतियोगिता में पदक

अमर भारती संवाददाता

सम्भल। 72 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स, साइकिलिंग प्रतियोगिता वर्ष-2024 में जनपद सम्भल पुलिस को 05 पदक व 02 शील्ड प्राप्त होने पर पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार बताते चलें कि 19 अगस्त से 21 अगस्त तक जनपद मुरादाबाद में आयोजित 72वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स, व साइकिलिंग (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष-2024 बरेली जोन, जनपद मुरादाबाद में बरेली जोन के 08 जनपदों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। प्रतियोगिता में जनपद सम्भल से कुल 16 पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस 03 दिवसीय प्रतियोगिता में जनपद सम्भल के पुलिस कर्मियों को विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 05 पदक (सभी स्वर्ण) व 02 शील्ड प्राप्त हुयी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले तथा पदक व शील्ड प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साह वर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें दी गयी । इस दौरान क्षेत्राधिकारी चन्दौसी, क्षेत्राधिकारी असमोली व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे पदक विजेता में मुख्य आरक्षी राजेन्द्र कुमार को साइकिलिंग में शील्ड, मुख्य आरक्षी पवन ढाका को साइकिलिंग में शील्ड, आरक्षी रोहित सोलंकी को लांग जम्प में स्वर्ण पदक, आरक्षी रोहित सोलंकी को ट्रिपल जम्प में स्वर्ण पदक, आरक्षी अक्षय कुमार को 03 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, आरक्षी अक्षय कुमार को 10 किलोमीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, महिला आरक्षी ऑचल को ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के नाम शामिल है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कराई सदस्यता ग्रहण: अभिनव कौशिक

अमर भारती संवाददाता

हसनपुर। भाजपा जिला महामंत्री द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत नमो ऐप एवं मिस्ड कॉल के माध्यम से नए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई है।

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सैद नगली नगर पंचायत स्थित नए लोगों को भारतीय जनता पार्टी की नमो ऐप तथा मिस्ड कॉल के माध्यम से सदस्यता ग्रहण कराई गई है। उन्होंने कहा कि जनपद ही नहीं बल्कि देश भर में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा की लोग सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान मौके पर वैश्य समाज अध्यक्ष उमाशंकर गर्ग, सभासद अमित भाटी, सूखा खड़गवंशी, सभासद अमित प्रजापति, सभासद भगवत खड़गवंशी, पुनीत चौधरी, राजेश वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रथमा बैंक के खिलाफ प्रदर्शन कर दिया भाकियू ने ज्ञापन

अमर भारती संवाददाता

सम्भल। बेंक से जुड़ी किसानो की समस्याओं को लेकर भाकियू के पदाधिकारियों ने नई तहसील पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक असली के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नई तहसील पहुंचकर दिया जिसमें कहा गया कि प्रथमा यू0पी0 ग्रागीण बैंक की शाखा नेकपुर जिला-सम्भल (क्षत्रिय कार्यालय अमरोहा) में हो रहे किसानो के उत्पीडन को रोका जाए। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा नेकपुर मे किसानो का शोषण व उत्पीडन हो रहा है। हम किसानो को विवश होकर 18 सितम्बर को प्रथमा बैंक नेकपुर के सामने अनिश्चित कालीन धरने पर बैठना पड़ेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी 07 फरवरी 2012 को आरबीआई के सर्वाविक मुक्तकृषि ऋण से सम्बधित पत्र जारी बाद आज तक 1,60,000 तक (एक लाख साठ हजार) तक के कृषि ऋण पर बैंक द्वारा किसानो की सम्पत्ती बंधक रखी जा रही है। व दो व्यक्ति जमानती बनाये जा रहे है। उसे तत्काल रोका जाये 7 अब तक जो जमानती बनाये गये है। व जो सम्पत्ती बंधक रखी गयी है। उसे तत्काल सुक्नू किया जाये बिना नोटिस दिये जिन, जमानतीयो व ऋण बारको के खातो पर रोक लगायी गई है। उसे हटाया जाये कई और मांगों को ज्ञापन में रखा गया है। ज्ञापन देने वालों में निकसम कुमार, अरुण कुमार, शमशाद, चौधरी अर्जुन, सुरेश, उमेश, रियासत, गोरव शर्मा आदि शामिल रहे।

पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

अमर भारती संवाददाता

नहटौर। पुलिस ने डीआईजी मुरादाबाद के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफफर्जी बैनामा कर 1 करोड़ 60 लाख रुपये की रकम हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी थी। पुलिस ने सोमवार को तीसरे व मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ।

जानकारी के अनुसार सलमान पुत्र शरीफ अहमद निवासी मौहल्ला होलियान थाना नहटौर ने डीआईजी मुरादाबाद को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनकी फर्म मैक्स रियलटेक शेरपुर धनेसर थाना नहटौर जिला बिजनौर प्रोपटी डीलिंग का कार्य करती है। आरोपी कफील अहमद पुत्र यामीन निवासी ग्राम कोतवाली देहात, आनन्द कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम रामपुरदास थाना नगीना, मेहर सिंह पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम रामपुरदास थाना नगीना, पारुल रानी पुत्री अंकुश कुमार निवासी रामपुर किशना थाना स्योहरा व शक्ति सिंह पुत्र मनवीर सिंह निवासी महमदा कोराला जिला अमरोहा ने एक राय होकर छल कपट करते हुए धोखाधड़ी करके फर्जी बैनामे करके उससे 1 करोड़ 60 लाख रुपये हड़प लिये थे। पीड़ित के बार बार कहने के बावजूद भी आरोपी उसे टाल रहे थे और धनराशि वापस नहीं कर रहे थे। पैसे मांगने पर उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। जिससे वह मानसिक तनाव से गुजर रहा था। मामले में डीआईजी ने स्थानीय पुलिस को मुकदमा पंजितृत कर कार्रवाई करने के आदेश जारी किये थे। आदेश के अनुपालन में स्थानीय पुलिस ने 20 जून 2024 को पांचों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमे के आरोपी आनन्द कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम रामपुरदास थाना नगीना व मेहर सिंह पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम रामपुरदास थाना नगीना को गिरफ्तार कर पूर्व में ही उनका संबंधित धाराओं में चालान कर दिया था। पुलिस ने सोमवार को तीसरे व मुख्य आरोपी कफील अहमद पुत्र यामीन निवासी ग्राम कोतवाली देहात को गिरफ्तार करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि फरार दोनो आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

एसडीएम गए रिकवरी को बिजली चोरी की मिल गई बिछी लाइन

अमर भारती संवाददाता

सम्भल। बिजली विभाग द्वारा बड़ी संख्या में किए जा रहे ई रिक्शा चार्जिंग सेंटर पर छापा मारा गया। इस कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया

जानकारी के अनुसार बताते चलें कि बिजली विभाग की टीम सरायतरीन के मोहल्ला अमान खेल में जा पहुंची साथ में एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्र भी मौजूद थे। प्रशासन द्वारा लगभग 30 ई रिक्शा को अपने कब्जे में लिया गया। बताया गया कि उक्त स्थान के स्वामी पर लगभग आठ लाख रुपए तक की आरसी भी बाकी थी। जिसकी रिकवरी के लिए सभी ई रिक्शा कब्जे में लिए गए हैं। ई रिक्शे अपने साथ ले जाने की बात सुनकर कुछ ऐसे लोग सामने आने लगे जो ई रिक्शा को अपना बताने लगे। इस पर एसडीएम संभल ने तहसील पर आकर उनसे अपने कागज़ प्रस्तुत करने को कहा। ई रिक्शा चार्जिंग करने को इस जगह को असुरक्षित तरीके से दीवारों में खुले तार के माध्यम से फिट किया गया था। जिससे पूरे परिसर और आस पास के घरों में करेंट फैलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता था। जमीन में मोटे तार बिछाए गए थे ताकि किसी को पता न चल सके कि लाइन किधर से आ रही है।

महिला को तमंचे के बल पर आतंकित किया

अमर भारती संवाददाता

नहटौर। घास काट रही महिला को अज्ञात व्यक्ति द्वारा तमंचे के बल पर आतंकित किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। संदिग्ध युवक को पकड़ने के लिए कांबिंग की लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार की देर सायं को नहटौर ग्राम गिलाड़ी व ढकोली मध्य स्थित एक खेत में ग्राम ढकौली निवासी एक महिला घास काट रही थी। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक खेतों से निकाल कर आया और उसने महिला को तमंचा दिखाकर आतंकित करना शुरू कर दिया। महिला ने शोर मचा दिया। जिससे आसपास के लोग महिला को बचाने की ओर के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी युवक फरार हो गया। सूचना मिलने पर ढकौली व गिलाड़ी के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। डायल पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र की कॉबिंग भी की लेकिन सफलता नहीं मिली। गिलाड़ी के ग्राम प्रधान पति उदित चौधरी ने बताया कि उन्हें जैसे ही जानकारी मिली वह अन्य ग्रामीण के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि पहले भी संदिग्ध युवक के देखे जाने की जानकारी उन्हेंमिली थी। जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस को भी सूचित किया गया था।

भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने की जिम्मेदारी ज़की पाशा के कंधों पर

अमर भारती संवाददाता

सम्भल। भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। एक एक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान के लिए जिम्मेदारी सौंपी जा रही है ताकि संगठन मज़बूत हो सके और कुनबा बढ़ सके। अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा नेता चमन सराय निवासी ज़की पाशा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। ज़की पाशा ने कहा कि जो जिम्मेदार मिली है उसको पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और हर सम्भव प्रयास कर बड़ी संख्या मे सदस्य बनाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश राजेश सिंघल एवं जिला अध्यक्ष सम्भल चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू के आभार हैं की जो विश्वास जताया है उस पर वह खरा उतरेंगे। जिम्मेदारी को मजबूती ओर ईमानदारी से निभायेंगे।

कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक आयोजित

अमर भारती संवाददाता

नहटौर। कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में जिलामंत्री मौहम्मद फारुक ने कहा कि आज की सरकार में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। जिससे गरीब मजलूमों को काफी परेशान उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीबों, मजलूमों के संघर्ष के लिए कटिबद्ध है।

कम्युनिस्ट पार्टी की एक बैठक हल्दौर चौराहे के निकट स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। आयोजित बैठक में कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री मौहम्मद फारुक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छुपाते हुए देश में सांप्रदायिकता फैला रही है। आज की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। बिजली के बिलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। जिससे आम जनमानस को बड़ी कठिनाइयां उठानी पड़ रही है। महंगाई के चलते गरीब, मजदूर, मजलूम सब परेशान है। जनता को समस्याओ का निदान करने में केंद्र व राज्य की सरकार नाकाम साबित हुई है। कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब मजलूमों का शोषण किया जा रहा है। बिजनौर में नंबर प्लेट की ई रिक्शाओं को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि ई रिक्शा चालको पर प्रशासन द्वारा किया जा रहा अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ई रिक्शा चालकों के सम्मान में कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी हमेशा गरीबों मजलूमों के लिए संघर्ष करती चली आ रही है आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर कामरेड मकसूद राणा, हकीम सिद्दीकी, गरीब शाह, अमीर अहमद, जावेद जाट शमीम कुरैशी, लियाकत हुसैन, असद फारूकी आदि मौजूद। बैठक की अध्यक्षता कामरेड गुलाम साबिर तथा संचालन कामरेड मकसूद राणा ने किया।

एसपी ने सुनीं जनसमस्यायें

अमर भारती संवाददाता, बिजनौर। प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान कुल 52 शिकायतों को सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त प्रार्थना पत्र (शिकायतों) पर प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

हिल्टन स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया व्यवहार निंदनीय: महबूब अली

अमर भारती संवाददाता, अमरोहा। सदर विधायक, पूर्व केबिनेट मंत्री, लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली के उमराह करके वापिस आने पर नगर के जिम्मेदार लोगो ने उनके आवास मुलाकात कि और साथ ही हिल्टन स्कूल के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें हिल्टन स्कूल प्रकरण के मामले की जानकारी दी। और साथ ही स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की माँग की। श्री अली ने कहा कि शिक्षण सस्था के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया व्यवहार निन्दनीय है, स्कूल प्रशासन को ऐसे प्रधानाचार्य को संस्था से हटाना चाहिए तथा जिला प्रशासन को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। श्री अली ने लोगो को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि जिला प्रशासन कार्यवाही नहीं करता है तो इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जॉच कराकर कार्यवाही कराई जायेगी। श्री अली ने कहा कि अभिभावको को भी अपने बच्चो को शिक्षा ग्रहण ऐसे स्थान पर कराने के लिए भेजना चाहिए जहाँ धर्म के आधार पर आपस में भेदभाव न हो। इस मौके पर मुख्तार नकवी, आरिफ मलिक एड0, मुराद आरिफ एड0, इंतकाब अली, इकरार मैम्बर, कौसर अब्बासी, शशीकांत गोयल, आलम लतीफ आदि लोग मौजूद रहें।

लघु समाचार

गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली

अमर भारती संवाददाता, नगीना। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पूरे नगर में गणपति बप्पा मोरया के जय कारो की गूंज रही। गणपति आगमन शोभायात्रा के बाद नगर में मंदिरों व घरों में छोटी- बड़ी दो दर्जन से अधिक गणपति जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई ।पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भीगणपति जी की प्रतिमा स्थापित की गई इस अवसर परमोहन सरायमीरर भोलेनाथ मंदिर तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर आदि में भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना एवम प्रसाद वितरण किया गया इस मौके परपवन कंपोज भाजपा नेता प्रमोद चौहान विकास अग्रवालनितिन अग्रवाल मुकेश कुमार सुभाष चंद्र गुप्ता विनीत बिश्नोई अनु बर्माशुभम अग्रवालशिव मिगलानी शिवम पंडित अखिलेश कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, जितेंद्र शर्मा ,विवेक कुमार शर्मा ,नीरज शर्मा ,शुभम शर्मा ,रितिक शर्मा ,अवनीश मित्तल ,सुमित गुप्ता ,प्रखर वशिष्ठ ,अंकित अग्रवाल ,रिकी शर्मा ,आकाश शर्मा ,हर्ष शर्मा ,हनी शर्मा ,कान्हा मित्तल ,नक्श भारद्वाज,विनीत गौड़,अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

चोरी की दो ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार

अमर भारती संवाददाता, नगीना। ग्राम त्रिलोकावाला थाना नगीना देहात निवासी गुलाब सिंह के पुत्र मेघराज सिंह, ने थाना नगीना पर तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति (सवारी) द्वारा उसे समोसे व कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसकी ई-रिक्शा चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर मुकदमा अपराध संख्या 259/24 धारा 303 (2)/123 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। उसी दिन ही एक अन्य व्यक्ति विजयपाल पुत्र लिल्ला सिंह निवासी ग्राम हसन अलीपुर भोगन थाना नगीना ने भी थाना नगीना पर तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति (सवारी) ने उसको कोई नशीला पदार्थ मिलाई हुई कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया और उसकी ई-रिक्शा चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर इस घटना के संबंध में भी थाना नगीना पर मुकदमा अपराध संख्या 260/24 धारा 303 (2) / 123 बीएनएस पंजीकृत किया गया। इन दोनों मामलों में तफ्तीश के दौरान अभियुक्त अनुज चौहान पुत्र कुशलपाल सिंह निवासी ग्राम समसपुर सद्दो, थाना नगीना देहात, जनपद बिजनौर का नाम प्रकाश में आया। रविवार को थाना नगीना पुलिस ने उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त अनुज चौहान को चोरी की गई दो ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त दोनों अभियोगो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुभाष तोमर के साथ हेड कांस्टेबल अंकित व कांस्टेबल विशाल रहे।

नगीना में संदिग्ध महिला पकड़ी

अमर भारती संवाददाता, नगीना। नहटौर व नगीना में बच्चियों के कानों से बाली निकालने की हो चुकी कई घटनाओं के बीच नगीना में आज दोपहर एक संदिग्ध महिला को नागरिकों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि यह महिला ही बच्चियों के कानों से बाली निकालती है। पुलिस के द्वारा जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: इंजीनियर हसन जैदी

अमर भारती संवाददाता, नगीना। संघर्षशील पत्रकार एसोसिएशन के महासचिव इंजीनियर इफ्तार दारुल हसन जैदी ने पत्रकारों का आवाहन किया है कि वे निर्भीक निष्पक्ष होकर पत्रकारिता करें। इंजीनियर हसन जैदी सोमवार को संघर्षील पत्रकार एसोसिएशन के कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है पत्रकार अपनी जान पर खेल कर समाचार एकत्र करता है परंतु पत्रकार की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया जाता, तथा हर समय पत्रकार असुरक्षित रहता है उन्होंने कहा कि पीत पत्रकारिता करना एक कलंकित कार्य है पीत पत्रकारता करने वालों से दूरी बनाए रखना चाहिए उन्होंने दुख व्यक्त किया है कि कुछ पत्रकार अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए पीत पत्रकारिता करते हैं जिससे समाज के समाज में पत्रकारों के प्रति गलत संदेश जाता है उन्होंने कहा कि पत्रकारिता राष्ट्र का चौथा स्तंभ है जिसकी गरिमा बनाए रखी रखी जानी चाहिए उन्होंने कहा कि अच्छे पत्रकारों का कार्य सच्चाई को उजागर करना है उन्होंने सरकार से पत्रकारों की सुरक्ष

बिजेंद्र सिंह कांठ और श्यामवीर सिंह को मिली भोजपुर थाने की कमान

अमर भारती संवाददाता

भोजपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में किए गए तबादले में भोजपुर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह को कांठ कोतवाली भेज कर श्यामवीर सिंह को थाना भोजपुर प्रभारी बनाया गया। सोमवार को नवागत थाना प्रभारी श्याम वीर सिंह ने भोजपुर थाना पहुंचकर प्रभारी का विधिवत कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्टाफ के साथ परिचय बैठक कर नवागत थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने मीडिया से जानकारी देते हुए बताया कि शासन के मनसानुरूप कार्य करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता में है साथ ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखते हुए पुलिस की अपराधियों पर सख्त नजर होगी जिससे क्षेत्र में अमन शांति कायम रहे पीड़ितों के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा विधिसम्मत न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास करूंगा आगे यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना और अपराधियों पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल हैं।

मामूली कहा सुनी में जमकर चले लाठी डंडे दो युवतियां घायल

अमर भारती संवाददाता

कुन्दरकी। थाना इलाके के गांव रूपपुर में मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए पीड़ित से बताया वह घर से खेत पर ठेला लेकर निकला था रास्ते में कुछ लोगों ने उसे दबोच लिया और उसके साथ गलौज की वह किसी तरह से जान बचाकर घर पहुंचा तो लाठी ठंडा लेकर वह लोग उसके घर पहुंच गए और घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की जिसमें दो महिलाएं भी घायल हो गई फिलहाल पीड़ित की तरफ से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

फिटनेस कैंप में पहुंचे ठाकुर रामवीर सिंह

नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों को बांटे गए उपकरण

अमर भारती संवाददाता

कुन्दरकी। सोमवार को मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी नगर के मॉडर्न न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल,में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर (राजस्थान) द्वारा एक दिवसीय नारायण लिम्ब फिटमेंट कैंप का आयोजन भाजपा नेता रामवीर सिंह के द्वारा किया गया। इस कैंप में संस्थान की टीम ने दिव्यांग भाई-बहनों को कृत्रिम अंग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नई राह दिखाई। यह पहल दिव्यांग जनों के जीवन को न केवल सरल बनाएगी बल्कि उन्हें आत्मविश्वास से भरपूर करेगी, जिससे वे समाज की मुख्यधारा में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। संस्थान का यह सराहनीय प्रयास दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण और उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम खान जी जिला उपाध्यक्ष फौजी नफीसुल हसन ,बाबू पाशा,जाहिद पाशा,तंजीम जी अजीम मलिक जी आदि लोग मौजूद रहे ।

युवक को बंधक बनाकर जान से मारने की कोशिश परिजनों ने दी तहरीर

अमर भारती संवाददाता

अगवानपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर बंगर निवासी रवि पुत्र सुरजपाल सिंह को सुरेश पुत्र वीर सिंह ने फोन करके गांव के ही सुखवीर के घर बुलाया जहा पहले से ही मदन पुत्र रामसरन, खेम सिंह पुत्र वीर सिंह व गौतम पुत्र गिरधारी, चरन सिंह पुत्र रामपाल व अन्य लोग वहा मोजूद थे। जब युवक वहा पंहुचा तो वहा मोजूद लोगो ने युवक की हत्या करने के इरादे से बंधक बना कर कमरे में बंद कर लिया। लेकिन युवक घर से जाते समय अपनी मां को बताकर गया था। काफी समय के बाद जब युवक घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता होने लगी तो युवक के माता पिता अपने बेटे की तलाश करते हुए सुखवीर के घर पहुंचे और शोर मचाने लगे माता पिता की आवाज सुनकर युवक ने जोर जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे आरोपियों ने युवक को छोड़ दिया इसकी शिकायत गांव के गणमान्य लोगों से की तो उन्होंने दोनों को समझने के लिए कह दिया। इस घटना के बाद पीड़ित ने अपने घर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगवा लिए शनिवार को रात्रि करीब एक बजे गांव के ही बॉबी पुत्र चंद्रपाल, राहुल पुत्र लेखपाल, मनदीप पुत्र बबलू, श्रीपाल पुत्र लेखराज ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए पीड़ित का आरोप है कि पहले तो सीसीटीवी कैमरे तोड़ और फिर हत्या का प्रयास भी किया। जिनकी फोटेज सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। जब कैमरे तोड़े जाने की शिकायत की तो आरोपी गंदी गंदी गालियां देने लगे। पीड़ित ने थाना सिविल लाइन में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

युवक की बाइक चोरी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा । नगर के कोतवाली के निकट कपड़े की दुकान पर काम कर रहे युवक की अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। जिसपर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला खालसा निवासी मिन्टू कुमार पुत्र हरिओम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह अपनी बाइक से ठाकुरद्वारा कोतवाली स्थित कपडे की दुकान पर कार्य करता हैं। सुबह जब बाइक से काम करने दुकान आया और गली में बाइक खड़ी कर दुकान पर काम करने लगा जब किसी काम से बाइक लेने वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक को काफी तलाश किया मगर बाइक का कुछ पता ने चलने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी जिसपर कोतवाली न तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

मारपीट तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा । सामान लेकर दुकानदार द्वारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने दुकानदार के साथ गाली गलौज करते हुए की मारपीट कर किया गम्भीर रूप से घायल पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज राजस्थान के जनपद भीलवाडा कस्बा गंगापुर के ग्राम चिलखेड़ा निवासी मनीष कुमार पुत्र बालू कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह फिहलाल में नगर के मोहल्ला मछली बाजार में रहकर आइसक्रीम का काम करता है। देर शाम को मोहल्ले के ही राजा, भूरा, सलमान,उसकी दूकान से आइसक्रीम लेकर खा ली जब दुकानदार अपने पैसे मांगे तो आरोपी राजा, भूरा, सलमान, दुकानदार से गंदी गंदी गाली गलौज करना शुरू कर दिया दुकानदार ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी राजा भूरा सलमान आग बबूला हो गया और एक राय होकर पीड़ित दुकानदार मनीष कुमार को लात घुसो व पेचकस से हमलावर हो गए और मारपीट करने लगे चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के लोग को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए जिसपर दुकानदार मनीष कुमार को गम्भीर रूप से मारपीटकर घायल कर दिया पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी।

रास्ता निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया ,

अमर भारती संवाददाता

डिलारी । रास्ता निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया ,गांव सिहाली खड़ुर में रास्ता निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया ,साथ ही ग्राम प्रधान की शिकायत माननीय मुख्यमंत्री से की ,गांव निवासी इकरार हुसैन आदि ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम प्रधान ने पी,डवलू,डी सड़क से अयूब के घर तक घटिया सामग्री से रास्ते का निर्माण करा दिया। जिसकी नालियां और खड़ंजा टूटने लगा ,विभागीय अधिकारियों से मिलकर सरकारी धन का बंदर बांट कर लिया ,आरोप है की शिकायत करने,पर दबंग प्रधान मारपीट करने पर उतारू हो जाता है।

किसानों का एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा। उत्तराखंड बार्डर पर विरोध के बाद ठाकुरद्वारा रामू वाला गणेश पिलकपुर अलीगंज रोड पर स्थित रामू वाला गणेश चौराहे पर भारी व ऊंचे वाहनों की आवागन को रोकने के लिए हाइट गेज लगाने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में आधा दर्जन गांवों के किसानों ने तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि चौराहे पर हाइट गेज लगाया गया तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बाद में किसानों ने एसडीएम प्रीति सिंह को ज्ञापन देकर हाइट किसने लगाने की माँग की । बताते चलें कि चार दिन पूर्व लोग दीवार विभाग के अधिकारियों में कर्मचारियों ने ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग पर स्थित उत्तराखंड की सीमा पर हाइट गेज लगाने का प्रयास किया था लेकिन वहां के किसानों के विरोध के चलते लोक निर्माण विभाग को पीछे हटना पड़ा और मानपुर दत्त राम निकट भी हाइट गेज लगाने का प्रयास किया तो वहां के किसानों ने भी

गांव रामूवाला गणेश पर हाइट गेज लगाने के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन

कर्मचारियों को खादर दिया जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों नेरामू वाला गणेश चौराहे पर रविवार की दोपहर बाद हाइट गेज लगना शुरू कर दिया जब किसानों को पता चला तो भारी संख्या में किसानों ने विरोध शुरू कर दिया जिसको लेकर हंगामा भी हुआ। सोमवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक किसानों ने एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम प्रीति सिंह को दिए। ज्ञापन में कहा कि उक्त मार्ग पर हाइट गेज लगाने सेक्षेत्र के आधा दर्शन से अधिक किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इस रोड से किसान, गन्ना ,भूसा , पशुओं के लिए पुआल ट्रैक्टर ट्राली में भरकर अपने घरों तक लाते हैं वहीं धान में गेहूं कटाई के लिएबड़ी मशीन कंबाइन वगैरा उक्त मार्ग से नहीं निकाल पाएंगे जिससे किसानों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा । किसानों ने हाइट गेज लगाने का विरोध करते हुए चेतावनी दी की यदि प्रशासन ने उनकी मांग नहीं मानी तो क्षेत्र के किसान धरना प्रदर्शन करने के लिएबाध्य होंगे ।

तेंदुए ने बनाया पालतू कुत्ते को निवाला

अमर भारती संवाददाता

कांठ। तहसील क्षेत्र के गाँव चेतरामपुर में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है।

भीषण गर्मी ने केवल इंसानों को नही बल्कि जानवरों को भी परेशान कर रखा है। जंगली जानवर ठंडा और सुरक्षित स्थान की तलाश में शहरों और कस्बों की तरफ आने लगे हैं। तेंदुए भी सुरक्षित स्थान के लिए इधर से उधर घूम रहे हैं। रविवार को दूधिया खालिद रात के समय में कांठ से अपने गाँव चेतरामपुर जा रहा था। जैसे ही वह दशहरा मार्ग से आगे गया तभी उसने एक तेंदुए को बीच सड़क पर बैठा देखा तो वह घबरा गया, कुछ देर खड़ा होने के बाद तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। चेतरामपुर निवासी खालिद ने बताया कि शनिवार को गाँव के धर्मवीर सिंह भगत जी के घर से तेंदुआ एक कुत्ते को उठा ले गया है। तभी से गाँव में दहशत का माहौल है। वहीं दूसरी ओर ग्राम फहत्तेपुर, जेवड़ी, हकीमपुर, रामसराय, पायन्दापुर, नवादा, रसूलपुर, आदि गाँव में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहसत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

भगतपुर पुलिस ने किया बड़ा खुलासा, चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमर भारती संवाददाता

मुरादाबाद। भगतपुर/ भगतपुर क्षेत्र की मानपुर चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त मालवाड़ा उर्फ मानपुर में की गई चोरी की बाइक को लेने के लिए आए थे, आपको बता दें मानपुर चौकी क्षेत्र के मालवाड़ा उर्फ मानपुर में रविवार की रात को चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर समान और एक ब्ज् 100 मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए थे, सुबह को पीड़ित इशाक द्वारा मानपुर चौकी पर चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन पर चोरी का खुलासा करने के लिए थाने पर टीम गठित की जिसके बाद टीम चोरों को पकड़ने में जुट गई। पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए दो अभियुक्त को

मोटरसाइकिल व चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया जबकि उनके दो साथी मोहित पुत्र विजय सिंह निवासी बहादुरपुर थाना काठ , संजू पुत्र शोभाराम निवासी हस्तिनापुर मेरठ भागने में सफल रहे पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्त आशिफ पुत्र अकरम निवासी मोहल्ला शांतीनगर गली नंबर 7 थाना सीलमपुर दिल्ली, प्रमोद पुत्र बुद्धसिंह, निवासी सदरपुर मतलबपुर थाना छछलेट ने बताया कि मानपुर चौकी क्षेत्र में दिनांक 31, 8, 2024 को मालवाड़ा उर्फ मानपुर में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की थी, शनिवार को भी मालवाड़ा उर्फ मानपुर में एक गोदाम का ताला तोड़कर सामान सहित बाइक चोरी कर ले गए थे हमने पुलिस के डर से बाइक को कहीं छुपा दिया था आज हम बाइक लेने आये थे और हमें पुलिस ने पकड़ लिया, पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा एक कारतूस व चाकू चोरी की मोटरसाइकिल चांदी की पाजेब, चांदी के बिछुए सोने की नोश पीन सहित कुछ रुपए बरामद किये गये है । गिरफ्तारी करने वाली टीम में भगतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल , थाना भगतपुर अपराध निरीक्षक अश्वनी कुमार , मानपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक संजय कुमार , उप निरीक्षक आशीष मलिक मानपुर चौकी थाना भगतपुर, हेड कांस्टेबल मेहरबान अली, हेड कांस्टेबल पिंकू सिंह शामिल रहे।

30 अक्टूबर तक शिक्षण संस्थान छात्रवृत्ति का मास्टर डाटा करें तैयार

अमर भारती संवाददाता

बदायूँ। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) की शासन द्वारा जारी की गयी संशोधित समय-सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर से शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने सम्बन्धी कार्यवाही (आवेदन करना, जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना, संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से पाठ्यक्रमवार निर्धारित शुल्क, एफिलिएटिंग एजेन्सी/विश्वविद्यालय के नाम आदि अंकित/अपलोड कर डिजीटल हस्ताक्षर से सत्यापित कर लॉक करने) की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्थान की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस आदि को ऑनलाईन पोर्टल पर अंकित एवं सत्यापित कर डिजीटल हस्ताक्षर से ऑनलाईन लॉक किए जाने की अन्तिम तिथि 11 नवम्बर, 2024 तक निर्धारित है। उन्होंने जनपद के दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) से सम्बन्धित समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित करते हुए कहा कि वह अन्तिम तिथि तक अपनी शिक्षण संस्थान का छात्रवृत्ति का मास्टर डाटा सम्बन्धी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जनपदीय विद्यालीय बालिका प्रतियोगिता का आयोजन

अमर भारती संवाददाता

बरेली। रामभरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज में जनपदीय जुडो बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉक्टर मीना जैन ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रजवलित कर किया।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय ने प्रतिभाग किया। जिसमें रामभरोसे इंटर कॉलेज,साहूगोपीनाथ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज समेत बेसिक स्कूलों की छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंडर -17 और 19 में राजकीय बालिका इंटर कालेज और राम भरोसे गर्ल्स कॉलेज विजेता रहा।अंडर -14 में भी राम भरोसे गर्ल्स कॉलेज ने बाजी मारी।कार्यक्रम में मुख्यरूप से मुकेश, शादाब, आसिफ,शोभा साह,पूजा, प्रतिभा सिंह,का सहयोग रहा।

भारतीय किसान यूनियन टिकेत द्वारा समस्याओं को लेकर विकासखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

अमर भारती संवाददाता

मूंढापांडे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत में अपनी समस्याओं को लेकर विकासखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेश सिंह ने बताया कि धतूरा मेघा नगला मानपुर पट्टी, जेतपुर विशहट्ट राजोड़ा कन्नर देव, क्षेत्र में आवारा पशुओं की भरमार है जिससे किसानों की फसल मे काफी नुकसान है आवारा पशुओं को पड़कर नजदीकी गौशाला में छोड़ा जाए जिससे किसान सुकून से सौ सकें और एक दर्जन से ज्यादा गांव में विद्युत विभाग की लाइन जर्जर हालत में है उनको ठीक कराया जाए गांव के अंदर छोटे-छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं बीमारी से बचने के लिए गांव

के अंदर दवाई का छिड़काव जरूरी कराया जाए जिससे बीमारी से बच्चों को बचा सकें मुंडा पांडे क्षेत्र में दर्जनों गांव ऐसे हैं के गांव के अंदर जाने वाले रास्ते जर्जर हालत में है जिसको जल्द से जल्द ठीक कराया जाए विकासखंड अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए पूरा कर दिया जाएगा इस मौके पर अजय पाल ,गुड्डू पाशा, रियासत हुसैन ,विपिन यादव ,ओम प्रकाश ,जितेंद्र, भूपेंद्र यादव ,ठाकुर धर्मेश सिंह ,नरेश प्रताप सिंह ,राधेश्याम ,ओम प्रकाश आदि भारतीय किसान यूनियन के अधिकारी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत अस्पताल में प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

अमर भारती संवाददाता

डिलारी। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी मे प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश एड्स समिति द्वारा 4 की बात कैंपेन ,के तहत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया ,जिसमें सभी एचआईवी से संबंधित स्टॉल लगाए गए ,और गर्भवती महिलाओं की जांच की गई ,प्रियदर्शनी का शुभारंभ सीएमओ डीटीओ के कुशल निर्देशन में अस्पताल प्रभारी डॉक्टर संदीप कुमार ,विनीता पांडे ने फीता काट कर किया ,शिविर में लैब टेक्नीशियन द्वारा एचआईवी ,सिफीलिस ,गर्भवती महिलाओं आदि की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरण की गई।

खेत में घास काट रही महिला की डीसीएम से कुचलने पर मौत

अमर भारती संवाददाता, ठाकुरद्वारा । क्षेत्र में सड़क किनारे अपने खेत में पशुओं के लिए खेत में से घास काट रही महिला के ऊपर तेज रफ्तार डीसीएम अंनियत्रित होकर पलट गई। जिसमें महिला की नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनो में हड़कंप मच गया। वही पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक राय होकर साजिश के तहत पिकअप से सड़क किनारे रौंद डाला जिससे पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशनपुर गांवड़ी निवासीप्रीतम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नाखूनका डिलारी निवासी नाजिम पुत्र उमर, लईक पुत्र अकबर अली जाकिर पुत्र भूरा मेरे परिवार से रंजिश रखते हैं व कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं।कि तुझे या तेरे परिवार में से किसी के मिलने और अपनी पिकअप ड्राइवर जाकिर से एक्सीडेंट करवा कर मर्डर करा देंगे व मुकदमा एक्सीडेंट का लगेगा तभी तीनो एक राय होकर प्लानिंग के तहत पीड़ित की पत्नी माया को देख तेज रफ्तार से पिकअप लाकर पीड़ित की पत्नी पर चढ़ा दी जिससे पीड़ित की पत्नी (45) माया देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी नाजिम लईक, जाकिर गाड़ी छोड़ कर भागते हुए बोले अपना काम हो गया है। वही पीड़ित के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर तीनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण प्रारंभ

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर खंड शिक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा वेगीश सिंह गोयल के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस संदर्भदाताओं द्वारा एन.सी.ई.आर.टी. आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों की समझ, पाठ्यपुस्तक आधारित कार्यपुस्तिक की समग्र समझ, पठन अभ्यास एवं प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास को समझना तथा अकादमिक वर्ष 2024-25 की शिक्षक संदर्शिका की समझ को विस्तारपूर्वक समझाया। संदर्भदाताओं द्वारा पिछले सत्र की क्विज द्वारा प्रतिभागियों के पूर्वज्ञान को परखा तथा साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की उत्साहवर्धक गतिविधि कराकर प्रशिक्षण को रोचक और सहज बनाया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवको की मौत, एक घायल

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा । बीती देर रात ठाकुरद्वारा ढकिया मार्ग पर अज्ञात वाहन की की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे । देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को उपचार के लिए पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिस पर उसको उत्तराखंड स्थित काशीपुर निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया । जहां पर एक घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । उत्तराखंड के थाना जसपुर की नगर पंचायत महुआ डाबरा निवासी अशोक कुमार पुत्र बुद्धू सिंह , अमन पुत्र टोनी सिंह व गांव के मोहम्मद फैज के साथ एक ही बाइक से किसी काम से डिलारी क्षेत्र में गए थे । रविवार की रात्रि 12.00 बजे के आसपास वापस लौटते समय ठाकुर द्वारा डिलारी मार्ग मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी । इस दौरान बाइक सड़क पर बनी पुलिया से टकरा गई और तीन लोग घायल हो गए । उधर से आने जाने वाले कुछ वाहन चालकों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी मौके पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक दो बाइक सवारों की तड़प तड़प कर मौत हो चुकी थी ।जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल था । पुलिस ने एंबुलेंस की मदद सेएक घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया । पुलिस ने घायल को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल मैं भर्ती कराया जिसे उपचार चल रहा है । प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार सिंह ने बताया कि अशोक कुमार पुत्र बुद्धू सिंह ब अमन पुत्र टोनी सिंह की अधिक रक्त स्राव होने की कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी । समय से अगर पुलिस को सूचना मिल जाती तो उनकी जान बच सकती थी लेकिन तीनों व्यक्तियों के किसी के पास भी हेलमेट नहीं था । हेलमेट होता तब भी उनकी जान बच सकती थी । मृतकों की जेब से निकले आधार कार्ड पर मोबाइल नंबर से उनके परिजनों को सूचना दी ।

दुर्घटना में घायल गौवंश का कराया उपचार

अमर भारती संवाददाता

कांठ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को सेवा गतिविधि के द्वारा दुर्घटना में घायल गौ वंश का उपचार कराया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मुरादाबाद जनपद में गांव में नगर पंचायत और शहरों में घूम रहे निराश्रित गौवंशो को 1 सितंबर से 7 सितंबर तक शत प्रतिशत निराश्रित गौवंशो को गौशाला में सुरक्षित एवं संरक्षित करने का अभियान शुरू किया गया है जिसमें न्याय पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उसके बावजूद भी कांठ क्षेत्र में निराश्रित गौवंश घूम रहे हैं। सोमवार की प्रातः जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विकास शर्मा को फोन पर सूचना प्राप्त कि मोहल्ला मौढा पट्टी में रात्रि में किसी डंपर द्वारा एक निराश्रित बछड़े को टक्कर मार दी तथा उसको काफी दूर तक घसीट कर ले गया। उसका एक सींग और एक पैर का खुर टूट गया। वह सांड गंभीर रूप से घायल हो गया है। गौ सेवा गतिविधि की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे बछड़े का उपचार कराया।

देश की आजाद में महर्षि दयानंद के अनुयायियों का बड़ा योगदान: विदुषी अलका आर्य

अमर भारती संवाददाता

ठाकुरद्वारा । आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद द्वारा संचालित तहसील ठाकुरद्वारा में ग्रामीण वेद प्रचार कार्यक्रम के नवम् दिवस पर आर्य समाज बंकावाला मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्य विदुषी अलका आर्य ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की परतंत्रता से जहां सारा देश प्रताड़ित हो रहा था वहीं मथुरा में गुरु विरजानंद की कुटिया मे अध्ययनरत दयानंद देश की गुलामी से मुक्ति की योजना बना रहा था। शिक्षा पूर्ण करने के बाद गुरू की आज्ञा से देश के लिये गुरु दक्षिणा में जीवन दे दिया। महर्षि दयानंद आजीवन ब्रह्मचारी रहकर देश सेवा में लग गये । 1857की क्रांति में तात्या टोपे,नाना साहब पेशवा,बेगम हजरत महल,

अजीमुल्ला खां ने महर्षि की प्रेरणा से क्रांति की। वहीं श्याम जी कृष्ण वर्मा ने लंदन जाकर भारतवासियों के लंदन के क्रान्ति के लिए द्वार खोल दिए जहां उन्होंने लाला हरदयाल, सरदार अजीत सिंह, वीर सावरकर, उधम सिंह आदि को क्रांतिकारी बनाने में बड़ा सहयोग किया। वहीं लाला लाजपत राय, रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह,स्वामी श्रद्धानंद,भाई परमानन्द महर्षि दयानंद सरस्वती के प्रेरणा से अंग्रेजी दासता की मुक्ति के लिए मतवाले हो गये। देश की आर्य समाजों ने जगह जगह क्रांतिकारियों को समाजो शरण दी और संरक्षण किया। देश के आर्य समाजों में काकौरी ट्रेन एक्शन शताब्दी बड़े स्तरों पर मनायी गयी। काकौरी के अमर बलिदानियों का बलिदान दिवस और भगतसिंह आदि का शहीद दिवस, स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति, राकेश कुमार आर्य, जयपाल सिंह आर्य, बाबूराम डोरी सिंह,विक्रम सिंह महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह,रमन कुमार,केशव कुमार,लीला सिंह, अजीत कुमार, ऊदल सिंह, प्रियांशी,उर्मेश,बबीता, रीना,गीता रानी, उपस्थित रहे।

नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर लाखों की डकैती की

अमर भारती संवाददाता/ डिलारी। क्षेत्र के गांव महेशपुर में डकैतों ने कहर बरपा दिया ,तमंचे के बल पर घर में दीवार कूदकर किसान से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेब रात लूट लिए ,घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चारों तरफ दहशत का माहौल बन गया ,गांव निवासी किसान अमित कुमार अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था ,तभी रात्रि लगभग 1रू00 बजे हाथों में हथियार लेकर नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए ,सेफ अलमारी का ताला तोड़कर एक सोने की चेन ,दो कुंडल ,दो अंगूठी सोने की ,चांदी की एक हसली दो हाथ फूल ,एक चांदी की माला ,सात सिक्के लूट कर ले जाने लगे ,आहट होने पर किस जाग गया । जैसे ही शोर मचाने की कोशिश की पहले से ही गेट पर खड़ा नकाब पोश बदमाश ने मेरी कनपटी पर तमंचा सटा कर खामोश कर दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर लेदा
**विकास

एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

जापान को 5-1 से हरा कर टॉप पर भारत

नई दिल्ली। गत चैंपियन भारत ने पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जापान को 5-1 से हरा दिया। इसी के साथ अंक तालिका में टीम पहले स्थान पर पहुंच गई है। सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में भारत का दबदबा रहा। शुरूआत से ही टीम ने आक्रामक रवैया अपनाए रखा।

भारत की जीत में सुखजीत सिंह (2', 60') ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक (3'), संजय (17') और उत्तम सिंह (54') ने एक-एक गोल किया। वहीं, जापान के लिए मात्सुमोतो काजुमासा (41') ने एकमात्र गोल किया।मैच के दूसरे मिनट में सुखजीत ने शानदार गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद ही भारतीय फारवर्ड ने बढ़त को 2-0 कर दिया। अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागा।

दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का आक्रमण जारी रहा। संजय ने 17वें मिनट में एक शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। 3-0 की बढ़त के साथ भारत मजबूत स्थिति में था, जबकि जापान लगातार संघर्ष करता रहा। क्वार्टर में एक गोल के साथ, भारत ने मैच के अधिकांश समय में बॉल पर कब्जा बनाए रखा। 10 मिनट के हाफ-टाइम ब्रेक से वापसी करते हुए, भारत ने लय बनाए रखने की कोशिश की। लेकिन जापान ने कमबैक करते हुए 41वें मिनट में काजुमासा के गोल की बदौलत अपना खाता खोला।

भारत के लिए चौथा गोल उत्तम सिंह ने किया। इससे भारत 54वें मिनट में 4-1 की बढ़त पर पहुंच गया। सुखजीत ने अंतिम सात सेकंड में अभिषेक की मदद से एक और गोल करके मैच को शानदार तरीके से समाप्त किया। इस लगातार जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे भारत के अभिषेक ने कहा, आज का प्रयास पूरी तरह से टीम का था। हम बुनियादी बातों पर टिके रहे। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम लक्ष्य पर रहें। मैं प्लेयर ऑफ द मैच बनकर काफी खुश हूं। इससे पहले, भारत ने अपने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था।

टेस्ट सीरीज से पहले गांगुली ने की बांग्लादेश की तारीफ

नई दिल्ली। बांग्लादेश की टीम हाल में पाकिस्तान को उसके घर में 2-0 से शिकस्त देकर आ रही है। ऐसा पहली बार हुआ था जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट में रौंदा है। सीरीज में बांग्लादेश की बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी भी कमाल की रही। पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतकर बांग्लादेश के हौसले बुलंद हैं और उसे अब भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बांग्लादेशी टीम की तारीफ की है।

भारत-बांग्लादेश के टेस्ट सीरीज से पहले सौरव गांगुली का मानना है कि टीम इंडिया को हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं होता, इसलिए बांग्लादेश के खिलाड़ियों को बधाई, लेकिन भारतीय टीम अलग है और वो अपने घर पर और विदेशी धरती पर भी अच्छा प्रदर्शन करती है, पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बांग्लादेश यहां भारत को हरा पाएगा, लेकिन भारत को बांग्लादेश से कड़ी चुनौती मिल सकती है, क्योंकि वह पाकिस्तान को हराने के बाद आत्मविश्वास के साथ यहां आ रहे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से टेस्ट टीम में ऋषभ पंत की वापसी हुई है। सौरव गांगुली ने कहा कि मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे। गांगुली ने कहा कि पंत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और वह ऐसे ही खेलता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज होगी रोमांचक: गिल

पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, इस बीच भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि आगामी टेस्ट सीरीज दिलचस्प और रोमांचक होने वाली है, भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

गिल को चेन्नई मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में ऋषभ पंत, केएल राहुल और विराट कोहली की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

गिल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आप किसी अंतर्राष्ट्रीय टीम को कम आंक सकते हैं। बांग्लादेश ने पिछले कुछ महीनों में जिस तरह का क्रिकेट खेला है, वह शानदार है। खासकर पाकिस्तान के खिलाफ उनका प्रदर्शन दमदार था'। गिल ने अब तक 25 टेस्ट मैचों में 35.52 की औसत से 1492 रन बनाए हैं, पिछले साल उन्होंने नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में बल्लेबाजी की थी। टेस्ट मैचों में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा, 'अक्सर, जब आप किसी अलग स्थान पर खेलते हैं, तो हर कोई आपकी क्षमता जानता है, लेकिन फिर भी आपको खुद को साबित करना होता है, शुरुआती मैचों में जब मैं नंबर तीन पर खेलने उतरा, तो मैं वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। मुझे अच्छी शुरुआत मिल रही थी, मैं 20 और 30 रन बना रहा था, लेकिन मैं उन्हें बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहा था। आगे बढ़ते हुए, मेरा लक्ष्य अपने अर्धशतकों को बड़े शतकों में बदलना है'। नंबर तीन बल्लेबाज के तौर पर गिल ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 टेस्ट सीरीज के दौरान 9 पारियों में 452 रन बनाए थे, जबकि उनका औसत 56.50 रहा।

आईपीएल 2025 में रिंकू सिंह को मिल सकती है कप्तानी!

नई दिल्ली। अपने लंबे-लंबे छक्कों से फैंस का दिल जीतने वाले रिंकू सिंह चर्चा में बने ही रहते हैं। उन्होंने जब से आईपीएल 2023 में आखिरी ओवर में 5 छक्के लगाए, तब से हर कोई उनके फिनिशिंग टच का दीवाना हो गया। लेकिन, अब यूपी प्रीमियर लीग में मेरठ मेवरिक्स की कप्तानी करते हुए रिंकू ने ये भी साबित कर दिखाया है कि वह एक कमाल के कप्तान भी हैं।

रिंकू सिंह की टीम है टेबल टॉपर

यूपी प्रीमियर लीग में रिंकू सिंह मेरठ मेवरिक्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं। उनकी टीम टूर्नामेंट में कमाल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है। रिंकू की कप्तानी वाली मेरठ की टीम ने अब तक 10 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 8 मैचों में जीत दर्ज की है। जहां, 16 अंकों के साथ वह प्वॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर बनी हुई है और उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय है। जाहिर तौर पर यदि उनकी टीम लगातार मैच जीत रही है, तो उसका क्रेडिट कैप्टन रिंकू सिंह को भी जाता है, जो अपने खिलाड़ियों से उनका बेस्ट प्रदर्शन करा पा रहे हैं। आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होने वाला है। एक बार फिर कई टीमें अपने-अपने कप्तान बदलेंगी। ऐसे में कई टीमों को नए कप्तान की तलाश होगी। अब यदि रिंकू सिंह बेहतरीन कप्तानी जारी रखते हैं और यूपी प्रीमियर लीग 2024 में अपनी मेरठ मेवरिक्स की टीम को टाइटल जिताने में कामयाब होते हैं, तो हर फ्रेंचाइजी को ये मैसेज मिल जाएगा कि रिंकू की कप्तानी में दम है।

टीम इंडिया की टेंशन बढ़ी

- मोहम्मद शमी अभी तक फिट नहीं
- न्यूजीलैंड सीरीज में वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 सितंबर से होगी। इसी सीरीज के पहले मुकाबले के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 की अंक तालिका में टॉप 2 में बने रहने और फाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया इस सीरीज को अपने नाम करना चाहेगी। सीरीज में दो मुकाबले खेले जाएंगे। इस सीरीज का पहला मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। जहां टीम इंडिया अपने एक स्टार खिलाड़ी को बेहद मिस करेगी। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि मोहम्मद शमी हैं। शमी काफी लंबे समय से इंजरी के कारण टीम इंडिया के बाहर चल रहे हैं। हालांकि उम्मीद जताई जा रही थी कि वह बांग्लादेश सीरीज में टीम इंडिया के स्क्वाड में वापसी कर सकते है, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

मोहम्मद शमी टीम इंडिया के उन गेंदबाजों में से एक है जो किसी भी पल मैच का रुक अपनी ओर मोड़ सकते हैं। मोहम्मद शमी ने कई मौकों पर टीम इंडिया को अपने दमपर मैच जिताया है। वनडे वर्ल्ड कप 2024 के दौरान भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला था। अब सवाल यह है कि शमी का जल्द से जल्द टीम इंडिया के स्क्वाड में वापसी करना क्यों जरूरी है? दरअसल टीम इंडिया के लिए आने वाली कुछ टेस्ट सीरीज काफी अहम होने जा रहे हैं।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तुरंत बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। यह सीरीज भारत में ही खेली जाएगी, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। जहां तेज गेंदबाजों का रोल काफी अहम होगा। शमी को पूरी तरह से फिट होने में अभी भी समय है। यही कारण है कि वह उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में नहीं चुना गया है। वहीं शमी दिलीप ट्रॉफी में भी नहीं खेल रहे हैं।

इस सीरीज में आ सकते हैं

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 16 अक्टूबर से खेला जाएगा। इस सीरीज में मोहम्मद शमी की वापसी की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। अगर शमी इस सीरीज में वापसी नहीं कर पाते हैं तो टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को ऑस्ट्रेलिया में ही दो बार टेस्ट सीरीज में रौंदा है। जहां भारत की जीत में तेज गेंदबाजों का ही रोल काफी अहम रहा था, ऐसे में भारतीय टीम अपने इस लय को बनाए रखना चाहेगी।

संक्षिप्त समाचार

भारत में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि

लखनऊ। फेफड़ों का कैंसर आज भी विश्वभर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। यह कैंसर के अन्य प्रकारों की तुलना में सबसे अधिक मृत्यु दर के लिए जिम्मेदार है। भारत में हर साल 70,000 से 90,000 नए मामलों का निदान किया जाता है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर शहरी क्षेत्रों में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, जो धूम्रपान की बढ़ती आदतों, वायु प्रदूषण, औद्योगिक जोखिमों और वृद्ध होती आबादी के कारण हो रही है। मैक्स हॉस्पिटल साकेत के कैंसर केयर विभाग के वरिष्ठ निदेशक डॉ. देवव्रत आर्य ने कहा, धूम्रपान के कारण लगभग 85% फेफड़ों के कैंसर के मामले होते हैं। तंबाकू के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से कई कैंसर पैदा कर सकते हैं। यहां तक कि गैर-धूम्रपान करने वालों के लिए भी सेकेंड हैंड स्मोक (दूसरे के धुएं का संपर्क) का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, रडॉन गैस, एस्बेस्टस, और वायु प्रदूषण जैसे अन्य जोखिम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आनुवंशिक प्रवृत्तियां और फेफड़ों के कैंसर का पारिवारिक इतिहास भी जोखिम को बढ़ाते हैं। वहीं, वाइपिंग और हुक्का पीना भी सुरक्षित नहीं है। इनसे शरीर में कई रसायन, जैसे निकोटीन, स्वाद देने वाले एजेंट्स, फॉर्मलडिहाइड और एक्रोलिन जैसे पदार्थ, पहुंचते हैं जो हानिकारक और संभावित रूप से कैंसरकारी हो सकते हैं। फेफड़ों का कैंसर मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है: नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर (एनएससीएलसी) और स्मॉल सेल लंग कैंसर (एससीएलसी)। एनएससीएलसी लगभग 85% मामलों में होता है और इसमें एडेनोकार्सिनोमा, स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा, और लार्ज सेल कार्सिनोमा जैसे उपप्रकार शामिल हैं। उपचार कैंसर के उपप्रकार पर निर्भर करता है।

लीवर की देखभाल के लिए समय पर निदान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं

अमृतसर। नॉन-अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज (एन ए एफ एल डी) या हाल ही में इसे मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड फैटी लीवर डिजीज (एमएएफएलडी) के रूप में जाना गया है, एक ऐसी स्थिति है जिसमें लीवर में फैट का निर्माण होता है। एन ए एफ एल डी को दो श्रेणियों में बांटा गया है: गैर-अल्कोहलिक फैटी लीवर (एनएएफएल) और गैर-अल्कोहलिक स्टीटो-हेपेटाइटिस (एनएएसएच)। जहां एन ए एफ एल केवल लीवर में फैट के निर्माण से जुड़ा होता है और इसमें लीवर की कोशिकाओं को विशेष रूप से नुकसान नहीं होता, वहीं एनएएसएच में लीवर में सूजन हो जाती है, जो गंभीर मामलों में सिरोसिस और लीवर कैंसर या लीवर फेलियर का कारण बन सकती है। बीएलके - मैक्स अस्पताल के एचपीबी सर्जरी एवं लीवर ट्रांसप्लांटेशन विभाग के वाईस चेयरमैन और एचओडी, डॉ. अभिदीप चौधरी ने कहा अधिकतर, एन ए एफ एल डी एक साइलेंट लीवर डिजीज होती है, जिसमें कुछ या कोई भी लक्षण नहीं होते। लेकिन कुछ सामान्य लक्षणों में भूख कम होना, थकान महसूस होना, अस्वस्थ महसूस करना या पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में दर्द या असुविधा शामिल हो सकते हैं। एनएएसएच के संभावित लक्षणों में वजन कम होना, त्वचा और आंखों का पीला होना, त्वचा में खुजली, लाल हथेलियां, त्वचा के नीचे स्पाइडर जैसे रक्त वाहिकाएं, सांस की कमी, स्प्लीन का बढ़ना, पैरों में सूजन, और एडवांस्ड सिरोसिस में पेट में सूजन, रक्तस्राव और भ्रम शामिल हो सकते हैं। कुछ स्वास्थ्य स्थितियां और विकार, जैसे मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम जिसमें टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च खराब कोलेस्ट्रॉल स्तर (एलडीएल और ट्राइग्लिसराइड्स) शामिल हैं, एन ए एफ एल डी के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, भारत और दुनिया भर में एन ए एफ एल डी के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

द ओवल टेस्ट में श्रीलंका ने इंग्लैंड को 8 विकेट से रौंदा

- 10 साल बाद किया ये कारनामा

ओवल । श्रीलंका ने तीसरे टेस्ट मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को 8 विकेट शिकस्त दिया है। इस मैच में श्रीलंका के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड ने श्रीलंका को 219 रनों का टारगेट दिया, जिसे श्रीलंका ने आसानी से चेज कर लिया। श्रीलंका लंका के लिए दूसरी पारी में पथुम निसंका ने बेहतरीन बल्लेबाजी की है। उन्होंने 127 रनों की पारी खेली और आखिरी तक क्रीज पर टिके रहे. उनकी वजह से ही टीम मुकाबला जीतने में सफल रही है।

श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच साल 2014 में जीता था। अब 10 साल बाद श्रीलंका की टीम टेस्ट में इंग्लैंड को हराने में कामयाब हुई है। साल 2014 के बाद श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ 10 टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें 9 में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की और एक टेस्ट ड्रॉ रहा था। अब आखिरकार श्रीलंका की टीम को जीत मिली है। ने चौथी बार इंग्लैंड को उसके घर पर हराया है। इससे पिछली जीत साल 2014 में आई थी। इंग्लैंड ने अपनी धरती पर किसी टीम का समर में क्लीन स्वीप 20 साल पहले 2004 में किया था। उसके बाद से इंग्लैंड की टीम ऐसा नहीं कर पाई है।

पथुम निसंका ने लगाया शतक

इंग्लैंड के पहले पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 325 रन बनाए थे। इसके बाद श्रीलंका की टीम पहली पारी में 263 रन ही बना सकी। जिसके बाद इंग्लैंड को 62 रनों की बढ़त हासिल हुई है। ऐसे में लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले को आसानी से जीत लेगी, लेकिन दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी बुरी फ्लॉप रही और 156 रनों पर ही पूरी टीम सिमट गई. इस तरह से लंका को जीतने के लिए 219 रनों का टारगेट मिला. पथुम निसंका की शतक की बदौलत श्रीलंका ने इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। निसंका ने 127 रनों की शानदार पारी खेली।

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में भयंकर उलटफेर

- श्रीलंका ने मारी लंबी छलांग, अंग्रेज हुए चित्त

नई दिल्ली। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेली जा रही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खत्म हो गई है। सीरीज के पहले दो मैच जीतकर भले ही इंग्लैंड ने सीरीज पर कब्जा कर लिया हो, लेकिन इस बीच श्रीलंका टीम ने तीसरा और आखिरी मुकाबला जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल में जबरदस्त बदलाव ला दिया है। मैच में जीत के बाद श्रीलंका ने लंबी छलांग मार दी है, वहीं इंग्लैंड की बात करें तो एक ही मैच में हार से टीम एक बार फिर काफी नुकसान है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में टीम इंडिया अभी भी पहले नंबर पर

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल पर नजर डालें तो पता चलता है कि टीम इंडिया अभी भी सबसे आगे पहले नंबर पर चल रही है। भारतीय टीम का पीसीटी 68.52 का है। वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है, उसका पीसीटी 62.5 का है। इन टॉप की दो टीमों के बाद न्यूजीलैंड का नंबर आता है। न्यूजीलैंड की टीम 50 पीसीटी के साथ तीसरे नंबर पर इस वक्त काबिज है।

श्रीलंका ने किया नंबर 5 की कुर्सी पर कब्जा

इस बीच बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान को जो दो लगातार मैचों में पटकनी दी थी, उससे उसने नंबर 4 की कुर्सी पर कब्जा कर लिया था। उसका पीसीटी इस वक्त 45.83 का है। अब इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट में हराने के बाद श्रीलंका की टीम ने लंबी छलांग लगाते सीधे नंबर 5 की कुर्सी हथिया ली है। इस मैच से पहले तक श्रीलंका का पीसीटी 33.33 का था, जो अचानक से बढ़कर 42.85 का हो गया है। टीम इससे पहले सातवें नंबर पर संघर्ष कर रही थी, लेकिन अब टॉप 5 में पहुंचने में कामयाबी हासिल कर ली है।

श्रीलंका से हारकर इंग्लैंड को हुआ डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में नुकसान

बात अगर इंग्लैंड की करें तो टीम ने श्रीलंका को पहले दो टेस्ट में हराया और इसी की बदौलत 45 पीसीटी के साथ नंबर 5 की कुर्सी तक पहुंच गई थी, लेकिन अब उसे फिर से नीचे आना पड़ा है। इस मैच से पहले तक इंग्लैंड का पीसीटी 45 का था, जो अब घटकर 42.18 का हो गया है। टीम को एक ही मैच में मिली हार के बाद काफी नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन इससे इतना जरूर हुआ है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्वाइंट्स टेबल काफी रोचक हो गई है।

एयरटेल फाइनेंस ने उद्योग जगत में 9.1% की सबसे ज्यादा ब्याज दर पर पेश की सावधि जमा योजना

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज अपनी डिजिटल शाखा, एयरटेल फाइनेंस के तहत एक सावधि जमा मार्केटप्लेस शुरू करने की घोषणा की है । यह सावधि जमा योजना 9.1% प्रति वर्ष तक की आकर्षक ब्याज दर पर उपलब्ध होगी। यह मार्केटप्लेस एयरटेल फाइनेंस को एयरटेल के थैंक्स ऐप फ्रेमवर्क के तहत निर्मित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक सुनिश्चित रिटर्न और निश्चित आय निवेश विकल्प प्रदान करता है। यह योजना इसके पोर्टफोलियो में शामिल व्यक्तिगत ऋण, एयरटेल एक्सिस बैंक कोब्रांड क्रेडिट कार्ड, एयरटेल बजाज फिनसर्व इंस्टा ईएमआई कार्ड, क्रेडिट कार्ड मार्केटप्लेस और गोल्ड लोन की पेशकश को और मजबूत करती है। एयरटेल फाइनेंस के मुख्य व्यापार अधिकारी अंशुल खेत्रपाल ने कहा, हम लगातार ऐसे उत्पाद पेश करने के लिए नवाचार कर रहे हैं जो ग्राहक केंद्रित हों और इस प्रयास में आज हमें अपनी सावधि जमा योजना की घोषणा करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। सावधि जमा योजना एक आकर्षक ब्याज दर के साथ पेश की गई है जो हमारे ग्राहकों को अपनी निधि को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी। इस उद्यम में हमने सर्वश्रेष्ठ बैंकों के साथ भागीदारी की है और ग्राहकों को पूरी तरह से पारदर्शी, सहज और डिजिटल अनुभूति प्रदान करने का वादा किया है।

अमर भारती में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन से यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया स्पष्टीकरण एवं सुझाव समूह सम्पादक की ईमेल- editor@amarbharti.com पर प्रेषित करें अथवा 9311222595 पर व्हाट्सएप करें।

युवक की नृंशस हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व बांका बरामद किया

अमर भारती

एटा। तारीख पर आ रहे युवक की कुल्हाड़ी से नृंशस हत्या के एक आरोपी को कोतवाली देहात ने मुखबिर की सूचना पर हत्या में प्रयुक्त बांका व एक कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार किया। यह जानकारी सीओ सदर अमित कुमार ने दी।

घटनानुसार जनपद अलीगढ़ थाना दादों के ग्राम भमोरी निवासी ओमवीर ने 6 सितबंर को कोतवाली देहात पर सूचना दी कि वह अपने साले मृतक विवेक निवासी अंबारी के साथ अपनी बाइक से एटा न्यायालय पर तारीख करने आ रहा थे, तभी कोतवाली देहात क्षेत्र में कासगंज रोड पर मारुति सुजुकी एजेंसी के सामने पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। जिसमें वादी तथा वादी का साला एक गड्ढे में गिर गए और कार से उतरकर शिवचरन व शिवकुमार, टीटू उर्फ विजय शंकर व सत्यप्रकाश निवासीगण ग्राम अंबारी ने उसके साले विवेक को डंडा, बांका व कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। जिसमें उसकी मौत हो गयी। इस घटना में पुलिस ने वादी के तहरीर पर 4 लोगों के खिलाफ मुकद्दमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। इस घटना में फरार चल रहे अंबारी निवासी टीटू उर्फ विजय शंकर उर्फ गिरिजाशंकर को मुखबिर की सूचना पर ककैरा हाइवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका तथा कुल्हाड़ी भी बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक निर्दोष सिंह सेंगर, एसआई अभिषेक कुमार, विपिन कुमार, आरक्षी प्रमोद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

हत्या के आरोपी की जानकारी देते सीओ सदर। फोटो- अमर भारती

सड़क हादसों में चार लोग घायल

एटा(अमर भारती)। सड़क हादसों में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए एम्बुलेंस की मद्द से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां से तीन लोगों हायरसेंटर रेफर कर दिया।

पहली घटनानुसार थाना मलावन निवासी प्रमोद कुमार अपनी पत्नी गीता देवी के साथ बाइक से एटा से अपने घर मलावन वापस जा रहे थे, तभी जैसे ही वह आसपुर टोल से आगे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गये। जिन्हें एम्बुलेंस की मद्द से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए हायरसेंटर रेफर कर दिया। दूसरी घटना में जनपद फर्रुखाबाद के मदनपुर संतोषपुर निवासी राहुल अपने चाचा हरीराम के साथ अपनी ससुराल एटा के कीलरमऊ आया हुआ था, जहां से वह वापस ऑटो में सवार होकर जा रहे थे, तभी पवांस से आगे भट्टे पर ऑटो व ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गयी। जिससे ऑटो पलट गया और हरीराम व राहुल घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां राहुल को आगरा रेफर कर दिया।

तीसरे दिन पंडालों व घरों में हुई बप्पा की पूजा-अर्चना

सीओ, प्रभारी निरीक्षक सहित मौजूद रहे पुलिसकर्मी

अमर भारती

कायमगंज/फर्रुखाबाद। गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन घरों-पंडालों में गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कहीं बच्चों ने तो कही कलाकारों ने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कई जगहों पर भजन और झांकियों की भी प्रस्तुति दी गई।

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति पुरानी गल्ला मंडी में सुबोध गुप्ता मंशाराम के द्वारा विधि-विधान से गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कराई गई। क्षेत्रधिकारी जयवीर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह ने श्री विघ्नहर्ता की आरती की उतारी। गढ़ी मोहल्ला में पन्नालाल जागरण मंडली द्वारा दिनभर भक्तों ने भगवान गजानन का दर्शन व पूजा-अर्चना की। वहीं शाम को यहां भजन मंडलियों ने भजन और झांकियों की प्रस्तुति दी। इस मौक पर एसके शर्मा, रोहित कुमार, आयुष गुप्ता, विशाल गुप्ता आदि भक्त व्यवस्था में लगे रहे।

गणेश पडांल में भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष आरती करते सीओ कायमगंज व अन्य भक्तगण। फोटो- अमर भारती

गैंगस्टर में सपा नेता की सात करोड़ 89 लाख की सम्पत्ति कुर्क

अमर भारती

फरूर्खाबाद। डीएम के आदेश पर पुलिस व तहसीलदार सदर की मौजूदगी में पुलिस नें सपा नेता शिव प्रताप चीनू की सात करोड़ नवासी लाख की सम्पत्ति कुर्की की कार्यवाही की गयी।

कोतवाल फतेहगढ़ में गैंगेस्टर के मामले में माफिया अनुपम दुबे, पूर्व बार एसोसिएशन महासचिव संजीब परिया व शिव प्रताप सिंह (चीनू) के खिलाफ दर्ज किया गया था। अनुपम दुबे व संजीव पारिया के खिलाफ जब्तीकरण की कार्यवाही भी हो चुकी है। संजीव पारिया की जेल में निरुद्ध रहने के दौरान मौत हो चुकी है। रविवार को तहरीर सदर श्रद्धा पाण्डेय, थानाध्यक्ष मऊदरवाजा भोलेंद्र चतुर्वेदी आदि ने अमेठी कोहना, नवाब न्यामत खां आदि जगह पर 7 करोड़ बीस लाख, अस्सी हजार की अचल सम्पत्ति को कुर्क किया।

चीनू और पुत्र पवन सिंह के बैंक खाते भी सीज

प्रशासन ने शिव प्रताप उर्फ चीनू व उनके पुत्र पवन सिंह के खातों से 5 लाख, तिहत्तर हजार 295 रुपये 85 पैसे के बैंक खाते एसबीआई नादरी बाजार स्वरूप नगर कानपुर नगर, बैंक ऑफ बडौदा फतेहगढ़, पीएनबी बैंक फतेहगढ़, बैक ऑफ बड़ौदा अमेठी जदीद आदि के खाते सीज किये गये।

5 बसों समेत 63 लाख कीमत के वाहन सीज

प्रशासन ने तिरेसठ लाख कीमत 16 हजार 986 रुपए कीमत के चीनू व उनके परिजनों के वाहन सीज किये गये।

शहर में सिग्नल के इशारे पर चलेंगे वाहन

41 लाख से तीन स्थानों पर लगेंगे ट्रेफिक सिग्नल

अमर भारती

फर्रुखाबाद। महानगरों की तर्ज पर अब शहर की सड़कों पर भी इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल के इशारे पर वाहन चलेंगे। नगर में पहला ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम लगाया जा रहे हैं। जल्द इसे संचालित भी किया जाएगा।



शहर के लाल दरवाजे, त्रिपोलिया चौक व फतेहगढ़ चौराहे पर लगभग 41 लाख की लागत से इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक सिग्नल नगर पालिका फर्रुखाबाद के द्वारा लगाये जा रहे हैं। ट्रैफिक सिग्नल से यातायात का संचालन होगा। जिससे जाम की समस्या से काफी निजात मिलेगी। यातायात पुलिस का मानना है कि इन चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगने के बाद लोगों को जाम से राहत मिलेगा और परेशान नहीं होना पड़ेगा। पलिकाध्यक्ष पति मनोज अग्रवाल ने बताया कि लगभग 41 लाख की लागत से तीन जगह ट्रैफिक सिग्नल लगाये जा रहे हैं। जल्द तीनों का लोकार्पण किया जायेगा।

पत्नी से विवाद के चलते व्यक्ति ने की आत्महत्या

एटा(अमर भारती)। निधौलीकलां क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर में एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका मिला। स्थानीय लोगों की मद्द से परिजन शव को घर ले आये। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया।

मृतक मुकेश कुमार का फाइल फोटो

जानकारीनुसार थाना निधौलीकलां के ग्राम शहबाजपुर निवासी 40 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र अमरपाल सिंह की पत्नी से विवाद चल रहा था, वह पिछले डेढ़ वर्षों से मायके में रह रही थी। बताया जाता है कि पत्नी ने मृतक पर मुकद्दमा भी डाला हुआ। परिजनों का कहना है कि मृतक ने मरने से पहले पत्नी से बात की। जिसके बाद खेत पर खड़े जामुन के पेड़ पर रस्सी से फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मूर्ति विसर्जन के लिए तालाब बनाने की मांग

अमर भारती

फर्रुखाबाद। गणेश चतुर्दशी पर प्रतिमा स्थापना की श्रीगणेश करने वाले मुम्बई के मराठा कारीगरों की अपनी मांग है। जिसके चलते उन्होंने गणेश प्रतिमा की स्थापना नहीं की। पूर्व कमेटी के सदस्य ने मूर्ति विसर्जन के लिए तालाब बनाने की मांग की।

दरअसल लगभग 18 साल पूर्व शहर के नेहरु रोड स्थित कटरा डौरु नाथ में मुम्बई व महाराष्ट्र के सराफा कारीगरों ने ही गणेश प्रतिमा स्थापना की थी। संजय कुमार मराठा ने बताया कि जब 18 साल पूर्व गणेश प्रतिमा की स्थापना की थी तो कमेटी में मराठा समाज के 18 लोग थे। लेकिन

- गणपति प्रतिमा स्थापना का श्रीगणेश करने वाला मराठा समाज नाखुश

बीते कुछ सालों से गंगा में मूर्ति विसर्जन पर रोक लगा दी गयी। जिससे इस वर्ष संजय कुमार पराठा और उनकी टीम ने गणेश प्रतिमा की स्थापना नहीं की। उनकी मांग है कि गंगा में यदि मूर्ति का विसर्जन नहीं हो सकता तो प्रशासन को गंगा किनारे तालाब खोदकर देना चाहिए, जिसमें हम मूर्ति का जल विसर्जन कर सकें। गणेश प्रतिमा का भू-विसर्जन का कोई विधान नहीं है।

दशलक्षण के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म का किया पालन

अमर भारती

सकीट। नगर के श्रीदिगम्बर जैन मन्दिर में जैन समाज के आचार्य अक्षत जैन द्वारा श्रावक श्राविकाओं को विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कराई गई। तथा सभी को उत्तम मार्धव धर्म का पालन कराते हुए कहा कि आज जैन दस लक्षण पर्व का दूसरा दिन है, जो हमें उत्तम मार्दव यानी सर्वोच्च विन्रमता का महत्व सिखाता हैं। अर्थात मान अहंकार को त्यागने समाप्त कर विनयशील जो बन गया वह सफलता पाता है।

हम सभी को भी अपने जीवन में मान अहंकार का त्याग कर विनयशील बनना चाहिए। जीवन में सफल वही व्यक्ति होता है जो विनयशील हो। भगवान श्रीरामचन्द्र जी विनयशील थे। मयार्दा पुरषोत्तम थे, जबकि रावण बहुत शक्तिशाली तीनों लोकों में उसके नाम का डंका बजता था। रावण के जैसे ज्ञानी पंडित कोई नहीं था उसमें खूबियों की कमी नहीं थी, लेकिन उसे अपनी शक्तियों पर बहुत घमण्ड था यानी मान। जिसे जैन धर्म में मार्दव आज का जो व्रत उपवास है वह मार्दव धर्म अर्थात उसी मान अहंकार को मर्दन खत्म करने की हमे प्रेरणा देता है जिस प्रकार रावण को उसका अहंकार उसके अंत का कारण ओर भगवान राम की विनयशीलता उनकी विजय का कारण बनी उसी तरह मित्रों जीवन में हमे भी अहंकार को त्यागने की जरूरत है उत्तम मार्दव धर्म हमें यही प्रेरणा देता है विनयशील बनकर जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कीजिये। इस मौके पर जैन समाज के सभी श्रावक श्राविकाएं मौजूद रहे।

मृदुता और विनम्रता ही मार्दव धर्म की पहचान है: माताजी

अमर भारती

एटा। दसलक्षण महापर्व के द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म की पूजन शहर के सभी मंदिरों में की गई एवं जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपाश्र्वनाथ जी का गर्भकल्याणक भी मनाया गया।

भारत गौरव गणिनी आर्यिका श्री विशुद्ध मति माताजी की प्रिय शिष्या प्रज्ञा पद्मिनी पट्ट गणिनी आर्यिका श्री विज्ञमति माताजी ने उत्तम मार्दव धर्म के बारे में श्रावकों को बताया चित्त में मृदुता और व्यवहार में विनम्रता ही मार्दव धर्म है यह मान कषाय के अभाव में प्रकट होता है जाति, कुल, रूप, ज्ञान, तप, वैभव, प्रभुत्व, ऐश्वर्य, संबंधी अभिमान मद कहलाता है इन्हें विनश्वर समझ कर मान कषाय को जीतना उत्तम मार्दव धर्म कहलाता है। शाम को शास्त्र सभा में ब्रह्मचारिणी प्रियंका दीदी ने बताया कि यह मनुष्य पर्याय अत्यंत दुर्लभ है ,दो हजार सागर की आयु में 48 भव होते हैं जिसमें 24 भव नपुंसक पर्याय, 16 भव स्त्री पर्याय और मात्र 8 भव पुरुष पर्याय के होते हैं, धर्म तो बचपन में ही होता है इस भुलावे में मत रहना कि धर्म तो बुढ़ापे में कर लेगें। आरती गुरु भक्ति के पश्चात टेलेंट शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 सितम्बर दिन मंगलवार को चुनमुन झांकी मंडल द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़े मंदिर जी में किया जायेगा। कासगंज रोड स्थित वीर विमल अहिंसा क्षेत्र में भी श्रावकों ने प्रातः जिन अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन प्रभु सुपाश्र्व नाथ पूजन एवं पर्व की पूजा कर प्रभु की मंगल आरती उतारी। शाम को ठंडी सड़क स्थित नेमिनाथ जिनालय में 48 दीपों से भक्तामर दीप अर्चना में भक्तों ने मांडना पर मंत्रोच्चार पूर्वक दीप सर्मपित किये। इस पावन अवसर पर सर्वेश जैन, गुड्डू मंत्री, सुन्नेश जैन, राजीव सुल्ली, पीयूष जैन, प्रशांत जैन, अनुराग जैन, ओम प्रकाश जैन, बंटी जैन, सुरेंद्र जैन, दीपक जैन, विद्यासागर जैन, विनय जैन, मनोज एडवोकेट, सुनील जैन, विकास जैन, हरित जैन, चिराग जैन, अंशुल जैन, अक्षय जैन, आदेश जैन, आरके जैन, सुधाकर जैन, राजू जैन, अशोक जैन, श्रीमती बबिता जैन प्रेरणा, जिनवाणी जैन, कुमुद जैन, अल्का जैन, प्रीति जैन, नंदिनी जैन, मालती जैन, अर्चना जैन, बेबी जैन, बीना जैन नीरेश जैन, मंजू जैन, रोजी जैन, राखी जैन, ऋतु जैन, लवली जैन श्रावकों ने मंदिर में उपस्थित रहकर पुण्यार्जन किया।

- वीर विमल अहिंसा क्षेत्र में श्रावकों ने की मंगल आरती

कासगंज रोड स्थित वीर विमल अहिंसा क्षेत्र में मंगल आरती के दौरान मौजूद श्रावक-श्राविकाएं।

ट्रक की टक्कर से टैम्पों पलटा, पांच घायल

फर्रुखाबाद/राजेपुर(अमर भारती)। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से टैम्पों अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। जिससे उसमें बैठी पांच घायल सवारियों को सीएचसी में भर्ती किया गया।

थाना राजेपुर राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान हरिहरपुर के सामने फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग टेंपो अमृतपुर से फर्रुखाबाद की तरफ जा रहा था। उसमें 9 सवारियां बैठी हुई थी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। जिससे टेंपो उछलकर सड़क किनारे गहरे खड्ड में जा चला गया, खड्ड में जलकुंभी होने के कारण सवारियों को गंभीर चोटे नहीं आयी। पास में मौजूद अग्नि शमन कार्यालय के कर्मचारियों ने दौड़कर उन सवारियों को फंसे हुए टेंपो से बाहर निकाल और जेसीबी के माध्यम से खाई में गिरे टेंपो को भी निकाला गया। वहीं घायल सर्वेश, माया निवासी अमैयापुर घायल हो गये। उन्हें सीएचसी राजेपुर में भर्ती किया गया। माया पत्नी सर्वेश की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। दारोगा राजेपुर अक्षय कुमार मौके पर पहुंचे।

रामलीला कमेटी का गठन, 29 से शुरू

श्री रामलीला समिति की कमेटी गठित होने के उपरांत मौजूद पदाधिकारी। फोटो- अमर भारती

अमर भारती

कायमगंज/फर्रुखाबाद। श्री रामलीला समिति की बैठक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से सत्य प्रकाश अग्रवाल को अध्यक्ष, मनोज कौशल महामंत्री उपाध्यक्ष, सतीश अग्रवाल, शंभू दयाल कौशल, सतीश अग्रवाल, मंत्री पवन गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, राजन गुप्ता, रविंद्र अग्रवाल, राघव अग्रवाल, अमित सेठ, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, नीरज अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक मुन्ना लाल गुप्ता, प्रबंधक अनिल कुमार अग्रवाल, अरविंद महेश्वरी डॉक्टर संतोष गौड़ संजीव गुप्ता, महेश चंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, संजीव रस्तोगी, सुधीर रस्तोगी, हनी अग्रवाल, जगदीश चंद्र कौशल, सुधाकर दुबे, सुखदेव दुबे, संजीव शाक्य, प्रमोद भारद्वाज, अवधेश अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, सोनू गंगवार, बृजेश कौशल, सोनू गुप्ता, सूरजपाल यादव, मनोज गंगवार, संजीव अग्रवाल आदि पदाधिकारी को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं भरत मिलाप की जिम्मेदारी राम प्रकाश यादव उर्फ कल्लू सेठ कमलेश गुप्ता संजय गुप्ता गोपाल गुप्ता उर्फ अटल राजीव गुप्ता कैलाश चंद्र राठौर बालक राम अनिल शाक्य, शैलेश गंगवार, आलोक गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रवीण यादव, मनोज गुप्ता को सौंपी गई।

रामलीला में श्री गणेश पूजन एवं शंकर विवाह के साथ 28 सितंबर से रामलीला का शुभारंभ सीपी ग्राउंड में होगा, 29 सितंबर रविवार को नारद मोह एवं मनु सतरूपा तप, 30 सितंबर को श्री राम जन्म एवं बाल लीलाएं, 1 अक्टूबर मंगलवार को श्री विश्वामित्र अयोध्या आगमन यज्ञ रक्षा तड़का सुबाहु वध, 2 अक्टूबर बुधवार को अहिल्या उद्धार गौरी पूजा एवं सीता स्वयंवर, 3 अक्टूबर को धनुष भंग एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद,4 अक्टूबर शुक्रवार को, श्री राम बारात नगर भ्रमण के लिए 4:30 बजे से निकलेगी, 5 अक्टूबर को श्री राम विवाह एवं कलेवा, 6 अक्टूबर रविवार को श्री राम वनवास एवं केवट संवाद दशरथ मरण, 7 अक्टूबर को सूपर्णखा अंग भंग एवं खरदूषण वध दिनांक, 8 अक्टूबर मंगलवार को सीता हरण एवं राम सुग्रीव मिलन, 9 अक्टूबर को बाली वध एवं लंका दहन 10 अक्टूबर को विभीषण शरणागत एवं रामेश्वर स्थापना व अंगद रावण संवाद 11 अक्टूबर शुक्रवार को लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण एवं मेघनाथ एवं अहिरावण वध 12 अक्टूबर को विजय दशहरा रावण के कृषि मंडी समिति 13 अक्टूबर को भारत मिलाप राज्याभिषेक एवं कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। गत वर्ष की बात इस वर्ष भी रामलीला के साथ-साथ प्रातः 9:30 बजे से 12 बजे तक श्री रासलीला का आयोजन भी होगा।

- सत्यप्रकाश अध्यक्ष, मनोज महामंत्री बने

निषाद पार्टी की जिला स्तरीय बैठक कल

एटा(अमर भारती)। निषाद पार्टी के प्रमुख महासचिव डॉ. सुभाष शाक्य ने बताया है कि आगामी 11 सितम्बर दिन बुधवार को दोपहर पश्चात 2 बजे निषाद पार्टी की जिला स्तरीय आवश्यक बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप के आवास गली बल्देव सहाय मेहता पार्क के पीछे उनकी अध्यक्षता में आहूत की गयी है।

डॉ. सुभाष शाक्य ने कहा कि उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अलीगढ़ मडंल के प्रभारी बबलू निषाद रहेंगे तथा हाईकमान द्वारा पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश कश्यप एवं जिला प्रभारी रामपाल सिंह कश्यप को 22 एटा लोकसभा क्षेत्र का सह कोर्डिनेटर मनोनीत किऐ जाने पर उनका भव्य अभिनदंन किया जाऐगा।

भैंस चराते समय किशोर तालाब में गिरा, मौत

एटा(अमर भारती)। मिरहची क्षेत्र के ग्राम नगला मोती में भैंस चराते समय एक किशोर तालाब में गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन उसे आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारीनुसार थाना मिरहची के ग्राम नगला मोती निवासी 8 वर्षीय मनमोहन उर्फ मुन्नू पुत्र विमलेश यादव जो सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे खेत की तरफ भैंस चराने गया हुआ था, जहां पास में बने तालाब में अचानक वह डूब गया। स्थानीय लोगों ने उसे डूबता देख परिजनों को सूचना दी। तत्काल उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक शैलेन्द्र कुमार जैन द्वारा 6, द्वितीय तल, आपका सिटी प्लाजा, गुरूग्राम-122001 (हरियाणा) से प्रकाशित एवं अमर भारती प्रेस (स्वामी-शैलेन्द्र कुमार जैन), मीडिया हाउस, 9-ई, विश्वनाथ कॉलोनी, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 24, गाजियाबाद (उ0 प्र0) से मुद्रित । RNI No:- HARHIN/2013/61478,
सम्पादकः- शैलेन्द्र कुमार जैन, सभी विवादों के न्यायक्षेत्र गुरूग्राम न्यायालय होंगे। सम्पर्कः- 9311222595, E-mail: editor@amarbharti.com, gurugram@amarbharti.com, www.amarbharti.com, (इसमें छपे लेख, लेखकों के निजी विचार हैं, सम्पादक का लेखकों के विचारों से सहमत होना अनिवार्य नहीं है।)